पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 21.04.2025 वर्ष 12, अंक 109 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

महत्त्व हमेशा खुद को ज्यादा देना क्योंकि अगर दूसरो को दोगे तो अपना आत्म सन्मान ही खो दोगे!

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस विधायक के पीएसओ ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**रायपुर :** छतीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के भाटापारा के कांग्रेस विधायक इंद्र साव की सुरक्षा में तैनात पीएसओ (पर्सनल सिक्योरिटी अफसर) ने रविवार दोपहर को अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही भाटापारा शहर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भाटापारा विधायक इंद्र साव के घर के सामने ही उनकी सुरक्षा में तैनात पीएसओ डिगेश्वर गागड़ा का सरकारी निवास है। आज दोपहर उसने छत पर चढ़कर अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।हादसे की सूचना भाटापारा शहर पुलिस को दी गई। फिलहाल आत्महत्या करने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

### प्रयागराज में युवक की पीटकर हत्या

**प्रयागराज :** माण्डा थाना क्षेत्र के मड़ार गांव में रविवार को एक व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या का आरोप मृतक की पत्नी व बेटे पर लगाया गया है। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी व बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त यमुनापार विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि माण्डा थाने की पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि मड़ार गांव निवासी सियाराम पटेल 40 वर्ष की मारपीट कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया है। मृतक के परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करके शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिली कि सियाराम पटेल 19 अप्रैल की रात नशे की हालत में घर पहुंचा था जहां उसकी पत्नी व बेटे से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान उसकी पत्नी व बेटे ने मारपीट करके सियाराम पटेल को घायल कर दिया था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम ने मृतक की पत्नी व बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### प्रधानमंत्री के जनसभा को लेकर पीएचईडी मंत्री ने अररिया में कार्यकताओं के साथ की बैठक

**फारबिसगंज :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 अप्रैल को मधुबनी जिला के विदेश्वर स्थान के समीप होने वाले जनसभा में अररिया जिला के कार्यकर्ताओं की ज्यादा संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपाध्यक्ष नूतन सिंह अररिया सर्किट हाउस में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया । इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी अररिया जिला के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा पूर्व के जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा आलोक कुमार भगत जिला के महामंत्री कृष्णा कुमार सेनानी आकाश राज जिला के मंत्री कनकलता झा सोशल मीडिया के जिला संयोजक सुजीत राज जिला के सह कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह हरेंद्र सिंह हरिपुर मंडल के अध्यक्ष विक्रम पासवान जदयू के प्रदेश महासचिव रमेश सिंह रोशन कुमार झा के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अर्जुन बबूता ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता

**लीमा :** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबूता ने आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। पेरू के लीमा में आयोजित प्रतियोगिता में शनिवार को हुए मैच में अर्जुन ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ को कड़ी टक्कर दी, लेकिन महज 0.1 अंक से स्वर्ण पदक से चूक गए। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी शूटर को स्वर्ण पदक मिला।अर्जुन बबूता ने कड़े फाइनल मुकाबले में 252.3 का स्कोर किया। चीनी शूटर शेंग लिहाओ ने 252.4 का स्कोर किया। अर्जुन को आखिरी शॉट पर जीत के लिए 10.7 की जरूरत थी, लेकिन उन्होंने 10.5 स्कोर किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

### भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण ऐरोबेटिक्स टीम ने दूसरे दिन भी किया एयर शो

# एयर शो ने रांची के लोगों का जीता दिल

## पायलटों ने किया अपनी कौशल का प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण ऐरोबेटिक्स टीम ने रविवार को रांची में दूसरे दिन भी अपने पराक्रम से लोगों का दिल जीत लिया. रांची के नामकुम स्थित आर्मी मैदान में एयर शो के दूसरे दिन आसमान में एक से बढ़कर एक करतब दिखाए. रविवार को सूर्य किरण टीम के सभी नौ फाइटर विमान एयर शो में शामिल हुए.शुक्रवार को रांची में ओलावृष्टि और पानी की वजह से तीन फाइटर प्लेन को कुछ नुकसान पहुंचा था. इस वजह से पहले दिन के एयर शो में सिर्फ 6 लड़ाकू विमान ही शामिल हो पाए थे. एयर शो के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया भारत है. नया भारत दुश्मनों से न डरता है और न झुकता है, बल्कि आंखों में आंख डाल कर बात करता है. रांची के सांसद और देश के रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि हम मजबूत हुए हैं और सैन्य समान के लिए हमारी दूसरे देशों पर निर्भरता कम हुई है .यह गर्व की बात है कि हम 70 प्रतिशत आत्मनिर्भर हो चुके हैं. यह पहले वाला भारत नहीं है.अब हम दुनिया के 90 से अधिक देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहे हैं.

एयर शो के दूसरे दिन सभी नौ लड़ाकू विमानों में बैठे दक्ष पायलटों ने अपनी कौशल का प्रदर्शन किया.आसमान में कभी दिल, कभी युवा भारत को समर्पित वाई की आकृति तो कभी एयर फोर्स को समर्पित ए की आकृति से लोग रोमांचित होते रहे तो आसमान में ही तिरंगा बनाकर भारतीय एयर फोर्स की सूर्य किरण टीम मानो दुश्मनों को सावधान कर रही हो कि हम भारतीयों से मत टकराना. आज के एयर शो में फाइटर विमानों के द्वारा आसमान में डीएनए की आकृति बनाई गई. जिसे देख लोगों ने दांतों तले अंगुलियां दबा ली.आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाने वाली टीम सूर्य किरण के पायलट गौरव पटेल, कुलदीप हुड्डा, अजय दशरथी, जशदीप सिंह, सिधेश कार्तिक, अंकित वशिष्ट, विष्णु, अर्जुन पटेल और दिवाकर शर्मा हैं . आईएएफ के ये दक्ष रणबांकुरे अपने फाइटर विमानों से करतब दिखाते समय न सिर्फ आसमान में तरह-तरह की आकृति बना देते हैं, बल्कि उड़ते हुए एक-दूसरे के बेहद करीब आ जाते हैं. पहले दिन की तरह आज दूसरे दिन भी एयर शो के दौरान जब कॉकपिट से पायलटों ने रांचीवसियों से बात की तो उनकी आवाज सुन पूरा आर्मी मैदान भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ तालियों की आवाज से गूंज उठा.



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची आनंदा सेन एवं झारखण्ड सरकार के वरीय अधिकारी, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची।उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल एवं सेना एवं जिला के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन की रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस भव्य कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिला प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था से दर्शकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस एयर शो ने रांची के लोगों के लिए एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया। विमानों की गर्जना और कलाबाजियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम रांची में आयोजित एयर शो सूर्यकिरण की टीम के अद्भुत प्रदर्शन और सभी लोगों की मेहनत के कारण यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के 16 सदस्य गिरफ्तार



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में पिछले 48 घंटों में कई प्रतिबंधित संगठनों के कुल 16 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, मणिपुर पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के नोंग्दम गांव के पास नेपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल थे। मणिपुर पुलिस ने रविवार दोपहर को बताया कि प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के सात उग्रवादियों को थौबल जिले के हीरोक पार्ट-3 में कमांडो टीमों और सीआरपीएफ इकाइयों की तरफ से आधी रात को चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

**एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कुछ स्थानीय लोगों ने पत्थर फेंककर कर्मियों को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए गैर-घातक साधनों का इस्तेमाल किया गया।**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कुछ स्थानीय लोगों ने पत्थर फेंककर कर्मियों को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए गैर-घातक साधनों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है।मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पुलिस और सुरक्षा बल पूरे मणिपुर में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

### भाजपा ने सांसदों की न्यायपालिका पर टिप्पणी से खुद को अलग किया




एजेंसी


**नई दिल्ली :** झारखंड के गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका अटॉर्नी जनरल को दी गई है. सुप्रीम कोर्ट के एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड ने अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखकर 'अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है. कानून के अनुसार, कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट एक्ट, 1971 की धारा 15(ब्) के तहत किसी व्यक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही तभी शुरू की जा सकती है जब अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल इसकी अनुमति देते हैं. गौरतलब है कि भाजपा ने शनिवार को अपने सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा उच्चतम न्यायालय और भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना पर की गई तीखी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया. पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इन टिप्पणियों को सांसदों के निजी विचार बताकर खारिज कर दिया. नड्डा ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा,भाजपा का उसके सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और प्रधान न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है. ये उनकी निजी टिप्पणियां हैं, लेकिन भाजपा न तो उनसे सहमत है और न

### एसएससी ने आधार-आधारित बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन किया लागू

**नई दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग की तरह अब एसएससी ने भी अपनी विभिन्न परीक्षाओं में धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. इसके लिए कर्मचारी चयन आयोग भी यूपीएससी के नक्शे कदम पर चलते हुए आगामी सभी भर्ती परीक्षाओं में आधार-आधारित बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू करेगा. यह पहल अगले महीने से शुरू होने वाली परीक्षाओं में लागू होगी, जिससे उम्मीदवारों के लिए पहचान सत्यापन प्रक्रिया में आसानी होगी.आधिकारिक नोटिस के अनुसार आधार ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन फॉर्म भरते समय और परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के दौरान किया जाएगा. आयोग ने इसे स्वैच्छिक रखा है, जिससे उम्मीदवार अपनी पहचान को प्रमाणित कर सकेंगे.आधार एक 12 अंकों की विशिष्ट संख्या है, जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी की जाती है और यह बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय जानकारी पर आधारित होती है.




# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी का मर्डर



एजेंसी

**बेंगलुरु :** इस वक्त की बड़ी खबर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से सामने आ रही है। यहां बेंगलुरु में कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या कर दी गई है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि उनकी पत्नी ने ही चाकू घोंपकर उनकी हत्या की है। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। बता दें कि बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर में उनका शव बरामद हुआ है। घटना के समय घर में उनकी पत्नी और बेटी ही मौजूद थीं, जो कि घर के लिविंग रूम में थीं। पत्नी ने ही कॉल करके पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। दरअसल, कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या का मामला सामने आया है। उनका शव बेंगलुरु स्थिति उनके आवास में खून से लतपथ हालत में मिला है। पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में परिवार के साथ रह रहे थे। रविवार की दोपहर का उनका शव उनके आवास में मिला है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच करने पर पता चला कि उनकी हत्या की गई है।पुलिस को संदेह है कि पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या उनकी पत्नी ने की है, क्योंकि उनकी पत्नी और बेटी घर के लिविंग रूम में थीं।


असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# मनरेगा का हाल बेहाल, काम देने में रुचि नही दिखा रहे है पदाधिकारी

## रोजगार देने और पलायन रोकने में मनरेगा योजना पूरी तरह फेल

**श्रवण पासवान@प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी प्रखंड में मनरेगा का हाल बेहाल है। यहां पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण मनरेगा कानून मजदूरों को रोजगार देने एवं पलायन रोकने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। यह हम नहीं प्रखंड के आंकड़े बोल रहे हैं। प्रखंड में कुल 30851 मजदूर पंजीकृत है। जब कि मात्र 702 मजदूरों को कम उपलब्ध कराया गया है।यह आंकड़ा 30851 मजदूरों की अपेक्षा मात्र 2.275 प्रतिशत ही है।जिससे यह साफ पता लगता है कि बीडीओ और बीपीओ मजदूरों को काम देने के प्रति कितने संवेदनशील है।यह आंकड़ा पदाधिकारियों के लापरवाही को दर्शाता है। प्रखंड में फिलहाल मात्र 250 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जो योजनाएं संचालित हो रही हैं उनमें सबसे अधिक अबुआ आवास, पीएम आवास एवं नाम



मात्र की आम बागवानी एवं कुआं शामिल है।उपरोक्त योजनाओं में मात्र 702 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिन मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है उसमें अधिकांश आवास के पति-पत्नी मजदूर हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर ऊंटारी प्रखंड में मनरेगा से संबंधित वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की कुल 250 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जबकि प्रखंड में कुल 30 हजार 851 मजदूर निबंधित हैं।प्रखंड में पंचायतवार मनरेगा कार्यो का आंकड़ा बताता है कि प्रखंड के 12 पंचायतों यथा भोजपुर में कुल 32 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जिसमें 58 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि पंचायत में कुल 2224 मजदूर निबंधित है। जिसमे 12%मजदूर इंगेज है। इसी तरह कधवन पंचायत में कुल 4 योजनाएं संचालित है। जिसमें 16 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 1961 मजदूर निबंधित हैं। मजदूरों का आंकड़ा एक %से भी कम 0.81 प्रतिशत है। कोलझिकी पंचायत में 9 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जिसमें 15 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 1773 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा भी एक%से नीचे 0.84 प्रतिशत होता है। चितविश्राम में कुल 15 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 23 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 3349 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा भी एक%से नीचे 0.68 प्रतिशत होता है।नरही पंचायत में 32 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 104 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2897 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा भी 3.58%होता है। कुशडंड में 28 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 59 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 3089 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा 1.9%होता है।गरबांध में 8 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 27 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2296 निबंधित हैं। यह आंकड़ा 1.9 प्रतिशत होता है।हलिवंता में 15 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 214 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2479 मजदूर निबंधित है।यह आंकड़ा 12 प्रतिशत होता है। बिलासपुर में 20 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 37 मजदूरों काम दिया गया है। जबकि 2217 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा 1.7 प्रतिशत होता है। हुलहुला में 32 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 89 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2930 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा 3.03%होता है। पिपरडीह में 42 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 91 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2710 मजदूर निबंधित हैं। यह आंकड़ा 3.35%होता है। कुंबाखुर्द पंचायत में 16 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 69 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2996 मजदूर निबंधित है। यह आंकड़ा 2.3 प्रतिशत होता है।कुल 12 प्रखंडों में एक पंचायत हलिवंता जिसका मजदुरो का आंकड़ा 12% है को छोड़ कर किसी भी पंचायत ने 5%का आंकड़ा भी पर नही किया।यही कारण है कि मजदूर रोजगार के लिये पलायन करने को विवश हैं।

**दो माह से लंबित है मजदूरी भुगतान**

प्रखंड में पिछले दो माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है। बकाया मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर बकाया मजदूरी भुगतान के लिये पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय तक चक्कर काटने को विवश हैं।

## गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंचा विश्रामपुर, पंचमुखी मंदिर के पास हुआ कई धार्मिक अनुष्ठान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय मे अखिल विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ यात्रा का आगमन हुआ. जहां विशेष आरती के बाद धार्मिक अनुष्ठान सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान गायत्री परिवार के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक पुस्तक का भी वितरण किया गया.गायत्री परिवार के योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में परम वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के शुभ अवसर पर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में ज्योति कलश रथ यात्रा का आगमन हुआ है. धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजद के प्रादेशिक नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, मंदिर के पुजारी अच्युतानंद पांडेय, राजन पांडेय, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक अम्बिका सिंह, अशोक महाराज, शिव कुमार, राज कुमार, संजय ठाकुर, विकाश गुप्ता मोनू, अमित सोनी, अनुज कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा केशरी, मुकेश चौधरी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये।

## विधायक ने क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर अधिकारियो के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमण्डल कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व एसडीएम गौरांग महतो ने अधिक्षण अभियंता विधुत विभाग पलामू, संतोष कुमार, सहायक विधुत अभियंता छतरपुर गुणवंत कुमार, सहायक विधुत अभियंता हुसैनाबाद रामप्रसाद महतो के साथ बैठक किया। जिसमें क्षेत्र में बिजली वितरण से लेकर विधुतीकरण योजना के कार्यो की समीक्षा किया गया। जिसमे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जर्जर हालत में तार व पोल को बदलने, लोड सीडिंग की बंटवारा, जर्जर ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदले, विधुतीकरण योजना द्वारा चल रही कार्यो की प्रगति रिपोर्ट आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।इस दौरान विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देश दिया कि काम मे तेजी लाइये टारगेट बनाकर काम कीजिये, खेती किसानी से पूर्व किसी भी हाल में ग्रामीण क्षेत्रों में काम दुरस्त चाहिए, एवं शहरी क्षेत्रों में दुर्घनाग्रस्त जर्जर तार पॉल को जल्द बदलवाईये ताकि शहर में कोई दुर्घटना ना हो उन्होंने कहा कि केवल छापामारी कर जनता को परेशान ना करे। उपभोक्ताओं को सुविधा पूर्वक बिजली मुहैया कराना आपका मुख्य उद्देश्य हो। वहीं विभाग के एसी संतोष कुमार ने काम कर रहे संवेदक को ससमय कार्य को पूरा करने साथ ही स्थानीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण कर जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने सहायक विधुत अभियंता को कार्य मे लापरवाही नही करने की चेतावनी दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मुझे शिकायत ना मिले नही तो कार्रवाई निश्चित होगा। एसडीएम गौरांग महतो ने अधिकारियों को कहा आप लोग काम कीजिये किसी भी परेशानी के लिए सीधा मुझे सूचना दे।मौके पर राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खा, शिक्षक नंदा प्रसाद यादव, विधुत एनसीसी एस महापात्रा, संवेदक अजित कुमार सिंह, जितेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## किसान के बेटे ने जेईई मेंस में सफलता पाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जेईई मेंस का परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित कर दिया गया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव के छात्र रूपक कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 99 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। रूपक ने 99.080 परसेंटाइल हासिल किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेन 2025 के दूसरे चरण का परिणाम शुक्रवार देर रात जारी कर दिया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि गांव निवासी किसान सुरेंद्र मेहता व गृहणी निर्मला देवी के बेटे रूपक कुमार ने 99.080 परसेंटाइल पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रूपक की प्रारंभिक शिक्षा बुन पब्लिक स्कूल जपला से हुई जबकि वर्तमान में शहीद भगत सिंह इंटरमीडिएट महाविद्यालय के छात्र हैं।रूपक ने




बताया कि रोजाना 10-12 घंटे की पढ़ाई करता हूं। उन्होंने बताया कि उनका आगे का लक्ष्य आइआइटी मुंबई से बीटेक करना है।उनकी इस सफलता पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम नाथ सिंह, बुन स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह, बीरेंद्र कुमार, अक्षय कुमार मेहता, दीपक मेहता, रंजन कुमार रवि, ललन प्रसाद मेहता, रबिन्द्र कुमार मेहता आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सैयद शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय सैयद शाह रामातुल्लाह अल्लाह का सालाना उर्स धूम धाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मुखिया समेत हजारों लोगों ने चादरपोशी की व फातेहा दिया। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने देश राज्य व जिले में अमन चैन शांति व तरक्की की दुआ की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गो की दरगाहों पर आने से शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में और बेहतर ढंग से उर्स मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर जलसा का आयोजन सैयद शाह रामातुल्लाह अलैह की मजार कमेटी ने किया। कार्यक्रम में कई उलेमा व इस्लामी शोअरा शामिल हुए। इस मौके पर मौलाना अहमद अली खान रजवी ने कहा कि बुजुर्गो की मजारों पर सालाना उर्स उनके किरदारों और इस्लाम को जानने का एक जरिया भी है। उन्होंने लोगों से इस्लाम की



बुनियादी चीजों को काफी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस्लाम की पांच फ़रयाज तौहीद नमाज रोजा हज जकात के अलावा पड़ोसियों रिश्तेदारों से अच्छा सुलूक करना, जरूरतमंद और लाचारों की मदद करना और इल्म हासिल करना भी है। इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद स ने यहां तक कहा है कि इल्म हासिल करने चीन भी जाना पड़े तो जरूर जाओ। इस्लाम में इल्म हासिल करने पर जोर दिया गया है। शायर ए इस्लाम कारी सिबतैन रजा अजिमाबादी ने एक से बढ़कर एक नतीजा कलाम पेश कर लोगों को इश्क ए रसूल में झूमने पर मजबूर कर दिया। शायर ए अहले सुन्नत अरशद रजा बनारसी ने अपने अनोखे अंदाज में उर्दू और भोजपुरी में एक से बढ़कर एक नातिया कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। मौके पर मौलाना फहीम रजा नूरी, कारी अबुल कलाम साहब, शम्स तबरेज मोअज़्ज़ीन साहब के अलावा मजार कमेटी के सदर अशरफ अली, सज्जू खान, डॉ अमीनुल हक अंसारी, अशरफ हसन, फैयाज खान, खुशतर राजा, जमील खान के अलावा कई शामिल थे।

# कॉफ़ी विद एसडीएमः इस सप्ताह पंचायत प्रतिनिधियों को कॉफी पर किया गया आमंत्रित

## जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, बीडीसी सदस्य होंगे एसडीएम के मेहमान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में अनुमंडल क्षेत्र के पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस बुधवार अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया है। संजय कुमार ने कहा कि 24 अप्रैल को पूरे देश भर में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस मनाया जाता है, जो कि इसी सप्ताह पड़ रहा है। इसलिए इस सप्ताह के कॉफी विद एसडीएम में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों व सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जिला परिषद सदस्य, प्रखंडों के प्रमुख,उप प्रमुख, बीडीसी सदस्य, मुखिया आदि में से जो जन प्रतिनिधि इच्छुक होंगे वे इस संवाद कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा क्षेत्र की समृद्धि के लिये




समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चूंकि पंचायती राज संस्थाएं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से सीधे तौर से जुड़ी हुयीं हैं, इसलिए जिले के विकास में उनका अतिमहत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद में त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी उन समस्याओं को सुना जाएगा जो अनुमंडल प्रशासन के स्तर से हल किये जा सकते हों, साथ ही उनके सकारात्मक सुझावों को भी सुना जाएगा। इसलिए उन्होंने संबंधित पंचायत राज प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समय निकाल कर बुधवार 23 अप्रैल को 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर पधारें। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की पूर्व संध्या भी है, इसलिए गढ़वा में पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त कैसे बनाया जाए, कॉफी संवाद कार्यक्रम के दौरान इस पर भी एक स्वस्थ परिचर्चा होगी।

## सखी वन स्टॉप सेंटर बना यातना गृह : अध्यक्ष मानवाधिकार परिषद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मानवाधिकार परिषद की पलामू जिला अध्यक्ष संध्या देवी ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर डाल्टनगंज में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रशासन के लापरवाह रवैय पर सवाल खड़ा किया है।इन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सोच समझकर सखी वन स्टॉप सेंटर का व्यवस्था किया था कि लाचार और असहाय महिलाओं को पूरी सुविधा और रहने खाने पीने की व्यवस्था रहेगी। पूरी सुरक्षा से अपना जीवन यापन जी पाएंगे, लेकिन हो रहा है इसका उल्टा। रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।अध्यक्ष संध्या देवी ने जानकारी दी कि सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्रीय प्रशासक श्वेता कुमारी बहुउद्देशीय सहायक मायावती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। माया देवी ने मानवाधिकार की टीम को बताया कि केंद्र में कई प्रकार का अनैतिक कार्य होता है जिसका मैं विरोध करती हूं। इसी कारण मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। टीम के सदस्यों ने प्रेस को बताया कि जांच




के दौरान कि वहां के मेडिकल स्टाफ विकास द्वारा एक पीड़िता के साथ शारीरिक शोषण किया जा रहा है। जिसकी जानकारी केंद्रीय प्रशासक को होने के बावजूद भी उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण उसका हौसला बढ़ता चला जा रहा है। सुरक्षा के नाम पर एक महिला आरक्षी नियुक्त है।इस मौके पर पलामू बीस सूत्री की उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर बाल सुधार गृह आदि का स्थापना सरकार ने जिस उद्देश्य से किया था। वह पूरा नहीं हो पा रहा है।ज्ञात हुआ की सखी वन स्टॉप सेंटर का जनवरी माह से लेकर अभी तक किराया बाकी है जिस कारण मकान मालिक द्वारा बिजली पानी का आपूर्ति रोक दी जाती है। बिजली पानी नहीं रहने के कारण उक्त केंद्र यातना केंद्र बनकर रह गया है बाल सुधार गृह से कुछ दिन पहले ही दो भाई कुछ दिनों के अंतराल के भाग गए हैं।जो अभी तक पकड़ में नहीं आए हैं। प्रशासन को समय-समय पर इसकी जांच कर अव्यवस्था को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। सरकारी राशि का समुचित सदुपयोग होना चाहिए। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई अनहोनी घटना घट सकती है। जिससे सरकार की छवि धूमिल होगी। प्रेस वार्ता में मानवाधिकार परिषद की महिला विंग की अध्यक्ष मंजू कुमारी, महासचिव अंकित कश्यप, लीगल कोऑर्डिनेटर अधिवक्ता रविशंकर शुक्ल, पूर्व पुलिस पदाधिकारी सह सदस्य महेंद्र नाथ शर्मा,. ए सदस्य अस्तुरा देवी किशोर सिंह उपस्थित थे।

# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने प्रेरक शैक्षिक संगोष्ठी का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा ग्राम के ग्रामीणों के बीच शिक्षा के दिव्य प्रकाश का संचार करने के लिये बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने प्रेरक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि जहाँ अंग्रेज़ी ज्ञान विश्व का द्वार खोलती है, वहीं हिन्दी और संस्कृत का प्रकाश हमें हमारी जड़ों से अविचल रूप से जोड़ता है।इस संतुलित दृष्टिकोण ने विद्यालय की समग्र शिक्षा की प्रतिबद्धता को उजागर किया। सुबह की गरिमामयी प्रार्थना, जिसमें वैदिक मंत्रों की संगीतमय धारा बही, ने उपस्थित जन के मन को एक अलौकिक शांति से भर देता है। शाला के मार्गदर्शक बिरेन्द्र सिंह, निदेशक मनीष कुमार सिंह, मैनेजर युवराज सिंह, प्राचार्य रविश प्रजापति ने बड़े सम्मान के साथ सगमा में निवासरत शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान करने वाले पाँच सेवानिवृत्त शिक्षकों को शोभायमान शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किये। जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमे रामाधार दुबे, हीरालाल यादव, अशोक साह, दिलीप कुमार यादव तथा विक्रम पासवान के नाम शामिल है। मौके पर शिक्षिका भावना ओझा, गार्गी जायसवाल, राजकुमार, नामांकन दल से पीयूष व उज्ज्वल शामिल थे।

# शहर थाना परिसर में लगी आग कई गाड़ियां चलकर खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में आज रविवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गयी. इस भयावह आग की चपेट में आने से परिसर में हनुमान मंदिर के पास रखी लाखों की गाड़ियां जलकर खाक हो गयी।जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां से कुछ दूरी पर पुलिस कर्मियों का क्वार्टर, महिला थाना और टीओपी 1 है. घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया. आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।पुलिस कर्मियों के अनुसार, रविवार की दोपहर टाउन थाना परिसर में झाड़ियों में आग लग गई थी. धीरे-धीरे यह आग झाड़ियों से मालखाना के वाहनों तक पहुंच गई. आगजनी की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत



दमकल विभाग को सूचना दी गई. इस टाउन थाना के मालखाना से संबंधित कई बाइक और चार पहिया वाहन जल गए. मेदिनीनगर टाउन थाना के प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि आगजनी की घटना हुई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, आग लगने के बाद पुलिस के जवानों ने भी अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की. पुलिस के जवानों ने आग को फैलने से रोका और फायर ब्रिगेड के आने तक उसे बुझाने की कोशिश की. फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है. आगजनी की घटना में कितनी गाड़ियां जली हैं इसका आकलन किया जा रहा है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जिहादी बोलने पर सीपी सिंह के खिलाफ बरियातू थाना में किया गया शिकायत

**रांची।** पूर्व वार्ड पार्षद रहे जावेद अख्तर ने रांची विधायक सीपी सिंह के खिलाफ बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। शिकायत आवेदन में लिखा है कि विधायक सीपी सिंह पर हाल ही में दिए गए बयान को ध्यान पर रखते उन पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया गया है। जावेद अख्तर ने बताया कि एक मीडिया चैनल को इंटरव्यू देने के दौरान सीपी सिंह ने मुसलमानों को जिहादी बताया था। इसके साथ ही सीपी सिंह मुस्लिम समुदाय को लेकर विषेष टिप्पणी करते रहेत है। जिससे समान में नफरत फैलता है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि सीपी सिंह अपनी राजनीतिक विकास के लिए समाज में शांति को भंग करने और हिंसा फैलाने की कोशिश करते रहते है। बता दें कि हाल ही मंत्री हफीजुल हसन के बयान के बाद रांची विधायक सीपी सिंह के बयान ने राज्य की राजनीति में बवाल मचा दिया था। हफीजुल हसन के बयान के बाद विधायक सीपी सिंह ने मीडिया चैनल को इंटव्यू देने के दौरान उन्होंने कहा कि जिहादी है।

### मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को ईस्टर की दी शुभकामानाएं

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को ईस्टर की शुभकामानाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रविवार को पोस्ट कर सभी की हैप्पी ईस्टर कहकर बधाई दी है। ईसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व ईस्टर रविवार को मनाया जा रहा है। इसी दिन प्रभु यीशु का पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर सुबह से ही राजधानी रांची के अलग-अलग कब्रिस्तान जाकर लोग पूर्वजों की कब्र पर मोमबत्ती और फूल-माला चढ़ाकर याद कर रहे हैं।

# एयर शो का भव्य तरीके से किया गया समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम रांची में आयोजित एयर शो का भव्य तरीके से समापन किया गया। भारी संख्या में दर्शकों ने इस एयर शो को देखा। भारी भीड़ और उससे भी भारी उनका उत्साह चरम पर था। जब विमान की गर्जना आकाश में सुनाई दी दर्शकों ने भारत माता के जयकारों से फिजा को जयकारों से भर दिया। इस एयर शो में भारतीय वायुसेना की टीम सूर्यकिरण ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एयर शो सूर्यकिरण की टीम ने अपने विमानों से एक से एक हैरतअंगेज कलाबाजियों से सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया विमानों की अद्भुत कलाबाजियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।सूर्यकिरण की टीम ने अपने अद्वितीय प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।इस भव्य कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिला प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था से दर्शकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस एयर शो ने रांची के लोगों के लिए एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया। विमानों की गर्जना और कलाबाजियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम रांची में आयोजित (एयर शो) सूर्यकिरण की टीम के अद्भुत प्रदर्शन और सभी लोगों की मेहनत के कारण यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची, आनंदा सेन एवं झारखण्ड सरकार के वरीय अधिकारी, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, सुमित कुमार अग्रवाल एवं सेना एवं जिला के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


# सफल एयर शो के लिए जनता का आभार : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची में दो दिवसीय एयर शो का समापन हुआ। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयर शो में आए लोगों का अभिवादन किया। उनसे मिले और उनका उत्साह नारो के साथ उत्साह वर्धन किया । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा आज से यह एक नया शुभारंभ है। क्षेत्र के युवाओं के लिए कि वह भी भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकें। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत राष्ट्र रक्षा के साथ नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, समर्पण और वीरता से लबरेज रहें। यह रांचीवासियों सहित पूरे झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। यह पहली बार हुआ जब वायुसेना के जाबाजों ने युद्ध के मैदान में नहीं, रांची के आसमान में अपने शौर्य, अनुशासन और पराक्रम का परिचय दिया। क्षेत्र की जनता की तरफ से वायुसेना परिवार का अभिनंदन और साधुवाद।– हमारे जाबांज जब आसमान मापते हैं, तो बादल भी रास्ता छोड़ देते हैं।सूर्य किरण एरोबिक टीम ने आसमान में जो छाप छोड़ी, वह हमेशा के लिए रांचीवासियों के दिल में अंकित हो गई। भारतीय वायु सेना के द्वारा किया गया यह शो अविस्मरणीय बन गया। यह झारखंड का ऐतिहासिक शो रहा। सूर्यकिरण के जाबांज जब आसमान में कलाबाजियां दिखा रहे थे तो नीचे बैठा जनसमूह सांसे रोके, मंत्रमुग्ध हो एकटक देखता ही रहा। यह कार्यक्रम सेना की कलाबाजी नहीं था बल्कि पराक्रम, शौर्य, तकनीक, आपसी समन्वय, आत्मविश्वास का सम्मिश्रण था; केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस सफल आयोजन मैं सहयोग देने के लिए रांची उपाय रांची जिला पुलिस बल सहित रांची की तमाम जनता को धन्यवाद दिया।

## एक रुपये तक महंगी हो जायेगी बिजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पिछले बार तो बिजली दर नहीं बढ़ने पर राहत थी लेकिन इस बार बिजली उपभोक्ताओं को झटका लगने वाला है। सूचना है कि झारखंड में नए बिजली टैरिफ की घोषणा 30 अप्रैल तक कर दी जायेगी। एक मई से बिजली की दर एक रुपये प्रति यूनिट बढ़ जाएगी। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। जेबीवीएनएल भी नये टैरिफ का इंतजार कर रहा है। बीते वर्ष टैरिफ में बढ़ोतरी नहीं हो सकी थी। जेबीवीएनएल ने झारखंड कद्य घरेलू उपभोक्ता की बिजली दर में प्रति यूनिट दो रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। वर्तमान में शहरी क्षेत्र कद्य घरेलू उपभोक्ता की बिजली दर 6.65 रुपये प्रति यूनिट है, जिसे 8.65 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं फिक्सड चार्ज भी 100 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 200 रुपये प्रतिमाह करने का प्रस्ताव दिया गया था। जेबीवीएनएल कद्य टैरिफ प्रस्ताव पर आयोग द्वारा जनसुनवाई की प्रक्रिया मार्च माह में पूरी कर ली गयी है। अब टैरफ को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## भगवान महावीर हॉस्पिटल संस्थान इकाई ने श्री दिगम्बर जैन का किया दर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भगवान महावीर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर संस्थान राँची की नवक्रयित बिल्डिंग पर शनिवार सुबह श्री दिगम्बर जैन धर्मावलंबी दृढ़मति माता जी का सासंग के चरण पड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।उनके चरण स्पर्श इकाई की शुद्धिकरण का सबसे उत्तीर्ण माध्यम माना जाता है ।मौके पर अध्यक्ष संतोष जैन, पंकज सेठी, किरण जैन, शकुंतला सेठी, सरिता सेठी, रोहित जैन, अमित जैन, शिल्पा जैन, संजीव गंगवाल, दिनेश सिंह एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे । जैन धर्म में माता जी एवं मुनि महाराज गण के आशीर्वाद प्राप्ति पश्चात किसी भी शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाता है ।भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची की बिल्डिंग एवं ज़मीन का स्वामित्व रखने वाले भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रीसर्च सेंटर संस्थान द्वारा रातू रोड राँची में एक नई इकाई का क्रय किया गया है जिसमे संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए स्टेट ऑफ़ आर्ट डायलिसिस सेंटर खोलने का लक्ष्य है। भगवान महावीर आई हॉस्पिटल में इस साल की पहली तीमाही में पौने तीन सौ लोगों की निशुल्क मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र चिकित्सा की गयी है। संस्था के वर्तमान अध्यक्ष संतोष जैन पाटनी, सचिव पंकज सेठी, उपाध्यक्ष गोविंद राम सरावगी एवं कमल विनायकिया, सहसचिव रोहित जैन एवं अमित जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष पूरणमल जैन हैं। पूर्व सचिव पदमचंद जैन हैं। डॉक्टर वीके जैन हॉस्पिटल कोऑर्डिनेशन कमिटी के अध्यक्ष हैं।यह जानकारी पब्लिक रीलेशन के पौरुष जैन ने दी।

## नि शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची एवं संत कैमिलस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चिरौंदी बस्ती सरकारी कुआं के पास किया गया।

इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 105 लोगों का निःशुल्क नेत्र रोग जांच,एवं हियरिंग (कान)जांच,हड्डी एवं नस रोग जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी,का सहयोग रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल के डॉश नौशाद,रंजन प्रताप सिंह, मोश्आशिफ अंसारी,बरियातू स्थित हियर जैप क्लिनिक के अमलेश कुमार, सुशांत शेखर,बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर,एवं संत कैमिलस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ सुशील लकड़ा,डॉ रोहित, राकेश कुमार,रमेश कुमार,विजेंद्र कुमार, मो सैफ,रोशनी लकड़ा,सोनम खाका,अफसरी परवीन,अबू तालिब अंसारी,जुनैद अख्तर, इत्यादि का सहयोग रहा।

## झारखंड में तापमान बढ़ते ही बड़ी परेशानी, बिजली की भी आंखमिचौली जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में रविवार को प्रचंड गर्मी महसूस की गई। बड़े तापमान के चलते लोग ठंडा पेय पीने और पेढ़ों की छांव ढूंढने समेत अन्य उपाय करते देखे गए। दोपहर में अधिक तपिश महसूस की गई। वहीं मौसम विभाग के 22 अप्रैल तक झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा सहित अन्य इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30-40 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया। वहीं रांची धुर्वा सहित अन्य इलाकों में सुबह से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही। बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली समस्या को लेकर लोग बिजली विभाग में भी सम्पर्क भी करते देखे गए। हालांकि दोपहर के बाद बिजली की आपूर्ति सामान्य हो गई। रांची में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री, जमशेदपुर में 35.8, डालटेनगंज में 38.4 और बोकारो में तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज रांची के यश कुमार ने जेईई मेन्स में 76 वां रैंक हासिल किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की। संस्थान की अटूट शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हुए रांची के एक छात्र ने ऑल इंडिया टॉप 100 रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। यश कुमार (एआईआर 76) ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। अन्य छात्रों ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की, जिनमें प्रेयश प्रत्युष, अरमान अहमद, रणक, और जयंती कुमार शामिल हैं।इन परिणामों से साबित होता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की जा सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल के दूसरे और अंतिम जेईई सत्र का समापन हुआ। जेईई मेन्स भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं। ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें।छात्रों को बधाई देते हुए अजय बहादुर सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा, हम अपने छात्रों की मेहनत और सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सही कोचिंग और संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सभी सफल छात्रों को बधाई और हम उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।जेईई मेन्स दो सत्रों में आयोजित की जाती है। ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के अधिक मौके मिल सकें। जेईई एडवांस उन छात्रों के लिए प्रवेश का द्वार खोलता है जो प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में जाना चाहते हैं। जबकि जेईई मेन्स के जरिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का रास्ता बनता है। बता दें कि आकाश न केवल इंजीनियरिंग बल्कि मेडिकल, एनटीएसई, ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं की भी बढ़िया तैयारी करवाता है। संस्थान छात्रों को उनकी पूरी क्षमता पहचानने और अपनी अकादमिक सफलता को हासिल करने के लिए बेहतरीन टेस्ट प्रिपरेशन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुप्रीम कोर्ट पर हमला, लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है, निशिकांत दुबे को तत्काल बर्खास्त किया जाये : इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** जामताड़ा में आयोजित एक ज़ोरदार प्रेस वार्ता में झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. इरफान अंसारी ने गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला। डॉ. अंसारी ने इसे भारतीय लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर सीधा हमला करार दिया। डॉ. अंसारी ने कहा की निशिकांत दुबे का बयान न केवल सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने वाला है। भाजपा अब न्यायपालिका को भी अपनी कठपुतली बनाना चाहती है। यह बेहद खतरनाक संकेत है।मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से मांग की कि निशिकांत दुबे को तत्काल संसद सदस्य पद से बर्खास्त किया जाए और उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

# झारखंड सरकार के निःशुल्क संचालित आकांक्षा स्कूल के 46 छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय आकांक्षा के 46 छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन परीक्षा 2025 में सफल स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा निःशुल्क संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम, जिला स्कूल कैंपस, राँची में अध्ययनरत् 46 छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन परीक्षा 2025 में सफलता पाते हुए जेईई एडवांस की परीक्षा हेतु सफलता प्राप्त की है, जिससे अधिकारियों एवं शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल है।स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा आकांक्षा योजना की शुरुआत वर्ष 2016-17 से की गई थी। इस योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले गरीब एवं मेधावी बच्चों को क्लैट, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के साथ इंटर विज्ञान की पढ़ाई निःशुल्क कराई जा रही है। आकांक्षा योजना में जैक बोर्ड से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का वयन पहले घरण की चयन परीक्षा जैक बोर्ड के माध्यम से तथा द्वितीय चरण की चयन परीक्षा आकांक्षा कार्यक्रम के टीम के द्वारा आयोजित किया जाता है। आकांक्षा कार्यक्रम में कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ छात्र-छात्राओं को जेईई, नीट एवं क्लैट की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। प्राइवेट ट्यूशन क्लासेस में इली सफलता को प्राप्त करने के लिए बच्चों को लाखों खर्च करने पड़ते है जबकि आकांक्षा योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को रहने, खाने एवं पढ़ाई की निःशुल्क व्यवस्था सरकार के द्वारा दी जा रही है। विनय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची सह नोडल पदाधिकारी, राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम, वी. के. सिंह, समन्वयक राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम एवं सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**ये है सफल छात्र छात्राएं :** सचिन कुमार, खुशबू कुमारी, अमन राज, सुबल कुमार नंदी, संजीव राज , राजश्री, सुदीप कु. महतो, सत्यम कु. गुप्ता, कलरुन नदा, सतीश कु. यादव, कृष्ण कुमार , बिशु हेम्ब्रम, गोंडो हेम्ब्रम, युवराज सिंह, रचिता कच्छप, बाबूलाल हांसदा, अमूल्य रतन टुडू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

AFFIDAVIT



I, NEEL KAMAL PASWAN, S/O Ram Kheyal Paswan R/O New ST Patel Field, Dhurwa, P.O-Dhurwa, P.S-Dhurwa, District-Ranchi (Jharkhand) -834004, do hereby solemnly affirm and declare as follows! -1. That I am an Indian National by birth.2. That I am residing on the above mentioned address.3. That my daughter's correct and actual name isNAVYA AVANTIKA, In her birth Certificate.4. That mydaughter's name mentioned ih her Aadhaar Card isKAVYA AVANTIKA which is wrong being Aadhaar no-2117-9196- 6301.5. That I hence this affidavit for the purpose of correction of my daughter's name in her Aadhaar CardKAVYA AVANTIKA to NAVYA AVANTIKA •6. That the above Statements are true and correct •Sworn and Signed at Ranchi onn 26/12/2024The deponent who has been identifiedDeponentIdentified by meAdvocate
series no. 23-24/Q110463

## प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को : कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बेलगामी अधिवेशन और कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर लिया गया है। केशव कांग्रेस भवन में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिए गए बयान की पार्टी निंदा करती है। विधायक ने कहा कि उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने- धमकाने वाला है। न्यायालय की स्वतंत्रता को छिनने वाला है। उनका बयान दर्शाता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। पार्टी का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद की ओर से इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है। यह बयान देश में विद्वेष को फैलाने वाला है। संवाददाता सम्मेलन में विधायक सुरेश बैठा,अनादि ब्रह्म,राकेश सिन्हा,सतीश पाल मुजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह राजन वर्मा भी उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगे रोक : अजय राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के निजी स्कूलों द्वारा चालू शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गई फीस वृद्धि, एनुअल चार्ज, री-एडमिशन फीस एवं विभिन्न शुल्कों की वसूली को गैरकानूनी करार देते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही अभिभावकों की शिकायतें इस बात का प्रमाण हैं कि स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस के अतिरिक्त विभिन्न मदों में अवैध रूप से शुल्क वसूल कर छात्रों व उनके अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 का उल्लंघन है, जिसके अंतर्गत बिना सक्षम प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के कोई भी फीस वृद्धि अवैध मानी जाती है।राय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधानसभा में चर्चा के बावजूद आज तक किसी भी जिले में उपायुक्तों द्वारा इस विषय पर कोई ठोस बैठक नहीं की गई, जो राज्य सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

## भाजपा का आक्रोश मार्च आज

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडी गठबंधन के मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा बाबा साहेब के संविधान के अपमान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आक्रोश मार्च का आयोजन सोमवार को किया जायेगा। इसकी जानकारी भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा आक्रोश मार्च सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे समाहरणालय के पास से निकाला जायेगा।

## भारती हॉस्पिटल में हुआ अग्निशामक का प्रशिक्षण

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्निशामक सप्ताह दिवस 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को भारती अस्पताल में फायर स्टेशन दुमका के द्वारा प्रधान अग्नि चालक राजकुमार पांडे और अग्नि चालक ओमप्रकाश पासवान के द्वारा भारती हॉस्पिटल की सभी सदस्यों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में बृहत अग्निशमन प्रशिक्षण दिया गया। जिसका डेमोंसट्रेशन भी करके दिखाया गया। सभी स्टाफ को आग बुझाने की जानकारी दी गई द्य इस तरह से प्रशिक्षण प्रत्येक वर्ष होना चाहिए।

## जिला कांग्रेस कमिटी दुमका की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमिटी दुमका की बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी बृजनंदन सिंह उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पार्टी की गतिविधियों को मजबूत करना और संगठन को और अधिक प्रभावी बनाना था। जिला प्रभारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई और पार्टी कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के टोंगरा थाना अंतर्गत दुधानी चौक के समीप रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सुबह करीब 11 बजे की है ,जब अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को मसलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। वहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. उज्ज्वल कुमार पंडित ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत को गंभीर बताते हुए उसे दुमका सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## केरल में क्रेन से दबकर जरमुंडी के मजदूर की मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहारा से मजदूरी करने केरल गए एक प्रवासी मजदूर की मौत क्रेन में दबकर हो गई। मृत मजदूर सहारा गांव के सदानंद मंडल बताया जाता है। मृतक मजदूर केरल में मजदूरी करता था। मजदूरी करने के दौरान उसकी क्रेन में दब जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सदानंद मंडल अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। सदानंद मौत हो जाने से उसके परिवार के सामने विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई। सदानंद के आसमयिक मृत्यु से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मूल्यांकन केंद्र में उत्तरपुस्तिका जलाने के मामले में असमाजिक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम कृष्ण आश्रम प्लस टू उच्च विद्यालय में रखी मैट्रिक परीक्षा की करीब ८०० उत्तरपुस्तिका जला देने के मामले में प्रभारी प्राचार्या प्रियंका कुमारी के बयान पर अज्ञात असमाजिक तत्वों के खिलाफ नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। आवेदन के अनुसार शुक्रवार की देर रात असमाजिक तत्वों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। आशंका जताया जा रहा है कि खिड़की के गैप से ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगाया गया था। जिससे खिड़की के पास रखी करीब ८०० उत्तरपुस्तिका जल गई और कुछ आंशिक रूप से जल गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस मामले की छानबीन में विद्यायल और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## टोटो के धक्के से बाइक सवार युवक घायल, भर्ती

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मसलिया थाना क्षेत्र के दुधानी मोड़ के पास टोटो की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल रंजीत हेम्ब्रम(19) दुधानी गांव का रहनेवाला है। परिजनों ने बताया कि वह निजी काम से बाइक लेकर घर से कहीं जा रहा था। दुधानी मोड़ के पास टोटो के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद चालक टोटो लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के अग्रसेन भवन में रविवार को जिलाध्यक्ष जनार्दन शर्मा की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई। प्रख्यात हिंदुवादी नेता प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व वाले संगठन अंतरराष्ट्रीय हिंदु परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल का विस्तार निरंतर जारी है। संगठन विस्तार को लेकर आयोजित किए गए बैठक में कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी गई। जिसमे दीपक पासवान को राष्ट्रीय बजरंग दल का नगर अध्यक्ष, चंदन वर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल नगर उपाध्यक्ष, अजय शाह उपाध्यक्ष दुमका ग्रामीण, रोहित वर्मा वार्ड 01 अध्यक्ष, जैकी पासवान सह मंत्री दुमका नगर, आनंद मिश्रा जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी (अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ), कुणाल कुमार गुप्ता वार्ड 16 मंत्री, जयंती देवी उपाध्यक्ष दुमका ग्रामीण, सुलेखा देवी सह प्रभारी हनुमान चालीसा दुमका नगर, अजय शर्मा वार्ड 12 अध्यक्ष को बनाया गया है। बैठक मे सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, उसे मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा करना, उसकी रक्षा करना है। यह सामाजिक सेवा परियोजनाओं में शामिल रहा है और हिंदू मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार को प्रोत्साहित करता रहा है।साथ ही सुरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है उनको गंभीर से गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाते हुए निःशुल्क दवा भी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा दी जाती है।झारखण्ड प्रान्त संगठन मंत्री कन्हैया जी ने बताया कि बैठक के माध्यम से जिले के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को जोड़ा गया। हिंदू समृद्धि, हिंदू सुरक्षा, हिंदू सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद संकल्पित है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने हिंदुत्व नहीं छोड़ेंगे इस संकल्प के साथ संगठन को और प्रभावी व मजबूत करने का आवाहन किया। बैठक को मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह क्षेत्रीय संगठन मंत्री, कन्हैया जी संगठन मंत्री झारखंड प्रांत, मणि चयन मिश्र, जिला महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, दुमका, सुनील मोदी उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद दुमका, शशि देवी, अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद दुमका,पवन वर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल दुमका आदि ने संबोधित किया।

# ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की याद में मनाया गया ईस्टर का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा :** येसु मसीह के चालीस दिनों के पश्चाताप-उपवास प्रार्थना, शैतान के मायावी परीक्षण पर विजयी प्राप्ति, अंतिम दुखभोग व सूली पर प्राण त्यागने, कब्रिस्तान पर दफनाये जाने और तीसरे दिन के अहले सुबह पर पुनर्जीवित होने की इस ईश्वरीय रहस्यमय चमत्कारिक घटनाक्रम के यादगार पर शनिवार रात्रि को संत रीता मिशन गिरजाघर में भारी तदाद पर मसीही अनुयायियों ने रात्रि जागरण के दरम्यान अग्नि को प्रकाश का प्रतीकात्मक चिन्ह दर्शाते हुए मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना-अराधना करके पवित्र पास्का पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति गीत संगीत वातावरण में मनाकर संपन्न किया।



इस दरम्यान, समस्त मनुष्य जाति के लिए ईश्वरीय वरदान स्वरूप समस्त ब्रह्मांड की सृष्टि, मनुष्य जीवन की उत्पत्ति और विकास, मनुष्य जीवन बचाव का ईश्वरीय संकल्प, नूह नबी के माध्यम से जल प्रलय से समस्त जीवों का बचाव, अपने चुने हुए लोगों को मूसा नबी के माध्यम से मिस्त्र की गुलामी से मुक्ति दिलाने जैसी ईश्वरीय रहस्यमय चमत्कारिक घटनाक्रमों का बाईबल पाठ पढ़ा गया। स्थानीय पल्ली पुरोहित ने अपने संदेश में यह बताते हुए कहा कि अंततः परम पिता परमेश्वर ने दुनियाभर के समस्त मनुष्य जाति को इतना प्रेम दिया कि उसने धरती पर अपने एकलौते पुत्र भेजकर समस्त मनुष्यों को सत्य, अहिंसा, प्रेम, बलिदान और मृत्यु पर विजय दिलाने की चमत्कारिक रहस्यमय घटना से जीवंत ईश्वर के प्रतिज्ञा को पूरा किए जाने मिसाल कायम किया। ईस्टर पर्व अथवा पास्का पर्व के इस पावन अवसर पर पास्का रविवार (ईस्टर संडे) के दिन के उजियाले में मसीही अनुयायियों ने शिकारीपाड़ा गिरजाघर में येसु मसीह के मृत्यु उपरांत जी उठने की यादगार घटना को संस्मरण करते हुए बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में प्रार्थना व अराधना किया, ईश्वरीय प्रतिज्ञा के प्रति आभार अभिव्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर का गुणगान किया। इस दरम्यान वे एक दूसरे को ईस्टर पर्व की मुबारकबाद दी। ईस्टर पर्व का मिस्सा पूजा प्रार्थना का नेतृत्व पल्ली पुरोहित जोस आलेमकल, सहायक पल्ली पुरोहित बिमल मरांडी, अतिथि पुरोहित जेम्स सोरेन मुख्य रूप से भूमिका निभाई। इस मौके पर भारी तदाद पर स्थानीय मसीही अनुयायी महिला-पुरूष, युवाजन और बच्चे शामिल हुए।

### सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

# नगर में जुलूस निकाल कर कारगिल चौक पर फूंका सांसद निशिकांत दुबे का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से जुलूस के शक्ल में सभी कांग्रेसी निकलकर कारगिल चौक पर पहुंचकर गोड्डा सांसद का पुतला जलाया। गोड्डा जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा निशिकांत दुबे के इस आमर्यादित बयान पर पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की। वहीं जेपी नड्डा का कहना है कि यह बयान निशिकांत दुबे का व्यक्तिगत बयान है, इसमें पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी यह मांग करती हैं कि उन्हें पार्टी से बर्खास्त करे। जिला प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा की सुप्रीम कोर्ट देश की सबसे बड़ी संवैधानिक संस्था है उसके खिलाफ इस तरह का बयान गोड्डा सांसद की मनमानी एवं बड़बोलापन है। जिस प्रकार से केंद्र सरकार अपने सभी संस्था को अपने इशारे पर चलाती है इस तरह सुप्रीम कोर्ट को भी वह अपने इशारों पर चलाना चाहता है इसका विरोध कांग्रेस पार्टी पुरजोर करेगी और चरणबद्ध तरीके से इसके खिलाफ आंदोलन भी करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र झा, उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, सचिव सुशीला देवी, गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शाह, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, गोड्डा प्रखंड महासचिव ठाकुर प्रसाद मंडल, सुमित कुमार बिट्टू, सोनी सिंह, युवा कांग्रेस महासचिव विकास कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष शशि कुमार, मुकेश कुमार यादव, लखीराम मुर्मू, इफ्तिखार हुसैन, विक्रम कुमार महतो, मिस्त्री टुडू, कपिल चंद्र मंडल, राजेश मंडल जिला सचिव, मोहम्मद नजमी, आसिफ अहमद हुसैन, यूथ कांग्रेस साजन यादव, विक्रम महतो सुनील कुमार महतो, ललित कुमार मंडल अध्यक्ष बोलबम कुमार, शंकर हेंब्रम सहित दर्जनों कार्यकर्ता ने भाग लिया।

# हल्दीडीह से मोहनपुर जाने वाली सड़क का नहीं हुआ मरम्मत, राहगीर परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** प्रखंड के हल्दीडीह से मोहनपुर गांव जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले पूर्व एमपी सुनील सोरेन ने काफी तामझाम के साथ हल्दीडीह से मोहनपुर गांव जाने वाली पथरीली सड़क का कार्य कराने के लिए शिलान्यास किया था। लेकिन अभी तक इस सड़क का मरम्मती कार्य शुरू नहीं किया है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना



पड़ रहा है। उक्त सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर मसलिया प्रखंड के बेलियाजोर, आसनसोल, गोड़माला, गोलपुर, फुटबेड़िया, बारमेसिया, मोहनपुर सहित एक दर्जन गांवों के लोगों को आने जाने के लिए सुविधा होगी। ग्रामीणों को कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के नाम पर प्रखंड के गोड़माला, आसनसोल गांव के भीतर पीसीसी किया गया है। वहीं दूसरी ओर पक्की सड़क से कालीकरण उखाड़ कर नुकीले पत्थर दिखाई दे रहे हैं। जिससे बीच सड़क पर जगह जगह पर गड्ढा बन गया है। सड़क का निर्माण कार्य होने से राहगिरों को काफी सहूलियत होगी।

# बुजुर्ग पेंशनर बासुदेव प्रसाद हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड राज्य पेंशनर समाज दुमका के सबसे बुजुर्ग पेंशनर बासुदेव प्रसाद को समाज के पाकुड़ शाखा के द्वारा उनके गांधीनगर स्थित आवास पर अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ माला इत्यादि देकर रविवार को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वाले में मुकुल भट्टाचार्य अग्रणी थी। सबसे पहले श्री प्रसाद का क्षेम कुशल लिया गया तत्पश्चात दुमका शाखा की उपाध्यक्ष श्यामा देवी यादव ने माला पहनाकर और श्री मती भट्टाचार्या ने अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा ने बताया कि श्री प्रसाद 1998 में सेवा निवृत हो पेंशनरों के हित में हमेशा संघर्षशील रहे हैं जिसके कारण ही दुमका जिला के समाज की आधार शिला इतनी मजबूत है कि राज्य स्तर पर यह अव्वल नंबर पर है। ये स्वास्थ्य विभाग कर्मी थे और सेवा काल में भी कर्मचारियों के हित की लड़ाई हमेशा महासंघ के माध्यम से लड़ा करते थे । संयुक्त सचिव माधव कुमार सिंह ने इनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर भवानी शंकर प्रसाद एवं गणेश साह उपस्थित थे। अंत में श्रीमती भट्टाचार्य ने दुमका शाखा के उपस्थित पदाधिकारियों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जिसपर भवानीशंकर प्रसाद ने कहा कि हम दुमका शाखा को भी ये सबक लेने की जरूरत है कि सीनियर पेंशनरों का हाल चाल उनके आवास पर जाकर हमें भी समय समय पर लेना चाहिए जिससे उनके जीवन में जीवंतता बनी रहे।

## बोडजोल गांव में जल मीनार खराब, ग्रामीण परेशान

**रानीश्वर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी के दस्तक देती रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न गांव में जल संकट गहराने लगा। कहीं जल स्तर कम तो कहीं जल मीनार खराब होने से ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान है। लगातार प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत का निरीक्षण एवं कार्रवाई कर रहे हैं। बैठक भी कर रहे हैं। लेकिन कई ऐसा गांव है जो पानी के लिए अभी भी तरस रहे हैं। गांव में बड़े-बड़े जलमिनर लगाए गए हैं, लेकिन पानी उपलब्ध नहीं है। कई ऐसा जल मीनार है जिसका मोटर खराब पड़ा हुआ है। आपको बताते चलें सालतोला पंचायत के बोडजोल गांव में कई सालों से जल मीनार खराब पड़ा हुआ है। उक्त गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। ग्रामीणों का कहना है कई बार हमने जन प्रतिनिधि मुखिया को लिखित सूचना दी फिर भी अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है। अब ग्रामीण रानीश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को बोडजोल पहुंचकर जल मीनार को देखने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा बोडजोल गांव की परेशानी का समाधान करेंगे।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैं ईस्टर का त्योहार

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अटूट आस्था व विश्वास का त्योहार ईस्टर पर रविवार को दुमका जिला के ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु की प्रार्थना की एवं कैंडल जलाया। दुमका दुधानी स्थित चर्च में शनिवार रात्रि 10 बजे से विशप जूलियस मरांडी की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि के 2 बजे तक चलता रहा। साथ ही दुमका खिजुरिया स्थित कब्रगाह में सुबह 4 बजे से ही अपने-अपने पूर्वजों के कब्र में कैंडल जलाया। ईसाई धर्मावलंबियों का मानना हैं कि प्रभु यीशु मृत्यु के तीसरे दिन पुनजीवित हो गए थे। इसलिए इस दिन ईस्टर के रुप में मनाया जाता हैं। ईस्टर त्योहार सम्पूर्ण समाज के समक्ष बुराई पर अच्छाई की जीत का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता हैं। ईसामसीह ने मानवता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर सभी के समक्ष सर्वोच्च त्याग कर अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था। वे दया, क्षमा और करुणा की प्रतिमूर्ति थे। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेम एवं स्नेह का पर्याप्त था। ईसा मसीह ने नफरत एवं घृणा पर प्रेम, शांति एवं सद्भाव से विजय पाने का संदेश दिया। इस अवसर पर ईसाई धर्मावलंबियों ने अपने परिजनों के कब्र पर कैंडल जलाकर उनकी आत्मा एवं शांति की दुआ मांगी।

## हाईवा से कुचलकर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**शिकारीपाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सरसाजोल गांव के समीप शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें ट्रेलर से कुचलकर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारी पाड़ा लाई जहां घायलों को बेहतर इलाज के लिए फूलों जानो मेडिकल हास्पीटल भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहन हेम्बरम और दोनों घायल व्यक्ति राजीव हेम्बरम और संजीव हेम्बरम रानीश्वर थाना क्षेत्र के बताए जाते हैं। तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल से सरसाजोल हटिया से हाट कर अपने घर की ओर लौट रहे थे कि ट्रेलर के साथ उनकी बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे मोहन मरांडी की मौके पर ही मौत हो गई।फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

# जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी के अध्यक्षता ने हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम जो पूरे भारत में चल रहा है उसी कड़ी में आज बैठक हुई।जिला प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर जिला कमेटी के साथ ही जिला के अध्यक्ष को और सशक्त बनाया जाएगा। प्रखंड कमेटी को विस्तार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला कांग्रेस की बैठक 1 से 15 तारीख प्रत्येक महीने बैठक करना है और सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य




की गई है। इसी प्रकार दुमका जिला के सभी 10 प्रखंडों में 5 तारीख को बैठक की जाएगी। जिसमें प्रखंड के प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहकर प्रखंड में सृजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे।

अप्रैल से जून तक 3 महीना या 100 दिनों का एक निश्चित कार्यक्रम दिया गया है। कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने कार्य पूरा करेंगे। आने वाले दिनों में संविधान बचाओ अभियान भी चलाई जाएगी और लोगों को जोड़ते हुए आगे एक बड़ी रैली भी की जाएगी। जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने सभी प्रखंड अध्यक्षों प्रखंड के प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पांच तारीख को हर प्रखंड में बैठक करने तथा लोगों की समस्याओं को सुनने, पार्टी के संगठन सृजन को आगे बढ़ाने और पार्टी के कार्यक्रमों को सही दिशा देने का आग्रह किया। राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी को संगठित कर मजबूत करना और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करना बहुत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार से लगातार असंवैधानिक कानून को बना कर और संविधान को क्षति पहुंचाने का काम कर रही है। उसको रोकने के लिए कांग्रेस का संगठित होना और लोगों को जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव संजीत सिंह ने की। बैठक में प्रदेश सचिव श्रीमती अरबी खातून, प्रो मनोज अंबष्ट, प्रेम साह, युगल किशोर सिंह, राजीव जायसवाल, सुबोध पांडा, सीताराम मंडल, सुनील हेंब्रम, विवेक कुमार, अनुज कुशवाहा, आशीष सिंह, महादेव यादव, अमित सिंह, शहरोज शेख, मानिक महतो, स्टेफन बेसरा, अशोक यादव, दीपक यादव, दुमका नगर अध्यक्ष अली इमाम टिंकू, सत्यनारायण यादव, सुनील किस्कू, अविनाश यादव, निरंजन यादव, बम बम यादव, पोलूस मुर्मू, दसरथ मंडल, रुपेश सिंह, मजीद आंसरी, प्रभाकर मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थिति थे।

## सैमसंग ने लॉन्च किया अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी एम56 5जी स्मार्टफोन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपनी लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज़ के तहत गैलेक्सी एम56 5जी के लॉन्च की घोषणा की। यह डिवाइस अपने सेगमेंट में अब तक का सबसे पतला स्मार्टफोन है। गैलेक्सी एम56 5जी को खास तौर पर स्टाइल, मजबूती और परफॉर्मेंस का अनूठा संयोजन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फोन में आगे और पीछे गोरिल्ला ग्लास विक्टस.प्रोटेक्शन, 50 एमपी का ट्रिपल रियर कैमरा विद ओआइएस, 12 एमपी का फ्रंट एचडीआर कैमरा तथा एडवांस एआई एडिटिंग टूल्स शामिल हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिज़नेस डायरेक्टर अक्षय एस राव ने कहा, उपयोगी नवाचारों की हमारी प्रतिबद्धता के तहत हमें गैलेक्सी एम56 5जी लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है। यह फोन उन उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो बेहतरीन स्टाइल और परफॉर्मेंस की तलाश में हैं।

## ध्यान भटकाने को नेशनल हेराल्ड मुद्दा उछाल रही भाजपा : आनंद बिहारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस द्वारा सत्कार होटल के समीप नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। 2014 की तुलना में अनाज, रसोई गैस और सोना की कीमतें दोगुनी-तीन गुनी हो गई हैं, जिससे आमजन जीवनयापन को लेकर संकट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इन मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में बेवजह घसीट रही है। दुबे ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबा रही है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की विचारधारा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत का प्रतीक है। सभा की अध्यक्षता अतुल गुप्ता ने की।

## भालुबासा में श्याम महोत्सव की तैयारी को लेकर विभागवार सौंपी गई जिम्मेदारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा आगामी 11 मई को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव की सफलता हेतु बाबा श्याम की सेवा में समर्पित भक्तों के बीच विभागवार कार्यों का वितरण किया गया ताकि आयोजन की तैयारियां संगठित और व्यवस्थित रूप से पूरी की जा सके। महोत्सव भालुबासा स्थित हरिजन स्कुल मैदान में होगा। यह जानकारी संस्था के संयोजक पवन अग्रवाल, अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल एवं सचिव बजरंग केवलका ने रविवार को संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। पवन अग्रवाल ने आगे बताया कि 11 मई की सुबह 8 बजे से श्याम अखंड ज्योति पाठ और रात 8.30 बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। श्याम महोत्सव को भव्य बनाने हेतु सभी भक्त अपने-अपने कार्यों को लेकर उत्साहित और समर्पित भाव से जुट गए हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान आज देंगे संविदा कर्मियों को नियुक्ति पत्र

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति प्राप्त अभ्यर्थियों को सोमवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह समारोह पूर्वाह्न 11 बजे से टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। संबंधित पदों में सहायक नर्स दाई (एएनएम-प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य), स्टाफ नर्स-प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, सामान्य नर्स एवं मिडवाइफ - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (गैर संचारी रोग क्लिनिक), औषधि विक्रेता - राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सामाजिक कार्यकर्ता - राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नेत्र सहायक एवं पोषण सलाहकार - मातृ शिशु उपचार केंद्र शामिल हैं। कार्यक्रम की सभी तैयारियां सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में रक्तदान शिविर आज

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला (राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उन्नत भारत अभियान) एवं अन्वेषा संस्था जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को सुबह 10 बजे से किया गया है। कॉलेज के व्याख्याता विश्वनाथ महतो ने बताया कि शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। कॉलेज परिवार की ओर से विभिन्न स्थानों में प्रचार-प्रसार किया गया है। शिविर में कॉलेज के सचिव सह विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू समेत अन्य कई लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि खून की कमी से किसी भी मरीज की मौत न हो इसलिए हर साल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के असहाय लोगों की मदद की जाती है।

## धालभूमगढ़ में सड़क दुर्घटना, बाइक सवार युवक की मौत

**घाटशिला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एनएच-18 रेलवे ओवर ब्रिज पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 24 वर्षीय गौरव मुर्मू की मौत हो गई। घटना में दो अन्य युवक रंजित मुर्मू और सुरेन घायल हो गए। सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र के देवशोल गांव स्थित गौरव के बहनोई के घर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। तीनों घायल वहीं सड़क पर पड़े रहे, जिन्हें राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। घायलों को घाटशिला अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन गौरव की हालत गंभीर होने पर उसे एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया, जहां रस्ते में उसकी मौत हो गई। गौरव ठेका मजदूर था और शादीशुदा था, उसका एक छोटा बच्चा भी है। इस दुखद घटना से परिजनों में मातम का माहौल है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और कार के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## शरीयत बयान पर भाजपा का हल्ला बोल, आज आक्रोश मार्च

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी द्वारा शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान के विरोध में भाजपा सोमवार को जमशेदपुर में विराट आक्रोश मार्च निकालेगी। भाजपा ने इसे असंवैधानिक और देश की एकता के लिए खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मार्च साकची स्थित जिला कार्यालय से सुबह 10 बजे शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय तक जाएगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि यह मार्च संविधान की रक्षा और मंत्री के बयान के विरोध में निकाला जा रहा है। मार्च के अंत में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# भूला गांव के युवाओं ने दिखाई मानवता

## अनाथ तुलसी की मदद को पहुंचाई 7 हजार की राशन सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के सिसदा गांव निवासी 2 वर्षीय अनाथ बच्ची तुलसी सिंह की खबर विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रकाशित होने के बाद उसकी मदद को अब लोग आगे आने लगे हैं। बोड़ाम प्रखंड के भूला गांव निवासी दर्जनों युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए रविवार को 100 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक एकत्रित कर करीब 7 हजार रुपए जुटाए। इसके बाद रजनी कांत सिंह के नेतृत्व में सिसदा गांव पहुंचकर चावल, आटा, तेल, दाल, साबुन, डिटर्जेंट पाउडर, फल, कपड़ा, समेत 25 प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में अंबुज गोराई ने बताया कि तुलसी की दादी को फोन नंबर देकर कहा गया है कि भविष्य में किसी तरह की जरूरत पड़ने पर उन्हें कॉल करें, आगे भी मदद की जाएगी ताकि उन्हें असहाय महसूस न हो। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अगर इस तरह के और भी असहाय लोग हैं तो मदद के लिए उनकी युवा टीम आगे आएगी। मौके पर कल्लोल कर्मकार, जीवन सिंह, अंबुज गोराई, कृष्णा गोराई, मेघनाथ गोराई, रंजीत सिंह, चक्रधर मुखर्जी, तपन गोराई, रतन सिंह, भक्तरंजन गोराई, हलधर मुखर्जी, आकाश सिंह, रवि गोप, संतोष सिंह, बादल गोप, शिवा सिंह, बृंदावन महतो, सनातन सिंह, ज्योतिलाल गोराई व रविन्द्र गोप आदि शामिल थे। गौरतलब हो कि पिछले रविवार को तालाब में डूबने से तुलसी के पिता बुद्धेश्वर सिंह की 35 वर्ष की उम्र में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जबकि उसकी मां कैंसर से पीड़ित होने के कारण 6 माह पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं। परिवार में एकमात्र बच्ची का सहारा के रूप में सिर्फ उसकी दादी (70 वर्षीया) ही है। पारा लीगल वॉलेंटियर (पीएलवी) निताई चंद्र गोराई व नंदा रजक की पहल पर ही आज पीड़ित परिवार को मदद मिली है। उन्होंने युवाओं के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्र के अन्य लोगों से भी पीड़ित परिवार की मदद को आगे आने की अपील की है।

## विधायक दशरथ ने खुंटपानी प्रखंड के 5 गांवों को दिया मांदर व नगाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खूंटपानी प्रखंड के 5 गांवों में मागे नृत्य को लेकर मांदर व नगाड़ा का वितरण किया। विधायक दशरथ गागराई ने गाढ़ा राजाबासा, उली राजाबासा, गालूबासा, ठेठरोगुटु एवं किताहातु गांव में जाकर ग्रामीणों के बीच मांदर व नागड़ा का वितरण किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मांदर व नगाड़ा झारखंड की लोक कला व नृत्य का साज कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मागे पर्व हमारी संस्कृति व सभ्यता से जुड़ा हुआ है। मागे में मांदर व नगाड़े का विशेष महत्व है। इस दौरान बासंती गागराई, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बबलु गोडसोरा, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रजनी बानरा, कालिया जामुदा व शिवा देवगम समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत सोरेन 3 मई को अधिवक्ताओं को सौंपेंगे स्वास्थ्य बीमा कार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गई अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत तीन मई को पंजीकृत अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रदान किए जाएंगे। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अधिवक्ता कल्याण के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव पूर्व ही अधिवक्ता कल्याण कोष में अंशदान और नए अधिवक्ताओं के लिए स्टाइपेंड की घोषणा की थी। कुछ विरोधी इसे चुनावी घोषणा बता रहे थे, परंतु सरकार ने इसे जमीनी स्तर पर उतारकर अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। कार्यक्रम तीन मई को सुबह 11:30 बजे हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, होटवार, रांची में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर पंजीकृत अधिवक्ताओं को अपने हाथों से स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रदान करेंगे।

## एमबीएनएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया की हुई शुरुआत, अब बीबीए और बीसीए के लिए भी होगा नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** पारडीह काली मंदिर से सटे चांडिल प्रखंड के आसनबनी स्थित एमबीएनएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रवेश की घोषणा हेतु शनिवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह ने पत्रकारों को कॉलेज की उपलब्धियों, पाठ्यक्रमों और आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। यहां बीबीए व बीसीए की पढ़ाई हेतु इस वर्ष पहली बार नामांकन होगा। इसके अलावा पहले से चल रहे स्नातक कोर्सों में बीकॉम, बीए इन जर्नलिज्म, बीए (हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र)। प्रोफेशनल एवं टेक्निकल कोर्स में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, डी फॉर्म एवं शिक्षा से संबंधित कोर्स बीएड व डीएलएड शामिल हैं।

**इस संबंध में चेयरमैन ने बताया कि शिक्षा में**



**उत्कृष्टता की ओर :** श्री आचार्य गुरुकुल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित यह संस्था 2017 में बीए कोर्स के साथ आरंभ हुई थी। 2018 में बीकॉम की शुरुआत हुई और 2021 में बीएड व डीएलएड कार्यक्रम जोड़े गए। 2023 में फार्मेसी कॉलेज (डी फॉर्म) और 2024 में नर्सिंग कॉलेज (बीएससी और जीएनएम) की स्थापना के साथ संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। उन्होंने बताया कि बीएड सत्र 2021-23 और 2022-24 के 90 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। डीएलएड सत्र 2021-23 के छात्रों ने झारखंड में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए, जबकि 2022-24 बैच से कोल्हान टॉपर एमबीएनएस से ही रहे। आधुनिक सुविधाएं एवं अनुभवी शिक्षक चेयरमैन विवेक कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष बीबीए और बीसीए कोर्स को एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। इसके अतिरिक्त डी फॉर्म, नर्सिंग, बीएड, डीएलएड और अन्य कोर्सों के लिए पीसीआई, एनसीटीई, जेएनआरसी और कोल्हान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। कॉलेज में पढ़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक कक्षा में डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था, आधुनिक पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, फार्मेसी लैब, नर्सिंग लैब एवं अन्य प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं। अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम हैं। एमबीएनएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्र हित में समर्पित आधुनिक संस्थान है जो छात्रों को एक उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करता है।

## ईचागढ़ में पारंपरिक ग्रामसभा ने ली परंपरा और हक की रक्षा का शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** प्रखंड के गुदड़ी पंचायत के राजस्व ग्राम में रविवार को आदिवासी समुदाय ने अपनी परंपरा, विरासत और संवैधानिक हक-अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर शपथ ली। पारंपरिक माझी पारगाना स्वशासन व्यवस्था के तहत आयोजित इस ग्रामसभा की अध्यक्षता माझी बाबा गणेश टुडू ने की। सभा में गांव के सभी महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। सभा में मुख्य अतिथि पारगाना बाबा शिलु सारना टुडू ने उपस्थित लोगों को माझी पारगाना स्वशासन व्यवस्था, मानव अधिकार, पेशा नियमावली और समता जजमेंट 1997 जैसे कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक पहचान को बचाने का आह्वान किया। सभा में सरकार से सरना धर्म कोड को मान्यता, सरकारी स्कूलों में ऑलचिकी लिपि में पढ़ाई, पांचवीं अनुसूची का अनुपालन और मारांग बुरु व लुगू बुरु जैसे पवित्र स्थलों से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। इन मांगों को एक मांग पत्र के रूप में डाक द्वारा सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। माझी बाबा गणेश टुडू ने कहा कि आज आदिवासी समाज के हक-अधिकार, जमीन, जंगल और जल को सरकार और पूंजीपतियों की नौकरशाही द्वारा छीना जा रहा है। उन्होंने समुदाय से एकजुट होकर अपनी विरासत की रक्षा करने का आग्रह किया। सभा के अंत में सभी लोग खड़े हुए और मारांग बुरु को साक्षी मानकर शपथ ली कि वे आदिवासी परंपरा, विरासत और समाज के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए जीवन भर समर्पित रहेंगे। सभा में कोंदा सोरेन, बुद्धेश्वर किस्कू, दुबराज बेसरा, मोसो टुडू, रंजित मुर्मु, माद् साकाम टुडू, दलगोविंद टुडू, अरुन मुर्मू, सेफाली बेसरा, भादुरी माझी, बाहा बेसरा, सुरजमनी मुर्मू, जीरामुनी हांसदा, सुभद्रा मुर्मू, बालिका मुर्मू, दुलाली मुर्मू, बीरोती टुडू, मिरू टुडू व मंगली मुर्मू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## संगठन सृजन को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक, निष्क्रिय पद से हटेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां पथ निरीक्षण भवन में रविवार को कांग्रेस के खरसावां प्रखंड अध्यक्ष कोन्दो कुंभकार की अध्यक्षता में एक जरूरी बैठक संपन्न हुई। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्ति प्रखंड पर्यवेक्षक देबू चटर्जी विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही प्रदेश सचिव सह ज़िला सांसद प्रतिनिधि छोटराय किस्कू, युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कु मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में संगठन सृजन 2025 को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर चटर्जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस साल को संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है। तीन महीने तक यह अभियान चलेगा। बूथ स्तर से लेकर पंचायत, मंडल, प्रखंड और जिला कमेटी तक का गठन किया जाएगा। हर कमेटी में 12 पदाधिकारी होंगे। पुराने पदाधिकारी अगर सक्रिय हैं तो उन्हें रखा जाएगा, जो निष्क्रिय हैं उन्हें हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। वही सांसद प्रतिनिधि किस्कू ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों में आस्था रखने वालों को ही संगठन में जगह मिलेगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं चलेगी। हर स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया सेल भी बनेगा। कुंभकार ने कहा कि प्रखंड कांग्रेस कमिटी, मंडल कांग्रेस कमिटी, पंचायत कमिटी के साथ-साथ वार्ड कमिटी और बूथ कमिटी को मज़बूत करना है। इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि बलभद्र महतो, शंकर लोवादा, निरंजन दास, कहैन्यालाल समाड, सौरव तांती, रामचन्द्र लोहार, जगबंधु महतो, राजाराम पाडिया, सुरज समाड, मंगल हांसदा, रविन्द्र बोयपाई, सौकात अली, रथो कुम्हार व करण हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## झामुमो ने शुरू की जल सेवा प्रह्लाद लोहरा हुए शामिल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा बारीडीह गोलचक्कर में भीषण गर्मी को बढ़ते देख बारीडीह शाखा कमेटी द्वारा राहगीरों के लिए जलसेवा हेतु पनशाला का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में झामुमो के युवा नेता प्रह्लाद लोहरा ने बताया कि इसमें सभी बुजुर्गों की सेवा के लिए भी हमारे झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के लोग खड़ा रहेंगे। इस शुभ कार्य में उपस्थित शाखा के अध्यक्ष बिशु कुंभकार, युवा नेता प्रहलाद लोहरा, डी रवि कुमार, राज कुमार सिंह, राजू राम, तिलो लोहार, शक्ति प्रसाद, गोपी, गणेश प्रसाद, सुरेश लोहार व राकेश राव शामिल हुए।

## मंत्री ने दिवंगत सबर के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड क्षेत्र के भालकी में आदिम सबर जनजाति के गणेश सबर की विगत सप्ताह एमजीएम अस्पताल मे ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। भालकी पंचायत झामुमो के अध्यक्ष बिमल कर्मकार ने इसकी सूचना शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को दी थी। इसके बाद मंत्री रामदास सोरेन ने मृत सबर के परिजनों को आर्थिक सहयोग बिमल कर्मकार के माध्यम से स्वर्गीय गणेश सबर के परिजनों को श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक मदद सौंपा गया। सहयोग के लिए मृत सबर के परिजनों ने शिक्षा मंत्री का आभार जताया। मौके पर प्रधान छोटो सबर, भोट सबर, माकुम सबर व बिक्रम सबर आदि उपस्थित थे।

## मछली पकड़ने गए युवक की डैम में डूबकर मौत

**जमशेदपुर :** एमजीएम थाना क्षेत्र के पोखारी डैम में मछली पकड़ने गए देवघर गांव निवासी 22 वर्षीय बहादूर सिंह की डूबकर मौत हो गई। वह शनिवार को अपने दस अन्य दोस्तों के साथ डैम में मछली पकड़ने गया था। जाल बिछाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिरकर डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सका। पुलिस ने लगभग दो घंटे बाद उसे पानी से बाहर निकाला और एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। बहादूर के भाई राजू सिंह ने बताया कि वह चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और मजदूरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया।

## युवा कांग्रेस के जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

### राजाराम पाड़ेया खरसावां व रुईदास चाकी को सरायकेला विस अध्यक्ष मनोनीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला-खरसावां जिला कार्यसमिति की बैठक खरसावां के हाट मैदान में रविवार को जिलाध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रुप से जिला प्रभारी संजीव रंजन व प्रखंड पर्यवेक्षक देबू चटर्जी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से युवा कांग्रेस के खरसावां विस क्षेत्र के अध्यक्ष के लिये राजाराम पाड़ेया व सरायकेला विस क्षेत्र के अध्यक्ष के लिये रुईदास चाकी के नाम पर मुहर लगायी गयी। दोनों मनोनित पदाधिकारियों को विस व प्रखंड समिति का गठन कर अगले बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रुप से संगठन के मासिक क्रियाकलापों के बारे में चर्चा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रुप रेखा तय की गयी। संगठन को प्रखंड स्तर पर सुदृढ करने पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रुप से बागुन सोय, अनवारुल हक, निरंजन मंडल, राजू तांती, दीपक होनहागा, अजय पाड़ेया, कृष्ण बोईपाई, रविंद्र बोईपाई, सुरज सामड़, शंकर दिग्गी, दिलीप लेयांगी, मोहित बानसिंह, रोशन मोदी, विजेय पाडेया, सुखलाल होनहागा व मानु मुदी समेत काफी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चुनाशाह बाबा के 56वें सालाना उर्स में चादर पेश कर झुकी सरें, लंगर में बंटी नेमतें

### 21 अप्रैल को सूफियाना कव्वाली से रोशन होगी रूहानी शाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर की पाक सरज़मीन पर वाक़े हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ़ चुनाशाह बाबा की दरगाह पर 56वें सालाना उर्स शरीफ के चौथे दिन रूहानियत का आलमी मंज़र देखने को मिला। दूर-दराज़ से पहुंचे हज़ारों अकीदतमंदों ने बाबा की बारगाह में चादर पेश कर झुके सरों और नम आंखों से दुआएं मांगी। हर अकीदतमंद की ज़ुबां पर एक ही सदा थी–%बाबा तू बड़ा करम वाला है।% दिनभर दरगाह शरीफ में अकीदत और मुहब्बत का सैलाब उमड़ा रहा। इस मुबारक मौके पर दोपहर 2 बजे गद्दीनशीन ताज अहमद की सरपरस्ती में लंगर-ए-आम का आगाज़ हुआ। नेमतों से लबरेज़ इस लंगर में जायरीन अदब और एहतराम के साथ कतारों में खड़े होकर देर रात तक शामिल होते रहे। इस मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ़, उपाध्यक्ष मोहम्मद नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ. जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी समेत मो. हनीफ, अजीबुल अंसारी, फारूक अहसान, साजिद, रामावतार और अन्य बुज़ुर्ग व जिम्मेदारान मौजूद रहे। उर्स-ए-पाक के सिलसिले में 21 अप्रैल की रात 9 बजे से सूफियाना कलाम की महफिल सजाई जाएगी। इस महफिल में गुजरात से तशरीफ ला रही साहिल अली साबरी कव्वाल पार्टी और बिहार के नवादा से जानी वारसी कव्वाल पार्टी हाज़िरी देंगे। इनकी रूहपरवर आवाज़ों से दरगाह शरीफ की फिजा और भी नूरानी हो उठेगी।



विचार प्रवाह

संपादकीय

# वक्फ की 'सुप्रीम' समीक्षा

**सर्वोच्च** अदालत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर 'अंतरिम आदेश' जारी करने के मूड में है, लेकिन कानून पर फिलहाल रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। नए कानून की संवैधानिकता को चुनौती देती 73 याचिकाएं प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने हैं। कुछ सवाल न्यायिक पीठ ने भी उठाए हैं, लेकिन वे वक्फ से जुड़े विवादों पर चिंतित भी हैं। प्रधान न्यायाधीश ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भडक़ती-सुलगती हिंसा पर परेशानी और हैरानी जताई। अंततः उन्होंने अपील के स्वर में कहा-'मामला सर्वोच्च अदालत के सामने है, लिहाजा हिंसा बेमानी है। हिंसा नहीं की जानी चाहिए।' बहरहाल सर्वोच्च पीठ की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रही। पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के मुद्दे पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है और दो सप्ताह में उसका जवाब मांगा है। नए कानून में जो प्रावधान तय किए गए हैं, न्यायिक पीठ उनसे सहमत नहीं लगती। जस्टिस खन्ना ने कहा है कि अंग्रेजों से पहले वक्फ रजिस्ट्रेशन नहीं होता था। कई मस्जिदें 13वीं-14वीं सदी की हैं। आप ऐसे 'वक्फ बाय यूजर' को कैसे रजिस्टर करेंगे? वे दस्तावेज कहां से दिखाएंगे? यह असंभव है। यदि वक्फ बाय यूजर की संपत्ति को 'डी-नोटिफाई' किया जाता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। न्यायिक पीठ का तीन मुद्दों पर मूड स्पष्ट दिखाई दिया। एक, अदालत से वक्फ घोषित संपत्ति 'डी-नोटिफाई' नहीं होगी। वह वक्फ बाय यूजर हो अथवा वक्फ बाय डीड हो। दूसरा, कलेक्टर वक्फ संपत्ति का सर्वे कर सकते हैं, लेकिन वक्फ की संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास ही रहेगी। उसकी प्रकृति नहीं बदल सकते। अदालत को सूचित करेंगे। तीसरा, वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के सभी सदस्य मुस्लिम होने चाहिए, सिवाय पदेन सदस्यों के। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को लेकर प्रधान न्यायाधीश जस्टिस खन्ना और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी बहस भी हुई। न्यायमूर्ति ने पूछा कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक बोर्ड या मंदिरों के प्रबंधन में किसी मुसलमान को शामिल करेगी? यहां तक कि सॉलिसिटर जनरल ने न्यायिक पीठ के तीनों न्यायाधीशों के धर्म (हिंदू) पर सवाल उठाया। प्रधान न्यायाधीश ने जवाब दिया-'जब हम इस सीट पर बैठते हैं, तो हमारी व्यक्तिगत पहचान मायने नहीं रखती। कानून के सामने सभी पक्ष एकसमान हैं।' अब यदि सर्वोच्च अदालत कोई अंतरिम आदेश जारी करती है, तो उसमें कुछ निर्देश सरकारी कानून के खिलाफ भी हो सकते हैं। मुस्लिम पक्ष के वकील कपिल सिब्बल बार-बार अनुच्छेद 26 और 20 करोड़ लोगों की आस्था और उनके धार्मिक प्रबंधन के अधिकार का मुद्दा उठा रहे थे, तो प्रधान न्यायाधीश ने साफ कहा कि अनुच्छेद 26 सार्वभौमिक और धर्मनिरपेक्ष है। यह विधायिका को कानून बनाने से नहीं रोकता। यह सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने हिंदुओं के संदर्भ में भी कानून बनाए हैं। न्यायमूर्ति ने सिब्बल को धार्मिक बातें कहने से रोका। सिब्बल ने ही 'अंतरिम आदेश' की मांग की थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कानून पर रोक लगाने की मांग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने उसे भी खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि जामा मस्जिद सरीखी स्मारक इमारतें यथावत रहेंगी। उनसे कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। जस्टिस खन्ना ने वक्फ संशोधन कानून की धारा 2-ए के प्रावधान पर चिंता जताई। इतना तो स्पष्ट लगता है कि न्यायिक पीठ वक्फ कानून को खारिज नहीं करेगी और रोक लगाने के भी आसार नगण्य हैं, लेकिन ऐसे कुछ सुधार करवा सकती है, जो संविधान के मद्देनजर न्यायोचित नहीं हैं।

नए कानून की संवैधानिकता को चुनौती देती 73 याचिकाएं प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने हैं। कुछ सवाल न्यायिक पीठ ने भी उठाए हैं, लेकिन वे वक्फ से जुड़े विवादों पर चिंतित भी हैं। प्रधान न्यायाधीश ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भडक़ती-सुलगती हिंसा पर परेशानी और हैरानी जताई। अंतत: उन्होंने अपील के स्वर में कहा-'मामला सर्वोच्च अदालत के सामने है, लिहाजा हिंसा बेमानी है। हिंसा नहीं की जानी चाहिए।' बहरहाल सर्वोच्च पीठ की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रही। पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के मुद्दे पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है और दो सप्ताह में उसका जवाब मांगा है। नए कानून में जो प्रावधान तय किए गए हैं, न्यायिक पीठ उनसे सहमत नहीं लगती। जस्टिस खन्ना ने कहा है कि अंग्रेजों से पहले वक्फ रजिस्ट्रेशन नहीं होता था।

**भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है**

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

ललित गर्ग

**आंध्र** प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-

तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है।



चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा। तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे.संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है।

कुछ अलग

## अवकाश की तफरीह में

**छुट्टी** में शरीक गलबहियों का असर यह कि सार्वजनिक आयोजन भी कहीं तफरीह करने निकल गए। हिमाचल दिवस की रौनक का जज्बा इस बार किलाड़ में देखा गया, लेकिन जिला के उदास मंचों से सार्वजनिक हाजिरी नदारद रही। हमारी भीड़ अब गुलदस्ते में फूल नहीं, स्वार्थ की भूल भुलैया में खुश है। यूं तो वर्ष भर हिमाचल दिवस का आंगन शिमला के सचिवालय में सजता है और मंत्रियों के आगे सजदा करती भीड़ में कार्यसंस्कृति खाली कनस्तर बन जाती है, मगर राष्ट्रीय-प्रादेशिक पर्व के अवकाश अब घर की तिजोरी में गुम हो रहे हैं। जिलों के सार्वजनिक अवकाश के फैशन में इस बार हिमाचल दिवस की पलकें इंतजार करती रहीं, लेकिन राज्य का उत्सव व उत्साह वहां नहीं आया। क्यों न हम इन्हें हिमाचल उत्सव की तरह जिलों में मनाएं। क्यों न हिमाचल के विभिन्न वर्गों व विशेषज्ञों से इस अवसर पर चर्चा कराएं। हिमाचल दिवस क्यों चंद सरकारी घोषणाओं का मंच बनकर एक राज्य स्तरीय समारोह के अलावा अन्य स्थानों पर औपचारिक रस्म बन गया। हिमाचल दिवस के संदर्भ अगर सार्वजनिक करने हैं, तो हर विभाग को अपनी योजनाओं और राज्य के भविष्य के पक्ष में चर्चाएं-परिचर्चाएं और नए मजमून तैयार करने होंगे। मसलन अगर स्वास्थ्य मंत्री कांगड़ा में हिमाचल दिवस के मुख्यातिथि हैं, तो वहां एक हफ्ते की सरगर्मियों चिकित्सा से जुड़े विषयों पर बहस के मसौदों पर खुल कर बात करें। क्यों न पुलिस मैदान पर हिमाचल दिवस के मुख्यातिथि से पूछा जाए कि वहां से चंद कदम दूर जोनल अस्पताल में महीनों से एमडी (मेडिसन) का कोई विशेषज्ञ डाक्टर नहीं भेज पा रहा। अगर काबिना रैंक पर्यटन विभाग की अस्मिता ढोने वाले आरएस बाली हमीरपुर के समारेह में शिरकत करते हुए यह खाका पेश नहीं करते कि जिले में पर्यटन के मायने कैसे मजबूत होंगे, तो हम अवसर गंवा रहे हैं।

आप का नजरीया

# देश को कमजोर करने वाली नीतियां

**सत्ता** में काबिज रहने के लिए आम लोगों की जान-माल से किस हद तक खिलवाड़ किया जा सकता है, इसका मौजूदा उदाहरण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। पश्चिम बंगाल देश का ऐसा अकेला राज्य है जहां वक्फ बोर्ड के विरोध में हिंसा हुई है। वैसे देश के ज्यादातर राज्यों में इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन तक नहीं हुए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता ने हिंसा के बाद कहा है कि पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं होगा। ममता बनर्जी का कहना है कि यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है और उन्हीं से इसका जवाब मांगा जाना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है जब ममता ने वोट बैंक की खातिर मुस्लिम प्रेम दर्शाया है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता सरेआम मुस्लिमों की हिमायत कर चुकी हैं। रोहिंग्या मुसलमानों के मामले में भी ममता ने इसी तरह के प्रेम का इजहार किया था। ममता ने कहा था कि सभी रोहिंग्या आतंकवादी नहीं हैं, जबकि केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त समुदाय को निर्वासित करने के अपने रुख पर कायम रहते हुए कहा था कि उनमें से कुछ पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों से जुड़े हुए हैं। तब भी ममता ने इनकी पैरवी करते हुए कहा था कि आतंकवादियों और आम लोगों के बीच अंतर होता है। हर समुदाय में अच्छे और बुरे लोग हो सकते हैं, लेकिन एक समुदाय, एक समुदाय होता है। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह सख्त कार्रवाई करके जवाब नहीं दिया। यही वजह है कि ऐसे अराजक तत्वों के हौसले पश्चिम बंगाल में बुलंद हैं। पिछले वर्ष रामनवमी पर जुलूस के दौरान हिंसा भडक़ने से करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। इस मामले में भी पश्चिम बंगाल ही सबसे आगे रहा। लखनऊ में मामूली झड़प के अलावा हिंसा की ऐसी वारदातें देश के अन्य हिस्सों में नहीं हुईं। पश्चिम बंगाल में सरकार चाहे वामपंथियों की रही हो या अब ममता बनर्जी की हो, यह राज्य हिंसा के लिए अभिशप्त हो गया है। कारण भी स्पष्ट है, सारा संघर्ष सत्ता प्राप्ति का है। देश के ज्यादातर राज्यों में जहां चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होते हैं, वहीं पश्चिम बंगाल का रिकार्ड हिंसा के कारण दागदार बन गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों तक जम कर हिंसा होती रही है। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद व्यापक पैमाने पर हिंसा हुई, जब तृणमूल ने भाजपा को हराया था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद हिंसा में 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद 5 जून को चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं में भाजपा और माकपा समर्थकों को निशाना बनाया गया। दक्षिण में उत्तर 24 परगना जिले और दक्षिण 24 परगना तथा राज्य के जंगलमहल क्षेत्र के झारग्राम सहित कई जिलों में चुनाव बाद हिंसा की घटनाएं सामने आईं। पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन सुरक्षा बलों के जाने के बाद उपद्रवी वापस लौट आए और इलाके में तोडफोड़ की। इसी तरह 8 जून 2023 को बंगाल में जिस दिन से पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ, उसके बाद 15 लोगों की हत्या कर दी गई। वर्ष 2003 में जब यहां पंचायत चुनाव हुए थे, तब 76 लोगों की मौत हुई थी। इनमें से 40 से ज्यादा लोग तो वोटिंग वाले दिन मारे गए थे। वर्ष 2013 और 2018 के चुनाव के समय यहां केंद्रीय बलों की तैनाती भी हुई थी, बावजूद उसके हिंसा नहीं थमी थी। बीते पांच दशकों में पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में करीब 30 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। पिछले दो दशकों में सबसे ज्यादा मौतें सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन में हुईं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का दौर 1960 के बाद शुरू हुआ। साल 1967 में राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार आई जिसने 2011 तक करीब 34 साल तक शासन किया। कम्युनिस्ट शासन के दौरान राज्य में राजनीतिक हिंसा में 28 हजार लोग मारे गए।

देश दुनीया से

# मणिपुर के अंदर का खेल

**मणिपुर** में मैतेयी और कुकी का विवाद पिछले एक साल से चल रहा है। इस विवाद ने सौ से ज्यादा लोगों की जान ले ली। सरकार को बर्खास्त करना पड़ा। देश भर में मणिपुर को लेकर हंगामा होता रहा। मैं कल मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचा था। श्री एम इराबन्ता सिंह की संस्था ने कला संकाय के छात्रों के लिए एक कालेज शुरू करने की योजना बनाई थी। कालेज के शिलान्यास के लिए मुझे बुलाया हुआ था। इराबन्ता सिंह मणिपुर में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इंफाल में घूमते हुए मुझे कहीं नहीं लगा कि इस राज्य में कहीं विवाद है। सारा काम सामान्य तरीके से हो रहा था। कालेज का सांस्कृतिक कार्यक्रम ही देर रात तक चलता रहा। मैंने मणिपुर विश्वविद्यालय के एक प्राध्यापक से पूछा कि यहां किसी प्रकार का विवाद दिखाई तो नहीं देता। उसने सहज उत्तर दिया कि यहां इंफाल घाटी में कोई विवाद नहीं है। दो दिन पहले ही अखबार में खबर छपी थी कि सरकार ने आदेश दिया है कि पहाड़ की ओर जाने वाली सब सडक़ें खोली जाएं। इस पर उसने कहा कि सडक़ें कभी बंद हुई ही नहीं थीं। पहले भी खुली थीं और अब भी खुली हैं। बस एक ही पेंच है। इंफाल घाटी से कोई मैतेयी इन सडक़ों से पहाड़ में जा नहीं सकता और पहाड़ से कोई कुकी इन सडक़ों से इंफाल घाटी में दाखिल नहीं हो सकता। मणिपुर में इंफाल घाटी चारों ओर से पहाड़ों से घिरी है। घाटी में मैतेयी रहते हैं और पहाड़ों पर कुकी और नागा जनजातियों के लोग रहते हैं। असल में यहीं पर सबसे बड़ा झोल है। आजादी से पहले बंगाल के लोग पहाड़ पर रहने वाले सभी लोगों को, चाहे वे किसी भी जनजाति के क्यों न हों, कुकी





कहते थे। यह कुछ-कुछ इसी प्रकार था जैसे पंजाब के लोग हिमाचल के पहाड़ों पर रहने वाले सभी लोगों को पहाडिया कहते थे। मणिपुर में पहाड़ की जनजातियां इसका विरोध करती थीं और इसको अपमानजनक मानती थीं। वे स्वयं को कुकी कहना पसंद नहीं करती थीं। ब्रिटिश राज के दिनों में मणिपुर के इन समुदायों को सरकारी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से कुकी या नागा कहना और लिखना शुरू कर दिया था। इसका क्या कारण था? ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मणिपुर की इन अनेक जनजातियों को उनके मूल नाम से काट कर नया नाम देने की जरूरत क्या थी? इसको समझने के लिए गहरे उतरने की जरुरत है। मणिपुर की इन सभी जनजातियों का अपना-अपना गौरवशाली इतिहास है। उनकी अपनी अपनी भाषा है, अपनी-अपनी संस्कृति है। परम सत्ता को लेकर दार्शनिक विचार हैं। ब्रिटिश सरकार जान गई थी कि जब तक ये जनजातियां अपने ऐतिहासिक नामों से जुड़ी हुई हैं, तब तक इनकी संस्कृति को नष्ट करना संभव नहीं होगा। वैसे भी थादौ समुदाय के लोगों ने 1917-1919 तक ब्रिटिश आधिपत्य के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष छेड़ रखा था। संघर्ष की प्रेरणा और ऊर्जा थादौ समुदाय को अपने इतिहास, संस्कृति और पूर्वजों की कथाओं से ही मिलती थी। इसलिए ब्रिटिश उपनिवेशवादियों ने कुछ समुदायों को एक वर्ग बना कर उनका नया नामकरण करके उनके इतिहास को समाप्त कर नया इतिहास लिखने की कोशिश की। जनजाति समुदायों के निवास स्थानों के विकसित होने की एक विशेष पद्धति देखी जा सकती है। किसी एक जनजाति के गांव में दूसरी जनजाति के समुदाय के बसने-रहने की संभावना नगण्य कही जा सकती है। इसका एक कारण यह भी है कि पुराने समय में विभिन्न समुदाय प्रायः आपस में लड़ते रहते थे। इसलिए एक स्थान पर एकजुट होकर रहने की जरूरत रहती थी। यही कारण है कि मणिपुर में विभिन्न समुदायों के मिश्रित गांव प्रायः देखने में नहीं आते। उन्नीसवीं शताब्दी में इस दिशा में थोड़ा परिवर्तन होना शुरू हुआ था। सरकारी कर्मचारियों के स्थानांतरणों से, संचार व सडक़ों की सुलभता के कारण किसी गांव में इक्का-दुक्का अन्य जनजाति समुदायों के लोग भी रहने लगे, लेकिन पिछले दो-तीन साल के संघर्ष ने इस पर फिर से प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। मणिपुर की विभिन्न जनजातियों की बसाहतों को देखने से यह प्रवृत्ति साफ देखी जा सकती है। मणिपुर के जनजाति समुदायों की अलग-अलग संस्कृति को समाप्त कर एक नई सामूहिक पहचान स्थापित करने के लिए ईसाई मिशनरियों का खेल भी ब्रिटिश सरकार के समय से ही चालू है। 1824 में मणिपुर के राजा ने अन्य रियासती राजाओं की तरह एक समझौता किया जिसके अंतर्गत रियासत की सरहदी सुरक्षा ईस्ट इंडिया कंपनी को हस्तांतरित कर दी गई। लेकिन इस समझौते के बाद ईसाई मिशनरियों के प्रवेश का रास्ता भी खुल गया।

भारत की विरासत

# ओडिशा

## सूर्य देव को समर्पित मंदिर



*गंग वंश के महान राजा नरसिम्हादेव 1 ने ओडिशा के पुरी शहर से 35 किलोमीटर दूर स्थित कोणार्क मंदिर का निर्माण करवाया था। बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित यह मंदिर भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में से एक है जो अपनी प्राचीन वास्तुकला के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यह सूर्य देव को समर्पित है।*

दृष्टि कोण

# उत्कृष्ट खिलाड़ी को कम से कम वजीफा तो दो

**आज** जब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर स्वास्थ्य में जहां काफी सुधार किया है, वहीं पर खिलाडियों के उपकरणों व प्ले फील्ड में भी काफी सुधार हुआ है। यही कारण है कि पिछले बनाए गए कीर्तिमान आसानी से हर वर्ष टूटते रहते हैं। पहले जब खेल प्रतियोगिता होती थी तो आयोजक प्रतिभागियों को खाना व रहना देते थे। यात्रा किराया व दैनिक भत्ता राज्य खेल संघ दे देते थे, मगर अब यह सब खिलाड़ी को वहन करना पड़ता है। रेल में सीट आरक्षित करवाना भी बड़ी जंग जीतने से कम नहीं है। खिलाड़ी कम थके, इसलिए हवाई यात्रा भी करना जरूरी हो जाता है। खिलाडियों के प्रयोग में होने वाले जूते व किट बहुत महंगी आती है। एक प्रतियोगिता का खर्चा पचास हजार रुपए तक पहुंच जाता है। सामान्य परिवार का बच्चा कैसे राष्ट्रीय स्तर खेल कर पाएगा, कभी सोचा है। खेलों को राज्य सूची का विषय बना रखा है। केन्द्र व राज्य अपनी अपनी सुविधा अनुसार जब चाहे पला झाड़ लेता है। खिलाड़ी प्रदेश व देश के लिए गौरव लाता है तो फिर सरकारें प्रतिभाशाली खिलाडियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं देती हैं। एथलेटिक्स, कुश्ती, मुक्केबाजी व अन्य कई खेल हैं जिनमें हिमाचल के स्टार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बहुत बढिया प्रदर्शन कर रहे हैं, मगर खेल जारी रखने के लिए उन्हें काफी धन की जरूरत होती है। इसलिए अधिकतर खिलाडियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपी, लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल का पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं और जिस किशोर खिलाड़ी में स्परिंट जितनी अधिक होगी, वह उतना ही अच्छा किसी भी खेल का खिलाड़ी बनेगा। प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र धाविका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर का पदक नहीं जीत पाई है। आज फिर राज्य में विभिन्न खेलों सहित तेज गति के उभरते हुए खिलाड़ी व एथलीट हैं जिनको वजीफे की बहुत अधिक 2026 में जरूरत है। इनके पास नौकरी नहीं है।



# प्रखंड में ईस्टर (पास्का) पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मसीही समुदाय ने ईस्टर (पास्का) पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर सहित महुआडांड़ के विभिन्न पल्लियों में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबिल पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। संत जोसेफ बड़े गिरजाघर में मुख्य अनुष्ठान का नेतृत्व पतरस तिर्की लकड़ा ने किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईस्टर मसीही समुदाय के लिए आस्था, विश्वास और पुनरुत्थान का प्रतीक पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु मसीह ने पाप, दुख और तकलीफों पर विजय पाई और तीसरे दिन पुनर्जीवित हुए। उन्होंने अपने जीवन को मानवता की भलाई और खुशहाली के लिए बलिदान किया।

**ईस्टर अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा है : फादर सुरेश**

रविवार रात मिस्सा पूजा के दौरान मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि ईस्टर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक ज्योति की ओर यात्रा है। उन्होंने कहा, प्रभु यीशु ने पुण्य शुक्रवार को क्रूस पर बलिदान देकर मानव जाति के पापों का प्रायश्चित किया और रविवार को पुनर्जीवित होकर जीवन की ज्योति बन गए। इसी स्मृति में हम रात्रि जागरण मिस्सा के दौरान मोमबत्तियाँ जलाकर ज्योति की आराधना करते हैं।

**समाज सेवा का लिया संकल्प**

फादर बार्थो ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार प्रभु यीशु ने अपने बलिदान से मानवता को ईश्वर से जोड़ा, उसी प्रकार हमें भी समाज से जुड़कर सेवा कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वासियों से आग्रह किया कि आपसी कलह, ईर्ष्या और द्वेष जैसी कुरीतियों को त्यागकर समाज सेवा को अपनाएं। इस दौरान होली क्रॉस की सिस्टरगणों द्वारा कोयल दल का संचालन किया गया। मिस्सा आयोजन में युवा-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों की भागीदारी रही। कार्यक्रम संचालन में हेड प्रचार आनंद और सिस्टर स्वाति का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

## अभिभावकों को लूटने वाले निजी स्कूलों के यू-डाइस कोड रद्द कर सख्त कार्रवाई की जाए : रवि डे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस नेता एवं समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि लातेहार जिले में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी ढंग से अवैध वसूली की जा रही है, जिससे माता-पिता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे स्कूलों के यू-डाइस कोड रद्द करते हुए इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।रवि डे ने कहा कि जहां राज्य के शिक्षा मंत्री निजी स्कूलों की मनमानी पर चिंता जता रहे हैं, वहीं लातेहार के शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। मार्च-अप्रैल के समय में एडमिशन, कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म आदि के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है, जिससे अभिभावक आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावक भय और संकोचवश खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो जाए। इस डर का फायदा उठाकर कुछ निजी स्कूल संचालक जमकर शोषण कर रहे हैं। चंदवा क्षेत्र के कई निजी स्कूल भी इस अवैध वसूली में शामिल हैं। श्री डे ने जिला शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि बिना किसी 'किन्तु-परन्तु' के एक गंभीर और निष्पक्ष जांच समिति गठित कर ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शिक्षा मंत्री द्वारा चलाए जा रहे सुधार अभियान को सफल बनाया जा सके।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह माना जाएगा कि वे भी इस लूट में मिलिभगत के भागीदार हैं।

## शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल ने उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला। शिक्षकों का ग्रेड 03 एवं 04 में प्रोन्नति देने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि को ससम्मान सामुहिक सेवानिवृत्ति लाभ देने की शुरुआत 30 अप्रैल को होना लगभग तय। जैसा कि आप सभी को मालूम है कि पिछले माह मार्च में अजप्टा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय लोहरदगा के बीच शिक्षकों के ग्रेड 03 एवं 04 की प्रोन्नति, सेवानिवृत्ति तिथि को ससम्मान सेवानिवृत्ति लाभ सहित अन्य शिक्षक समस्याओं पर काफी सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में वार्ता हुई थी,जिसके पश्चात् हमलोगों ने 15 अप्रैल तक सभी उपरोक्त समस्याओं का समाधान होने की संभावना जताई थी। तत्पश्चात दिनांक 17 अप्रैल को संगठन की समीक्षात्मक बैठक के पश्चात उसी दिन 03¬30 बजे जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय से मिलकर अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की जानकारी लेने हेतु संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल वार्ता हेतु गया था। परन्तु जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय के विभागीय बैठकों में व्यस्तता के कारण उनसे मुलाकात काफी इंतजार के बाद भी नहीं हो पाई थी,और जो कार्यालय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई थी उसके संबंध में आप सभी को अवगत भी करा दिया गया था। आज उसी कड़ी में कार्यालय सूत्रों से प्राप्त जानकारी की पुष्टि हेतु पुनः जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय से मुलाकात की गई जिनके अनुसार भी वित्तीय वर्ष की समाप्ति माह मार्च में अति कार्य व्यस्तता के कारण 15 अप्रैल तक संभव नहीं हो पाया परन्तु उसके बाद अब वांछित ग्रेडों में प्रोन्नति एवं सेवानिवृत्ति लाभ का कार्य काफी प्रगति एवं लगभग अंतिम चरण में है,जिसके लिए अपने जिले में एक जिला शिक्षा अधीक्षक के रूप में नव पदस्थापित पदाधिकारी द्वारा हम शिक्षकों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान की प्रबल ईच्छाशक्ति को देखकर संगठन की ओर से आभार भी व्यक्त किया गया।इसी निमित्त आदरणीय जिले के उपायुक्त महोदय से भी मिलकर उन्हें दोनों ही महत्वपूर्ण विषयों पर जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय की सहमति एवं कार्य प्रगति से अवगत कराते हुए संभावित 30 अप्रैल तक कार्य पूर्णता हेतु अपेक्षित सहयोग के साथ ही उक्त तिथि को संगठन द्वारा आयोजित समारोह में ससम्मान प्रोन्नति पत्र एवं सामुहिक सेवानिवृत्ति लाभ देने की शुरुआत अपने हाथों करने का आग्रह किया गया जिसपर उनके द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के तमाम शिक्षक मित्रों एवं शिक्षिका बहनों सहित सभी शिक्षक संगठनों से विनम्र निवेदन है कि आईए आगामी संभावित 30 अप्रैल के कार्यक्रम में ससम्मान अपनी उपस्थिति एवं सहयोग प्रदान कर भव्यता के साथ हर वर्ष प्रोन्नति पत्र वितरण एवं हर माह/ हर शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्ति तिथि को सभी सेवानिवृत्ति लाभ ससम्मान प्रदान करने की परंपरा की शुरुआत अपने जिले लोहरदगा में करें। इसके लिए अगले सप्ताह में कार्यक्रम की रुपरेखा का निर्धारण एवं सफलता हेतु बैठक यथाशीघ्र बुलाई जाएगी। आज उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय से मिलने वालों में लोहरदगा जिलाध्यक्ष श्री मनी उरांव एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष द0 छो0 प्रमंडल,अजप्टा श्री अजय कुमार सिंह शामिल थे।

# जंगली हाथी का बच्चा कुएं में गिरा, रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मारंगलोइया ग्राम में शनिवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े एक हाथी का बच्चा कुएं में जा गिरा ।रात करीब 11 बजे जंगली हांथी फंसा होने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दिया जिसके बाद ग्रामीण एवं वन विभाग की टीम ने पहुंचकर मौके पर जंगली हाथी के झुंड से बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। हाथी के बच्चे के बचाने के लिए वन विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद कुएं से 50 फीट की दूरी का एक रास्ता बनाया तब जाकर रात करीब 3 बजे हाथी के बच्चे को बाहर निकाला जा सका। वही इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार महतो ने बताया कि यह हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया था और पिछले कुछ दिनों से बालूमाथ एवं चंदवा के जंगलों इलाकों में अकेला घूम रहा था भोजन की तलाश में जंगल से बाहर निकालने के दौरान वह खुले कुएं में गिर गया कुएं में पानी कम था हाथी की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर जूटे और वन विभाग को इसकी सूचना दी ।ज्ञात हो कि बालूमाथ के मारंगलोइया ग्राम में ही शनिवार को जंगली हाथी के झुंड ने एक महिला को कुचल कर मार डाला था। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को सड़क जाम किया था।

# गरीब असहाय का घर गिरा, जान बची पर सहारा छिना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के दुरूप पंचायत के सुथनिया टांड गांव में शनिवार को जगदीश मुंडा का कच्चा मकान अचानक ढह गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। जगदीश मुंडा, पिता सितु मुंडा, अत्यंत गरीब हैं और पत्नी के साथ मजदूरी करने बाहर चले गए हैं। गाँव में रोजगार का अभाव और ठेकेदारों द्वारा उचित मजदूरी न मिलने के कारण उन्हें पलायन करना पड़ा। यह हादसा उनकी अनुपस्थिति में हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, मकान पहले से ही जर्जर था और हाल की बारिश व तेज हवाओं ने इसे कमजोर कर दिया था। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया, लेकिन किसी की जान नहीं गई, यह राहत की बात रही। स्थानीय ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित को प्रधानमंत्री आवास योजना या आपदा राहत कोष से तत्काल सहायता दी जाए।इस घटना ने क्षेत्र में रोजगार संकट और पलायन की गंभीर स्थिति को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे पीड़ित की मदद के साथ-साथ रोजगार के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाएं।

## जलडेगा पल्ली में मना गुड फ्राइडे



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानव जाति की मुक्ति के लिए प्रभु यीशु ने सूली पर अपना बलिदान दिया था। इसी बलिदान के स्मरण में ईसाई समुदाय ने शुक्रवार को जलडेगा पाली एव राज्य भर में गुड फ्राइडे मनाया। इस दौरान जलडेगा पाली में विशेष धर्म विधि आयोजित की गई। जिसमें कैथोलिक कलीसिया के मसीही विश्वासियों के द्वारा येसु मसीह के दुख भोग के 14 स्थानों को याद करते हुए क्रूस रास्ता बिधि पून की गई। और जलडेगा पाली में जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। गुड फ्राइडे के मुख्य आयोजक फादर राजेन, फादर जेबियर, फादर गुलाब ने बड़े ही भक्तिमय वातावरण में संपन्न किया। यह झांकी जलडेगा पाली के जाम टोली और डिपा टोली यूनिट के भाई बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## मोहिबुद्दीन अंसारी बने सांसद प्रतिनिधि, बेतला वन क्षेत्र का मिलेगा दायित्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह ने बेतला निवासी और भाजपा नेता मोहिबुद्दीन अंसारी को बेतला वन प्रक्षेत्र व पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की जानकारी भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने दी।सांसद कालीचरण सिंह ने चुनाव जीतने के बाद बरवाडीह क्षेत्र का कई बार दौरा कर मूलभूत समस्याओं से अवगत होते हुए विकास कार्यों पर जोर दिया है। इसी क्रम में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जा रही है।नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए मोहिबुद्दीन अंसारी ने कहा कि एक साधारण और अल्पसंख्यक कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए वे सांसद के आभारी हैं और पद की गरिमा का ईमानदारी से पालन करेंगे।

# राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा में स्व बिरसा उरांव को किया श्रद्धांजलि अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को एम जी रोड स्थित झखरा कुम्बा सभागार में जिला धर्मगुरु फुलकेशवर उरांव की अगुवाई में पूर्व कोषाध्यक्ष राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के ग्राम किस्को निवासी बिरसा उरांव का निधन कोरोनावायरस की चपेट से 2023 में हो गयी थी। इसके मृत्यु से लोहरदगा जिला राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के एक ईमानदार, कर्मठ सदस्य को खो दिया है। आज के दिन 20 अप्रैल को उसका निधन हुआ था। उसी का आज शोक सभा व श्रद्धांजली अर्पित लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव ने कहा कि स्व बिरसा उरांव एक कर्मठ ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन काल के दिनों भारतीय सेना में सेवा कर देश सेवा किये थे, वे सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव घर में सामाजिक सेवा किया। बिरसा उरांव ज्यादा पढ़े-लिखे व्यक्ति नहीं थे परंतु इंसानियत और ईमानदारी के सच्चे सपूत थे। उन्होंने समाज को नौ वर्षों तक अपने जीवन काल तक पद पर बने रहे। वे 68 वर्ष की आयु में मां चाला एवं धर्मेश बाबा ने अपने पास बुला लिया। मां चाला उन्हों कुण्डी राजी में स्थान दें और आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक सभा में जिला धर्मगुरु फुलकेशवर उरांव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयंती उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, कोषाध्यक्ष मंगलदास उरांव, सावित्री उरांव, चन्द्रमनी उरांव आदि उपस्थित थे।

## बंशीधर नगर से तीन नाबालिक बच्चे लापता, थाने में हुई प्राथमिक दर्ज



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर ऊंटारी थाना अंतर्गत दुबाट टोला से 12 से 13 वर्षीय तीन नाबालिक बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। तीनों बच्चों के माता-पिता ने नगर ऊंटारी थाना में आवेदन देकर जांचों प्रांत कार्रवाई करने एवं उनके बच्चों के खोजबीन कर उचित कार्रवाई करने का आवेदन दिया है। थाना में दिए आवेदन में लिखा हुआ है कि शाम 7:00 बजे मेरा लड़का जिशान रजा उम्र 13 वर्ष घर से ये बोलकर निकला की मैं अपने दोस्त हैप्पी आलम उम्र लगभग 13 वर्ष पिता को आरिफ आलम ग्राम चचेरिया (2) रोशन कुमार उम्र 13वर्ष पिता-राकेश कुमार पता दूबाट नगर उँटारी दोनो थाना नगर उंटारी जिला गढ़वा से मिलने जा रहा हु।देर रात हो जाने के कारण जब मेरा बेटा घर नही आया तो मैं उसके दोस्त के यहाँ खोजने गया तो पता चला की उसके उक्त दोने दोस्त भी घर पर नही है। माता पिता के द्वारा बताया गया की दोस्ट से मिलने जाने को कहकर घर से निकले है। परंतु तीनों बच्चों अब तक घर को वापस नहीं लौटे हैं। हमलोग तीनो बच्चों के पूरा परिवार सहीत आस-पास एवं रिश्तेदार में काफी खोजबीन किये परंतु कोई पता नहीं चला। आगे आवेदन में गार्जियन के द्वारा श्रीमान से आग्रह किया है की प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करने का अनुरोध किया है।

## पुलिस प्रताड़ना के शिकार अनिल सिंह को आखिरकार मिला न्याय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह पुलिस प्रताड़ना का हुए शिकार बरवाडीह प्रखंड वर्तमान में सरयू प्रखंड के ग्राम कुकू निवासी आदिवासी साथी अनिल सिंह को अवैध तरीके से पुलिस हिरासत में हुए हिंसा के एवज़ में पांच लाख रु का मुआवज़ा दिनांक 15 अप्रैल 2025 को मिल गया है हालांकि अनिल सिंह पर हुई प्रताड़ना के एवज़ में यह नाम मात्र मुआवज़ा है, लेकिन फिर भी वर्तमान व्यवस्था में एक बड़ी जीत है। मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता लालमोहन सिंह खेरवार ने बताया कि माओवादियों को मदद करने के फर्जी आरोप में अनिल सिंह को 23 फरवरी 2022 से दो दिनों तक गारू थाना में अवैध तरीके से हिरासत में रख कर उनपर थाना प्रभारी रंजीत यादव, उप प्रभारी शहीद अंसारी और अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा व्यापक हिंसा किया गया था. बेरहमी से पूरे शरीर की पिटाई की गयी थी, जातिसूचक गाली दिया गया था, पैखाने के रास्ते पेट्रोल डाला गया था और बुरी तरह जख्मी किया गया था इसके विरुद्ध अनिल सिंह न्याय के लिए लड़ने का निर्णय लिया. प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए संघर्ष किया, न्यायालय में मामला दर्ज किया, स्थानीय स्तर पर संघर्ष किया. लम्बे संघर्ष और घटना के 7 महीने बाद प्राथमिकी दर्ज हुआ। उच्च न्यायलय ने पुलिस को दोषी करार देते हुए 24 जून 2024 को दो सप्ताह के अन्दर मुआवज़ा का आदेश दिया था. इसके बाद भी लगातार संघर्ष जारी रहा फिर 10 महीने बाद उन्हें मुआवज़ा मिला। उन्होंने कहा कि अब दोषियों को सज़ा के लिए संघर्ष जारी रखना होगा। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष में महासभा लगातार उनके साथ रही। उन्होंने बताया कि अनिल सिंह के जज़्बे को सलाम जो व्यापक पुलिसिया और प्रशासनिक दबाव व प्रलोभन के बावजूद न्याय के लिए संघर्ष करते रहे, उच्च न्यायलय में न्यायिक लड़ाई करने वाले वकील शैलेश पोद्दार भाकपा (माले) लिबरेशन के पूर्व विधायक कामरेड विनोद सिंह जिन्होंने कई बार मामला विधान सभा में उठाया जिनके जज्बे को सलाम करता हूं। बताते चलें कि उसी क्षेत्र के आदिवासी ब्रम्हदेव सिंह को 2021 में सुरक्षा बलों द्वारा फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया था. उनकी पत्नी जीरामनी देवी के लम्बे संघर्ष के बाद सुरक्षा बलों का दोष सिद्ध हुआ था और जीरामानी को भी मुआवज़ा मिला था ,इन दोनों मामले और अनिल व जीरामनी के संघर्ष से सीख लेते हुए हम सबको पुलिसिया दमन और हिंसा के विरुद्ध संघर्ष करते रहना होगा।

# मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप, लाभुकों ने जनप्रतिनिधि को सौंपा आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर लाभुकों में भारी आक्रोश देखा गया। रविवार दोपहर शहर के माको डाक बंगला में मनरेगा लाभुकों ने जीप सदस्य विनोद उरांव को एक आवेदन सौंपा, जिसमें बीपीओ, ऑपरेटर, जेई और एई पर मनमानी और अवैध पैसे की वसूली का गंभीर आरोप लगाया गया है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि योजनाओं की एंट्री के नाम पर बीपीओ द्वारा 2000, मस्टर रोल में भुगतान के लिए 2प्रतिशत कमीशन और सेकेंड जियो टैग छोड़ने के नाम पर 1000 की मांग की जाती है। पैसे नहीं देने पर मस्टर रोल में हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया जाता है और जीरो एंट्री कर दी जाती है।आवेदन में लाभुकों ने मांग की है कि भ्रष्टाचार में लिप्त बीपीओ, ऑपरेटर, जेई और एई को सदर प्रखंड से हटाया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे।लाभुकों ने प्रशासन से इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बेहराबाद गांव में हाथियों का कहर

## एक परिवार का घर ध्वस्त, अनाज व सामान को पहुंचाया भारी नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत अंतर्गत बेहराबाद गांव में शनिवार की शाम लगभग सात बजे उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब हाथियों के एक झुंड ने गांव में धावा बोल दिया। हाथियों ने गांव की कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।हाथियों का सबसे बड़ा हमला ग्रामवासी मसोमात कौशल्या देवी पति स्वर्गीय टिको रविदास के घर पर हुआ। हाथियों ने उनके कच्चे मकान को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। घर की दीवारें गिरा दी गई और अंदर रखा सारा सामान एवं अनाज बर्बाद हो गया। इस हमले में पीड़ित परिवार बेघर हो गया है और आर्थिक नुकसान झेल रहा है। इसके अलावा तेतरिया भंडारों गांव निवासी अर्जुन यादव के घर में भी हाथियों ने तोड़फोड़ मचाई। उनकी खिड़की को नुकसान पहुंचाया गया और घर में रखे अनाज को खा गए। घटना के बाद पूरे गांव में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने रात भर आग जलाकर और छतों पर चढ़कर रात बिताई। लोगों ने पूरी रात जागकर पहरा दिया ताकि हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ा जा सके। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर क्षतिग्रस्त घर व संपत्ति का जायजा लिया। उन्होंने वन विभाग से तत्काल मुआवजा देने की मांग की है और कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए स्थायी समाधान निकाला जाना जरूरी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के बढ़ते उत्पात पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# हाइवा ने युवक को लिया चपेट में, घटनास्थल पर ही युवक की मौत

## आक्रोशित भीड़ ने हाइव में लगाई आग, वाहन पूरी तरह जल कर खाक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस से टोरी रेलवे साइडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य कर रहे ओएसएल कंपनी में कोयला ढुलाई कार्य में लगे हाइवा वाहन ने 40 वर्षीय युवक को चपेट में ले लिया जिस कारण युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के संदर्भ में मृतक की पत्नी कविता देवी ने बताया कि मेरे पति विकास कुमार केरेडारी कोल माइंस के एमडीओ कंपनी बीजीआर में ड्यूटी पर था। कंपनी कार्य को लेकर मोटर साइकिल से जा रहे थे। इस दौरान पांडु गांव स्थित कवेद नदी के समीप हाइवा वाहन जे एच 02 बी एस 0113 के चालक ने पीछे से मेरे पति के मोटरसाइकिल पर चढ़ा दिया और लगभग सवा सौ फीट मोटर साइकिल समेत घसीटते ले गया जिस कारण मेरे पति का जांघ से नीचे का हिस्सा पूरी तरह पिसा गया। वहीं मोटर साइकिल भी पूरी तरह बरबाद हो गया। मृतक के तीन बच्चे हैं जिनमें आरव की उम्र महज 12 वर्ष अर्णव की उम्र 9 वर्ष और बेटी आराध्य की उम्र 6 वर्ष है। विकास की मौत के उपरांत परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलने पर पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर वास्तु स्थिति का जायजा लिया। विकास की मौत के उपरांत एकत्रित भीड़ ने घटना को अंजाम दे कर भाग रहे हाइवा वाहन को पगार एक नंबर बैरियर के समीप आग लगा दिया जिस कारण वाहन पूरी तरह जल कर खाक हो गया। मौत और आगजनी की घटना पर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार पूरी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर वास्तु स्थिति का जायजा लिया और स्थिति को काबू में किया। वहीं परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को ट्रांसपोर्टिंग सड़क पर रख कर कोल ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप करा दिया। लोग पगार ओपी प्रभारी पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बैरंग लौटा दिया। जाम स्थल पर मौजूद लोगों का कहना था कि कोयला ढुलाई कार्य कर रही ओएसएल कंपनी में अधिकांश अप्रशिक्षित चालक बड़ी बड़ी ब्यूवसायिक वाहन को चला रहे हैं जिस कारण घटना घटी है। ट्रांसपोर्टिंग कंपनी एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस प्रबंधन पगार ओपी प्रभारी द्वार हाइवा वाहन चला रहे चालकों की कभी सुध नहीं ली जाती है! खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन जिप प्रतिनिधि निरंजन साव प्रमुख पति प्रेम रंजन पासवान पांडु मुखिया पति रवानी मियां पंचायत समिति सदस्य मो रियाज समेत अन्य लोगों के साथ जाम स्थल पर मौजूद थे।

### प्रदीप प्रसाद ने जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु लगाया जनता दरबार

# जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है, रविवार हो या त्योहार, सेवा के लिए सदैव तत्पर हूं : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार के दिन सुबह 7:00 बजे अपने सेवा कार्यालय में पहुंच गए और जनता दरबार के तहत लोगों से मुलाकात शुरू कर दी। विधायक से मिलने के लिए जैसे ही कार्यालय के द्वार खुले, देखते ही देखते लोगों की लंबी कतार लग गई। हर उम्र, हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे,किसी को पेंशन में विलंब की शिकायत थी, कोई बिजली-पानी की समस्या लेकर आया, तो कोई अपने इलाके की सड़कों की जर्जर हालत से परेशान था। विधायक श्री प्रसाद ने न केवल प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी, बल्कि कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर जनप्रतिनिधि सक्रियता का परिचय भी दिया। आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देशित किया तथा कुछ मामलों में व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप करने का भरोसा भी दिया. इस दौरान कार्यालय में उपस्थित लोगों ने विधायक की कार्यशैली और समयबद्धता की सराहना की। आम जनमानस का कहना था कि ऐसे समय में जब अधिकतर नेता केवल औपचारिकता निभाते हैं, विधायक श्री प्रसाद वास्तव में जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर सक्रिय हैं। विधायक ने कहा की जनता ही जनप्रतिनिधि की असली शक्ति होती है। जब लोग अपनी समस्याएँ लेकर आते हैं, तो उनका समाधान करना मेरा धर्म है। रविवार हो या कोई अन्य दिन, मेरा कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है।

# शादी के बंधन में बंधे मधुमिता को अर्जुन व सुदेश ने दी बधाई, अभिभावक बने सुदेश



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झालदा रिसोर्ट में बीते शुक्रवार को रात भारतीय तीरंदाज एशियाई खेल 2018 में रजत पदक विजेता मधुमिता कुमारी की शादी समारोह में शादी के बंधन में बंधे मधुमिता एवं निशांत को झारखंड सरकार पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा व सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के संरक्षक सह सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष नेहा महतो गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो,आजसू नेता फुसरो संतोष कुमार महतो आदि बधाई दी। अभी तक किसी शादी समारोह में पहुंचने वाले मुख्य अतिथि आयोजन में चार चांद लगाते थे। मेहमानों के साथ उनके फोटो खिंचते थे, लेकिन इस बार पहली बार ऐसा हुआ कि सुदेश कुमार महतो ने अभिभावक बनकर विवाह संपन्न कराया। ज्ञात हो की पिछले कई वर्ष पूर्व मधुमिता के पिता का सिल्ली में सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था। कोच प्रकाश राम ने बताया कि शादी में अभिभावक बनकर विवाह सम्पन्न कराना एक बहुत ही महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी वाला कार्य है। यह विवाह में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए एक बहुत ही खास अनुभव हो सकता है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थितथे।

# पत्थर खदान में डूबे 10 वर्षीय बच्चे का शव 72 घंटे बाद ग्रामीणों ने किया बरामद







### एनडीआरएफ की टीम शव निकालने के बाद पहुंची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**दारू (हजारीबाग) ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कबलासी पंचायत के गाड़ीसाडम गांव में शुक्रवार को 10 वर्षीय बच्चे शक्ति कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। शक्ति कुमार, स्वर्गीय राजेश राणा का पुत्र था, जो 18 अप्रैल की शाम को अपने घर से लापता था। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा, तो उसकी परिवार वालों ने उसे खोजने का प्रयास किया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी मिली, तो वे भी खोजबीन में जुट गए। बताया गया कि शक्ति अपनी बड़ी बहन श्रद्धा के साथ तालाब की ओर गया था, जहाँ उसकी बहन कपड़े धो रही थी। उसी दौरान खेलते-खेलते उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगा। यह देखकर उसकी बहन घबरा गई और किसी को कुछ बताए बिना घर लौट आई। पूरी रात परिजन और ग्रामीण शक्ति की तलाश करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगले दिन दारू थाना में परिवार वालों ने लिखित आवेदन देकर इसकी जानकारी दी तत्पश्चात थाना प्रभारी शफीक खान घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि जैसे ही मुझे इसकी सूचना मिली मैं इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारियो को दिया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, अंचल अधिकारी राम बालक कुमार,थाना प्रभारी सफीक खान, एनडीआरएफ की टीम और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।घटना के संदर्भ में अंचल अधिकारी राम बालक कुमार ने बताया कि जैसे ही मुझे इसकी सूचना मिली मैं उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी दी जिसके बाद एनडीआरएफ को सूचित किया गया। बताया गया कि एनडीआरएफ की टीम गुमला में थी जिसके कारण आने में देर हुई। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो दिनों से लगातार में प्रशासन को सूचित कर रहा हू लेकिन यहां देखने वाला कोई नहीं है। रविवार शाम को जैसे ही प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची उससे पहले शव अपने आप पानी के ऊपर आ गया। इसके बाद ग्रामीणों ने शव को निकाल लिया। कागजी कार्रवाई को लेकर प्रशासन शव को अपने कब्जे में लिया तो ग्रामीणों के आक्रोश के कारण उन्हें वहां से वापस जाना पड़ा उसके बाद दोबारा ग्रामीणों को समझाया बुझाया गया। तत्पश्चात पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया।

# डहरभंगा शिव मंदिर में निकाली गई भव्य गाजे बाजे के साथ शिव परिवार प्रतिमा का नगर भ्रमण



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । प्रखंड के डहरभंगा गांव के शिव मंदिर परिषर में पंच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ 20 अप्रैल दिन रविवार चतुर्थ दिवस को यज्ञाचार्य पंडित धर्मेंद्र शास्त्री, उपाचार्य पंडित विजय शास्त्री, आचार्य पंडित संदीप शास्त्री (कौंडिल्य) वैदिक , पंडित सत्यानंद शास्त्री,मंदिर पुरोहित पंडित नन्दकिशोर पाण्डेय ,पंडित मनोज पाण्डेय, संतोष पाण्डेय के मंत्रोच्चारण द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण पूजन कर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया वही 21 अप्रैल दिन सोमवार को पूजन ,शिव प्राण प्रतिष्ठा , हवन आरती भंडारा के साथ अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। यज्ञ स्थल में मांडू विधानसभा क्षेत्र विधायक तिवारी महतो एवं पूर्व विधायक जय प्रकाश पटेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, कांग्रेस नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव,टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,रजनीकांत चौधरी ने शिव परिवार को प्रणाम कर माथा टेका और शिव परिवार सहित विप्र गणों का आशीर्वाद लिया । नगर भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति अध्यक्ष सुखदेव ठाकुर,जगदीश यादव,मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र यादव,बबन कुमार,पिंटू साव ,संतोष राम,पंकज पाण्डेय,सौरभ पाण्डेय,नीरज पाण्डेय,कन्हाई राम,राजेंद्र साव, प्रमोद साव, मुकेश यादव, सुनील साव,गोपाल साव समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

# जीवन को आगे ले चलने के लिए प्रभु यीशु हमारी सहायता करते हैं




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : खलारी स्थित शांतिनगर स्थित चर्च में ईस्टर पर्व (पाम संडे) धूमधाम से मनाया गया। फादर हिलारियुस तिग्गा ने मिस्सा पूजा कराया। फादर हिलारियुस तिग्गा ने अपने संदेश में कहा कि ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरूत्थान का पर्व है। गुडफ्राइडे के दूसरे दिन प्रभु यीशु जी उठते है और प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का पर्व मसीही पूरे धूमधाम से मनाते है। कहा कि प्रभु यीशु अपने जीवन को आगे ले चलने के लिए हमारी सहायता करता है। शारीरिक मृत्यु से अधिक भयानक आत्मा की मृत्यु होती है। जिसे हम अक्सर अनुभव करते हैं। ईशा अपने पुनरूत्थान द्वारा हमें इसी मुश्किल से बचाना चाहते हैं क्योकि हमारी आत्मा का शत्रु शैतान हमें अपनी आत्मा की मृत्यु से हमारा ध्यान हटाना चाहता है जिससे हम उसके वश में रहें। हमें अपनी आंखें खोलनी चाहिए जिससे हम उसके फंदे में न फंसे। अंत मे मसीही विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में फादर आर्थर, फादर आस्कर टोप्पो, डा सिस्टर निर्मला सामुएल, सिस्टर दिव्या, सिस्टर नेली, सिस्टर ओलिश, प्रदीप कुजूर, सी कुजूर, ज्ञान कुजूर, पीटर लकड़ा, मेरी किस्कू, किशोर लकड़ा, ज्योति कुजूर, लुईस कुजूर, रोबिन एक्का, प्रफुल्लित लक्रड़ा, मनोहर लकड़ा, डा ए कुजूर, बासिल लकड़ा आदि मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

# अदभुत एवं रोमांचकारी एयर शो में उमड़े ग्रामीण



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से झारखंड में पहली बार भारतीय वायु सेना द्वारा सूर्य किरण एयर रोबोटिक शॉ का आयोजन खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में 19 अप्रैल से शुरू होकर समापन 20 अप्रैल को हो गया।इसमें आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भारतीय वायु सेना के अद्भुत,साहस व हैरतअंगेज करतब को देखकर सराहा।इस कार्यक्रम में सांसद ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में वायु सेना में जाने के लिए उत्साह के साथ प्रेरित करना है।इस कार्यक्रम को देखकर बच्चे एवं युवा काफी रोमांचित थे।

# पाँच दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत 16अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 को जन जागरण केंद्र हजारीबाग के द्वारा विष्णुगढ़ प्रखण्ड के 11 गांवों में उन्नत कृषि एवं पशुपालन विकास के लिए पाँच दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण किया गया। बताते है,कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिला किसानो की आय में सतत वृद्धि करना एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। इस परियोजना के तहत चयनित 11 गांवो के 2000 किसानो को उन्नत कृषि , पशुपालन, उन्नत खेती प्रशिक्षण ,उच्च गुणवता के बीज,बकरी पालन ,मुर्गी पालन से संबंधित जानकारी दी गई। परियोजना कार्यालय बनासो में द गोट ट्रस्ट लखनऊ से आये प्रशिक्षक मानिक कुमार चौधरी ने परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत पशु सखी दीदी को बकरी पालन प्रबंधन के विषय में जानकारी दी प्रशिक्षण के क्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रजनन ,आहार प्रबंधन ,स्वास्थ्य प्रबंधन , पशु आहार निर्माण ,पचपन प्रास ,पचमोला एवं निम् तेल घर पर ही बनाने की विधि की जानकारी दी गई। साथ ही साथ टीकाकरण ,क्रिमीकरण ,प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई,जिससे की पशु सखी दीदी अपने गांव में आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों के पशुपालन को लाभप्रद बनाया जा सके।निदेशक जन जागरण केंद्र अजय कुमार सिंह ने बताया कि जन जागरण केंद्र हजारीबाग के माध्यम से विष्णुगढ़ प्रखण्ड के 11 गांव में उन्नत कृषि एवं पशुपालन विकास के माध्यम से महिला किसानो की आय में सतत वृद्धि कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है इस प्रसिक्षण के माध्यम से परियोजना क्षेत्र के पशुपालको को लाभ होगा ग्रामीणों को आवश्यकता पड़ने पर ग्राम स्तर पर हीं प्राथमिक उपचार की सुविधा प्राप्त हो जाएगी जिससे बकरी पालक ,मुर्गी पालकों को आर्थिक नुकसान से बचाने में सहायता मिलेगी। परियोजना प्रबंधक कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पशुओ को समय- समय पर टीकाकरण , कृमिनाशक देकर पशुपालको को पशुपालन में होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। किसानो को समय से टीका उपलब्ध कराया जाएगा जिससे की पशुओ को संक्रामक रोगों से बचाया जा सकता है। जिससे की किसान पशुपालन कर अपने परिवार का पालन पोषण करने में सहायता कर सकते है ।साथ ही साथ परियोजना क्षेत्र के 11 गाँव में किसानो को उन्नत खेती,दलहनी खेती, सब्जी की खेती इत्यादि में सहायता दी जा रही है जिससे की किसान आत्मनिर्भर हो सके। प्रतिभागियों में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार ,हीरालाल महतो, मोतीलाल महतो, सुनीता देवी ,ललिता देवी ,गीता देवी ,अलोमुनी कुमारी ,देवंती देवी,सविता कुमारी, धनेश्वरी देवी, बिमला देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# बरही के ओरपरता में बह रही भक्ति की ब्यार, भारी संख्या में शामिल हो रहे है श्रद्धालु




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के ओरपरता गांव में भक्ति की ब्यार बह रही है। शुक्रवार से नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार एवं विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। शनिवार को पंचाग पूजन, आचार्यवरन, मंडपप्रवेश, जलाधीवास, संध्या आरती के बाद प्रवचन कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान पुजारी परमेश्वर यादव के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। कथा वाचिका देवी प्रेम सखी के द्वारा रामचरित्र मानस पर कथा सुना रही है। कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचिका देवी प्रेम सखी ने कहा कि महात्म्य का अर्थ है परिचय। जब तक हम किसी ग्रन्थ के बारे में जानकारी हासिल नहीं करेंगे तब तक उस ग्रन्थ से प्रेम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि रामायण कोई किस्सा कहानी नहीं अपितु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र के जीवन का दर्पण है। इसे हम सुनकर अपने जीवन को सुधार सकते हैं। आगे कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। हमें मर्यादित बनाती है। मौके पर अध्यक्ष नंदलाल राणा, सचिव बालकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, उपसचिव अशोक सिंह, पंचायत समिति सदस्य बिहारी यादव, रामचंद्र यादव, बाबूलाल यादव, किशुन राणा, मुकेश कु. यादव, अरुण कु. यादव, संजय यादव, आर्मी रंजीत धवन, महेश प्रसाद यादव, नरेश कुमार यादव, संजय राणा समेत भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहें हैं।

# झारखण्ड में जब तक गठबंधन की सरकार है वक्फ कानून को लागु नहीं किया जाएगा : पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर ।** वक्फ कानून 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर तहफ्फुज ए वक्फ कॉन्फ्रेंस की नेतृत्व में मुड़मा मदरसा बगीचा में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग ने वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शामिल हुए। सभी लोग ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून 2025 मुस्लिम समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर हमला है। इस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कांके विधायक सुरेश बैठा, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम उपस्थित हुए। कॉन्फ्रेस को सम्बोधित करते हुए अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं झारखण्ड तंजीम के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शमसेर आलम ने कहा कि केन्द्र सरकार के दारा थोपे गये काले कानुन के विरोध में पुरे देश के मुस्लमान आन्दोलित है क्योंकि वक्फ संशोधन कानुन 2025 मुस्लम समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर हमला है और यह हमला हम वरदास्त नहीं कर सकते है और इसी लिए आन्दोलन कि शूरूआत कर दी गई सभी लोगों से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन को चलाया जायेगा। जब तक यह कानुन वाप्स नहीं हो जाता। हमारा आन्दोलन का इतिहास है हम जब अग्रेजों के खिलाफ आन्दोलन करने में लाठी खाने में गोली खाने में नहीं डरे तो यह मोदी सरकार हमें क्या डरा सकती है यह आन्दोलन झारखण्ड के सभी क्षेत्रों में चलाया जाएगा। पूर्व बंधु तिर्की ने आन्दोलन को समर्थन देते हुए कहा कि जब तक गठबंधन की सरकार है इस कानून को झारखण्ड में लागु नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया है कि आप जज्बात में नहीं आयें और ना कोई हिन्सात्मक कार्य करें। बल्कि एक्ता बद्ध होकर इस आन्दोलन को ताकत दें। ताकि केन्द्र सरकार मजबुर होकर यह काला-कानून वापस लें ले। विधायक सुरेश बैठा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के पास कोई नहीं है। सिर्फ हिन्दू मुस्लिम एक्ता क बरबाद करने के शाजिस के काम तहत मुस्लमानों पर जुल्म किया जा रहा हैं। प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया माण्डर, बुड़मू रातू काँके, इटकी, चान्हों, का भी पूरा समर्थन इस कार्यक्रम को मिला। धन्यवाद ज्ञापन झारखण्ड तंजीम के नगर अध्यक्ष तनवीर गद्दी ने की। इस मौके पर, नूरूल्लाह नादवी, कांग्रेस अल्पसंख्यक रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, मोहम्मद अताउल्लाह, शमिम बरिहार, एफ अली, आदिल अजीम, मोहम्मद शमीम, आबिद अंसारी, अनिसुल रहमान, कमरूल हक, मोइन आलम सहित हजारों के संख्या में लोग उपरिथित हुए।

## जैन साध्वी संघ आज संध्या रामगढ़ में भव्य प्रवेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परम पूज्य आचार्य गुरुदेव 108 समय सागर जी की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका 105 श्री गुरु मति माताजी एवं पूज्य आर्यिका 105 श्री दृढ़मति माताजी ससंघ (42 पिच्छी) का कल रामगढ़ प्रवास होगा । आर्यिका का ससंघ डूंगर गढ़ से विहार करते हुए रामगढ़ प्रवास होते हुए मधुबन पारसनाथ की ओर जाएगी। उक्त जानकारी जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने दिया।



## वेस्ट बोकारो घाटो मे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का चुनाव हुआ सम्पन्न

**धाटो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन मे आज मजदूर यूनियन चुनाव की प्रक्रिया घाटो डी. ए.वी स्कूल मे सुबह 8ः00 से कड़ी सुरक्षा के बीच सुरु कराई गई द्व जिसमें टाटा स्टील वेस्ट बोकारो घाटों के कुल 2317 मजदूर वोटिंग किया एवं चुनाव की प्रक्रिया शाम 5ः00 तक चला फिर 5ः30 से मतगणना का काम सुरु किया गया जो आज देर रात तक पूरी कर ली जाएगी वहीं दोपहर 2ः30 बजे तक 75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मत का प्रयोग कर लिये है बाकी बचे मजदूर शाम 5ः00 बजे तक वोटिंग करने आएंगे इस बार 95 से 99 प्रतिशत तक वोटिंग होने की उम्मीद है दोनों गुठ के नेता स्कूल प्रांगण के ग्राउंड में बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने में सहयोग कर रहे हैं और जीत के प्रति काफी अस्वस्थ नजर आ रहे हैं



## ओरमांझी में खुला विद्या वाटिका कोचिंग सेंटर

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को बेहतर उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ओरमांझी थाना के समीप यशोदा काम्प्लेक्स परिसर में विद्या वाटिका कोचिंग सेंटर का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने फीता काटकर किया;और मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा इस क्षेत्र में बच्चों को गुणवत्ता पुण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न तरह के परीक्षाओं व प्रतियोगिता परीक्षाओं बेहतर करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिक्षण संस्थान की जरूरत है छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह के संस्थान निश्चित रूप से वरदान साबित होते हैं जिसकी जानकारी शिक्षक संदीप कुमार और सतीश कुमार ने दी कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता प्रोफेसर शैलेन्द्र मिश्र शिक्षक संदीप कुमार सतीश कुमार राधेश्याम साहू डॉक्टर प्रदीप कुमार साहू बनवारी साहू बलराम साहू रमेश साहू दिवाकर साहू राजेश साहू बीरबल साहू राजेंद्र साहू संदीप कुमार सुजीत साहू शुभम कुमार दिलीप साहू मंजू देवी शांति देवी सुनीता देवी अर्चना देवी डिंपल देवी पूजा देवी प्रियंका कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे

## जेएलकेएम नेता सह खिजरी विधायक प्रत्याशी समुन्दर पहान ने अमीन को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एजेंट अमीन अंसारी को जेएलकेएम नेता सह खिजरी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी समुन्दर पहान ने अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा यह एजेंट चौक के पास यातायात को नियंत्रित करने में मदद करता है।उनको उनके समर्पण और प्रयासों के लिए पहचाना जाता हैं।एजेंट अमीन अंसारी ने चौक में यातायात को सुचारू रूप से बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जहां यातायात एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।एजेंट ने चौक में यातायात को नियंत्रित करने में मदद की,जिससे दुर्घटनाओं और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिली है। यह सम्मान से एजेंट अमीन को और भी प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किए हैं। कि वह चौक में यातायात को बेहतर बनाने के लिए अपना काम जारी रखे। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष आफताब आलम,चकला मुखिया शिव नाथ मुंडा,प्रेमनाथ मुंडा, बालक पाहन,सरवन कुमार महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पिपरवार के बेंती गांव मे हुई विस्थापित ग्रामीणो की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव के इमली पेड़ के समीप रविवार को क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र गंझु और सचांलन महेश गंझु ने किया।बैठक मे मुख्य रूप से विस्थापितो के रोजगार, रोड सेल,कोयला आवांटन बढ़ाने,ठेका प्रथा सहित विस्थापित ग्रामीणों की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल कंपनी को कोयला खनन के लिए अपनी जमीन देकर विस्थापित हुए हैं।लेकिन आज भी कई विस्थापित ग्रामीणों का उनका हक और अधिकार नहीं मिला है। रोजगार के अभाव में विस्थापित ग्रामीण यहां से पलायन करने को मजबूर हैं। वहीं बैठक में सभी विस्थापित ग्रामीणों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया।बैठक मे अर्जुन गंझु,महेन्द्र गंझु,सुखी गंझु, आशिक अली, सकील अंसारी,बिजय महतो, परमेश्वर गंझु,बालेश्वर गंझु,रामबालक गंझु,रचित गंझु,प्रेम ठाकुर,दिलिप गंझु, नागेश्वर गंझु सहित काफी संख्या में विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## बचरा चार नंबर चौक में आरओ वॉटर एटीएम का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में रविवार को आरओ वाटर एटीएम का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर आरओ वाटर एटीएम का उद्घाटन किया।इस कार्यक्रम में आरओ वाटर एटीएम के निदेशक के द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में आरओ वाटर एटीएम के खुलने से यहां के लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।वक्ताओं ने कहा कि कम शुल्क में शुद्ध पेयजल यहां के लोगों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया रीना देवी,सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार सिंह, सुधीर सिंह,धीरप्रताप,उमेशा शर्मा,अनिता देवी,गुड़िया देवी,अनिमा गुप्ता,इन्दु शर्मा,रीना देवी,उषा देवी,मंजु देवी, सोनी देवी,नीलम देवी,रानी प्रवीण,पार्वती देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ में आजसू ने की प्रखंड संयोजकों और प्रभारियों की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** आजसू पार्टी ने रामगढ़ जिले में संगठन के विस्तार और पुनर्गठन को लेकर प्रखंड संयोजकों और प्रभारियों का मनोनयन किया है। इसे लेकर रविवार को रामगढ़ जिला कार्यालय में आजसू पार्टी की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला संयोजक नरेश महतो, जिला प्रभारी अशोक राम बेदिया, मदन महतो, हेमलाल बेदिया, अब्दुल हकीम अंसारी शामिल रहे। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि संगठन विस्तार और पुनर्गठन को लेकर रामगढ़ छावनी परिषद, रामगढ़ नगर परिषद सभी प्रखंड रामगढ़ सदर, पतरातू, मांडू गोला, चितरपुर, दुलमी के लिए संयोजक और प्रभारी मनोनीत किए गए हैं।छावनी परिषद रामगढ़ के लिए संयोजक मनोज राम, प्रभारी रमेश कुशवाह, रीना शाहा, पुरी देवी, राकेश साहू, जनोदन पासवान, शिवणी प्रिया, देवा भहतो, संजीता सिंह छोटू, मलेश्वर नायक मनोनीत किए गए हैं।नगर परिषद् रामगढ़ के संयोजक मनोज राम, प्रभारी शंकर मिश्रा, पवन यादव, रामभजन महतो, मनोज कुशवाहा, हेमनी देवी, लाजवन्ती देवी, आथा महतो, प्रदीप कुशवाह, ललन सिंह, छोटू करमाली मनोनित किए गए हैं।रामगढ़ प्रखण्ड (सदर) के संयोजक सरस्वती देवी, प्रभारी किशुन राम मुंडा, मनोज महतो, कलावती देवी, प्रखंड दुलमी में संयोजक लालचन्द महतो प्रभारी जलेश्वर महतो, महेश करमाली, देवन्ती देवी, देखा देवी, विकाश महता विवेक सिन्हा मनोनीत किए गए हैं।चितरपुर प्रखंड के संयोजक धर्मेन्द्र साव भोपाली, प्रभारी सरीता देवी, संतोष मुडा, अजय महतो, मिक्की चौधरी, सुविन तिवारी, सतीश मुंडा को मनोनीत किया गया है।गोला प्रखंड के संयोजक धनेश्वर महतो, प्रभारी प्रिती दिवान, गिता देवी, सिधुनिता सोरेन, प्रकाश करमाली, भाष्कर कोरवार, दीपक मुंडा, शिवा बेदिया, कुन्दन कुशवाहा मनोनीत किए गए हैं।मांडू प्रखंड के संयोजक किशुन महतो प्रभारी भोला तुरी, बैजनाथ राम, शंकर नायक तेजनार्थ महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, नरेश प्रसाद साहू ममता सोनी, नीलम देवी, शिवम मिश्रा. उमेश महतो को मनोनीत किया गया है।पतरातू प्रखंड के संयोजक लाल बिहारी महतो प्रभारी चन्द्रमणी देवी, विरेन्द्र झा, भुनेश्वर महतो रीता देवी, मनोज करमाली, हरि रत्मन साहू, व्यास पाण्डेय, विनोद मेहता, युगेश कुमार बेदिया, लालू महतो, धर्मवीर महतो, आयुष सिंह का मनोनयन हुआ है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में विमल बुधिया, राजेश कुमार महतो, धर्मेंद्र साव भोपाली, कैलाश महतो, संजय महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अड़की के बिरबंकी में सरना धर्म शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** अड़की के बिरबंकी में रविवार को सरना धर्म शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई. धर्मगुरु धीरजु मुंडा, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर मुख्य अथिति धर्मगुरु बहन कमले उरांव ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए और गरीबों, शोषितों, पीडितों एवं दीन-दुखियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहिए. इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. उन्होंने समृद्ध समाज के लिए सामाजिक भेद-भाव, रुढ़िवादी सोच तथा धार्मिक-सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का अह्वान किया था. इस कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, लुकीन मुंडा, मनीराम पहान, मथुरा कंडीर, बिरसा कंडीर, सुभासिनी पुर्ती, मंगा ओड़ेया, मंगल सिंह मुंडा, दुर्गा कच्छप, विश्राम टुटी, रमण टुटी, सुमित गुड़िया, दुलारी बारला, करमु हेंबरोम आदि ने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में अड़की, बुंडू, दलभंगा, तपकारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव इत्यादि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

# मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट ने डी-कैंप का किया आयोजन, 54 लोग हुए लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की ओर से डायबिटीज की बीमारी की जांच एवं सलाह के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। बिजुलिया तालाब रानी सती मंदिर के पास शिविर लगाकर प्रातः टहलने वाले लोगों की जांच की गई। सचिव श्रींजय मेवाड़ ने कहा कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन निवर्तमान एवं वर्तमान अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच की टीम के द्वारा लोगों की जांच की गई एवं लोगों को बीमारी की जांच के साथ इसके कारण और निवारण पर प्रकाश डाला गया। शिविर में लगभग 54 लोगों ने अपना बीपी, वजन और ब्लड शुगर जांच कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंच के अध्यक्ष ने कहा हमारा युवा मंच इस तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं लेकर आम लोगों के बीच जाते रहते हैं।मंच के युवा राहुल अग्रवाल ने बताया शुगर की जांच का सही समयः खाना खाने से पहले, खाना खाने के दो घंटे बाद का होता है। उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए कहा सामान्य रक्त शर्करा स्तर - उपवास रक्त



शर्कराः 100 द्व्द/स्त्ररु से कम तथा आहार लेने के दो घंटे बादः 140 द्व्द/स्त्ररु से कम होना चाहिए। 200 द्व्द/स्त्ररु या उससे अधिक का रैंडम ब्लड शुगर लेवल मधुमेह का संकेत दे सकता है इसके उपचार के लिए ऐसे लोगों को मधुमेह रोग विशेषज्ञ से उचित परामर्श लेना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन लोगों का सक्रिय सहयोग रहा उनमें मुख्य रूप से आशीष अग्रवाल, श्रिंजय मेवाड़, अभिषेक अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, आशुतोष बेरलिया, रवि अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, नीतेश बेरलिया, धीरज बंसल, अंश अग्रवाल थे।

## प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना का जल्द होगा विकास कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद का एक प्रतिदिन मंडल रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से हजारीबाग झंडा चौक स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की मुलाकात के दौरान रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना विकास कार्यो के बारे में चर्चा की सांसद महोदय ने आश्वासन दिए कि जल्द से जल्द अनुशंसा कर कार्य प्रारंभ की जाएगी की जो इस प्रकार है 1 मंदिर परिसर के चारों तरफ फाइबर ब्लॉक का निर्माण 2 मंदिर परिसर में डीप बोरिंग एवं जल मीनार का निर्माण 3 हाई मास्क लाइट का निर्माण 4 मंदिर परिसर के चेक डैम में दोनों तरफ



लाइट का निर्माण 5 मंदिर परिसर से लेकर रेफरल अस्पताल तक सड़क के दोनों तरफ लाइट का निर्माण 6 मंदिर परिसर आगे रेफरल अस्पताल के पास तोरण द्वार का निर्माण 7 मंदिर परिसर का आगे पार्किंग की व्यवस्था मिलने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद बेदिया भाजपा नगर परिषद उपाध्यक्ष संत राज पासवान पूर्व महामंत्री सुनील प्रसाद साहू वार्ड पार्षद अर्जुन यादव पूर्व मुखिया रामसहाय बेदिया समाजसेवी सुरेश गिरी पिंटू कुमार पटवा दिलेश्वर कुशवाहा सुनीता रविदास संगीता देवी विनोद प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।÷

# वाटर पार्क एडवेंचर से रोमांचित हुए श्री अग्रसेन स्कूल के बच्चे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के करीब तीन सौ विद्यार्थियों ने रांची स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क का भ्रमण किया। बच्चों ने स्विमिंग कॉस्ट्यूम में वाटर पार्क में भरपूर मस्ती की। बच्चों ने वाटर स्लाइडिंग, वेभ पुल, रेन डांस, जिप लाइन, बर्ड पार्क, पेंडुलम, क्रिकेट सिमुलेशन, नेट जंपिंग, ट्रमपोलिन, गेम जोन, गायरो, भूल भुलैया का घंटो तक आनंद उठाया। साथ ही विभिन्न फिल्मी गीतों पर डांस भी किया। वाटर पार्क में कई प्रतियोगिता जीतने वाले बच्चों को उपहार भी मिला। वाटर पार्क के एडवेंचर का अवसर मिलने से बच्चे बेहद खुश दिखे। ट्रिप के बाबत स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जो खुशी बच्चों को अपने दोस्तों केवल साथ आम पब्लिक प्लेस में घूमकर और मौज-मस्ती करके मिलती है, वह और किसी तरीके से नहीं मिल सकती है। खास कर वाटर पार्क का अलग ही मजा होता है। यह बच्चों में रोमांच भरता है, जिससे बच्चे लंबे समय तक तरोताजा महसूस करते हैं। स्कूल परिवार इसी उद्देश्य के तहत बच्चों को इस ट्रिप पर लेकर गया था। ट्रिप के उपरांत बच्चों ने सामूहिक लंच के साथ आइसक्रीम का भी आनंद उठाया।

## यज्ञ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं संघ विधायक ने भी नगर भ्रमण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बने पुण्य के भागी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पांच दिवसीय श्रीराम यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन जयनगर ठाकुर टोला में किया जा रहा है इसी निमित्त रविवार को नगर भ्रमण में बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि लोगों को प्राप्त होता है तथा क्षेत्र में एक अच्छा माहौल बनता है। हम कह सकते हैं कि सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमें सभी धर्म सनातन धर्म जिसे हिंदू धर्म के नाम से भी जाना जाता है। यह सनातन धर्म एक प्राचीन और शाश्वत धर्म है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सत्य, अहिंसा, दया और क्षमा जैसे मूल्यों को शामिल किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ईश्वर, नआत्मा और मोक्ष का ज्ञान प्राप्त करना है। सनातन का अर्थ है शाश्वत, सदा रहने वाला यानी जिसका न आदि है न अंत सनातन धर्म को दुनिया के सबसे प्राचीनतम धर्मों में से एक माना जाता है। जिसके कुछ प्रमाण सिंधु घाटी सभ्यता में भी मिलते हैं। इस धर्म में सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा, दान, जप, तप और यम-नियम जैसे मूल्यों को महत्वपूर्ण माना गया है। सनातन धर्म केवल एक धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति भी हैं जिसमें विभिन्न उपासना पद्धतियां, मत, सम्प्रदाय और दर्शन शामिल हैं।कुछ लोग सनातन धर्म को हिंदू धर्म का ही एक हिस्सा मानते हैं।

## टूटी झरना प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विकास कार्य कराने को लेकर सांसद प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** भरेच नगर सांडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना परिसर में श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं हेतु विकास कार्य कराने को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल रविवार को सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ नगर परिषद सांसद के निवास स्थान हजारीबाग स्थित कार्यालय में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। सौंपे गएमांग पत्र में टूटी झरना प्राचीन शिव मंदिर परिसर के चारो ओर फाइबर ब्लाक लगवाने, मंदिर परिसर में डीप बोरिंग तथा जल मीनार तैयार करवाने, परिसर में हाई मास्क लाइट, पूरे मंदिर परिसर में प्रकाश व्यवस्था कराने, चैक डेम के दोनों ओर लाइट लगवाने, मंदिर से लेकर रेफरल अस्पताल गेट तक लाइट लगवाने, रेफरल अस्पताल मेन गेट के पास अस्पताल का तोरणद्वार बनवाने, मंदिर आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग शेड बनवाने की मांगों को पूरा कराने के लिए अनुशंसा करने का अनुरोध किया। सांसद मनीष जायसवाल ने मांगों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के बाद अनुशंसा करते हुए जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल मंडल में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद बेदिया, भाजपा नगर परिषद उपाध्यक्ष संत राज पासवान, पूर्व महामंत्री सुनील प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, पूर्व मुखिया रामसहाय बेदिया, समाजसेवी सुरेश गिरी, पिंटू कुमार पटवा, दिलेश्वर कुशवाहा, सुनीता रविदास, संगीता देवी, विनोद प्रसाद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# पढ़ाई से मानसिक विकास संभव पर खेलकूद से शारीरिक विकास निश्चित होती है : साहिल अनवर

➪ खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंजिल मिलना तय : डॉ संज्ञा

➪ चितरपुर में झारखण्ड राज्य वुशू एसोसिएशन के तहत जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर परिसर में रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के तत्वाधान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्नातक चितरपुर महाविद्यालय के भावी सचिव साहिल अनवर, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ. संज्ञा,एपेक्स स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ महतो श्री राम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल द्धउपेंद्र कुमार महतो, के अलावे रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह राष्ट्रीय जज गौरीशंकर महतो सह सचिव तपेश्वर महली , महाविद्यालय के व्याख्याता गण के साथ एपेक्स स्कूल के खेल प्रभारी आनंद तिग्गा एवं एस एस डीएवी स्कूल लारी के खेल प्रभारी मनीता कुमारी उपस्थित रहे । खेल खुद प्रतियोगिता मंच का संचालन महाविद्यालय के व्याख्याता प्रो. निरंजन महतो के द्वारा किया गया इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि साहिल अनवर ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ खिलाड़ियों के अंदर अनुशासन के भावना जागृत होता है भविष्य में खिलाड़ियों को आगे लगन और मेहनत से आगे बढ़ाने के लिए हम हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही साथ अतिथियों ने कहा कि भविष्य में इससे बड़ी प्रतियोगिता को और बेहतर बनाने के लिए खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने का काम करता रहूंगा, उज्जवल भविष्य की कामना किया।प्रतियोगिता में पूरे जिले से 100 से ज्यादा वुशू खिलाड़ियों ने भाग लेकर ओवरऑल चैंपियन 55 अंको के साथ रजरप्पा वुशू एकेडमी दूसरे स्थान पर 39 अंकों के साथ श्री राम पब्लिक स्कूल रजरप्पा मोड* और तीसरे स्थान पर 30 अंको के साथ एस एस डीएवी स्कूल लारी रहा ।परिणाम ः- खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बालक बालिका वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड सिल्वर एवं ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा विजेता टीम को प्रथम शील्ड पुरस्कार दिया एवं उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार में शील्ड प्रदान किया गया निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय जज सह जिला सचिव गौरी शंकर महतो, राष्ट्रीय जज चंद्रशेखर राम करमाली, शैलेंद्र करमाली, खुशी कुमारी परी कुमारी ,राधिका कुमारी। सहित कॉलेज के कर्मचारी मौजूद थे

# लॉ मैरिटिल होटल के सभागार में सर्वसम्मति से रामगढ़ प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर के बिजुलिया स्थित लॉ मैरिटिल होटल के सभागार में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद के लिए महेश मारवाह कोध्वनि मत के साथ निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश वर्मा, सचिव पद के लिए अमितेश प्रकाश, सहसचिव पद के लिए अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष पद लिए के लिए मोहम्मद खालिद अनवर, संगठन सचिव के लिए करमजीत सिंह जग्गी, मुख्य संरक्षक पद के लिए नंदकिशोर अग्रवाल, संरक्षक के लिए महावीर अग्रवाल, राजेश राय व रामशंकर प्रसाद मुन्ना को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। मौके पर रामगढ़ प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश मारवाह ने कहा कि रामगढ़ प्रेस क्लब के जो सदस्य हैं उनके हितों के लिए पिछले 6 वर्षो से लगातार प्रयासरत रहे और आगे भी 3 साल के लिए यह जो टर्म बना है, इसके लिए भी पत्रकारों के हितों के लिए जो भी संभव हो पायेगा वह हर संभव पूरा करने का



प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से जो भी सुविधाएं पत्रकारों को नहीं मिल पा रही है वह सुविधाएं भी लेने का प्रयास किया जाएगा। वहीं आए दिन पत्रकारों के ऊपर जो हमले होते हैं, इस दिशा में भी हमलोग सरकार से वार्ता करेंगे। रामगढ़ प्रेस क्लब के लिए अपना भवन नहीं, इसके लिए क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही झारखंड सरकार से मिलकर भवन आवंटित करने की मांग की जाएगी। बैठक के माध्यम से श्री मारवाह ने यह भी कहा कि धनबाद व हजारीबाग में पत्रकारों के ऊपर जो हमले हुए हैं, वह काफी निंदनीय है, इसकी भर्त्सना की जाती है। इसके लिए भी क्लब का प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार से मिलकर दोषियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई के लिए मांग करेंगे। रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से महेश मारवाह के निर्वाचित होने पर क्लब के नवनिर्वाचित संरक्षक महावीर अग्रवाल, संरक्षक राजेश राय, उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, संगठन सचिव करमजीत सिंह जग्गी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद अनवर, सदस्य विरेन्द्र कुमार राणा, धर्मेंद्र राठौर, आकाश शर्मा, रामदेव, प्रकाश पटवारी, आशीष मुखर्जी, इन्द्रजीत कुमार आदि सदस्यों ने बुके देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। बैठक में रामगढ़ प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश मारवाह, महावीर अग्रवाल, राजेश राय, राजेश वर्मा, करमजीत सिंह जग्गी, मोहम्मद खालिद अनवर, विरेंद्र कुमार राणा, धनंजय कुमार महतो, आशीष मुखर्जी, आकाश शर्मा, बसंत कुमार, अंकित सिंह, सुरेंद्र राम, अमन कुमार मिश्रा, अभिषेक पाठक, अक्षय कुमार, किशोर, कुमार, प्रकाश पटवारी, सुनील कुमार, शोएब अख्तर, धर्मेंद्र राठौर, तापेश्वर गुप्ता, इंद्रजीत कुमार, सुदेश गुप्ता आदि पत्रकार मौजूद थे।

## वन नेशन वन इलेक्शन विषय की संगोष्ठी

# देश के 140 करोड़ की जनता की है मांग : ढूलू महतो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर धनबाद के न्यू टाउन हॉल में फ़ेडरेशन ऑफ़ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में सांसद ढूलू महतो ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की मांग देश के 140 करोड़ जनता की मांग है। इस मामले को वे संसद में भी उठाएंगे। इस मांग के पूरा होने से देश आर्थिक तौर से मजबूत होगा। समय की बचत होगी। देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के सवाल पर सांसद ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, कोई वीजन नहीं है, कोई लक्ष्य नहीं है। प्रधानमंत्री के द्वारा उठाये गए हरेक अच्छे कामों का विरोध करना ही विपक्ष का काम रह गया है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी कार्यक्रम काफ़ी सफल रहा। सभी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय दी और बिल्कुल ही देश में यह लागू भी होना चाहिए। इस संगोष्ठी में चिकित्सक, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षाविद, कई एनजीओ के प्रतिनिधि कई सामाजिक राजनीतिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक देश एक चुनाव को देश में लागू कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया विधायक रागिनी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार उपस्थित हुए।

# आसान वाहन लोन बना रहा आर्थिक बोझ, कारोबारी लोन के कड़े नियमों से बढ़ रही असमानता : अहमद निसार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रसिद्ध लेखक अहमद निसार ने कहा की बैंकिंग प्रणाली की नीति और आम जनता की वित्तीय समझ के बीच का अंतर आज एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक विषय बन चुका है। देश भर में जहां एक ओर व्यक्ति या व्यापारी जब भी कारोबार बढ़ाने या व्यक्तिगत ज़रूरतों के लिए बैंक से लोन लेने जाते हैं, तो उन्हें कड़े दस्तावेजी नियमों और आय-आधारित जांचों का सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर दोपहिया और चारपहिया वाहन लोन लेना अब बेहद आसान हो चुका है। बाजार में चल रही %बिना इनकम प्रूफ के लोन%, %शून्य डाउन पेमेंट% और %तुरंत डिलीवरी% जैसी योजनाएं आम उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रही हैं। वाहन कंपनियों और बैंकों की साझेदारी में चल रही इन स्कीमों में केवल आधार और पैन कार्ड जैसे बुनियादी दस्तावेज़ों के आधार पर लोन स्वीकृत हो जाता है। कई बार ग्राहक की आय या भुगतान क्षमता की जांच भी नहीं होती। इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ रहा है जो




केवल दिखावे या शौक के चलते इन लुभावनी स्कीमों के झांसे में आ जाते हैं। जब बात व्यवसाय बढ़ाने की आती है या कोई व्यक्ति चिकित्सा, शिक्षा, मकान मरम्मत जैसे व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए लोन लेना चाहता है, तब बैंक उससे इनकम टैक्स रिटर्न, बैलेंस शीट, बैंक स्टेटमेंट, संपत्ति दस्तावेज़, और कई स्तर की क्रेडिट जांच करते हैं। छोटे व्यापारी और वेतनभोगी वर्ग इस प्रक्रिया से परेशान होकर लोन की उम्मीद ही छोड़ देते हैं। इस दोहरे रवैये पर विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं।वाहन लोन की आसान उपलब्धता के कारण कई बार लोग अपनी सामर्थ्य से अधिक महंगे वाहन खरीद लेते हैं। जब किसी कारणवश समय पर ईएमआई नहीं चुकाई जाती, चाहे वह नौकरी जाने से हो या आय में गिरावट से, तो बैंक और फाइनेंस कंपनियाँ कठोर कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर लेती हैं। यह स्थिति न केवल मानसिक तनाव को जन्म देती है, बल्कि उपभोक्ता का क्रेडिट स्कोर भी प्रभावित करती है, जिससे भविष्य में कोई लोन मिलना कठिन हो जाता है। वित्तीय मामलों के जानकार मानते हैं कि इस समस्या का समाधान केवल नियम सख्त करने में नहीं, बल्कि आम जनता को जागरूक करने और बैंकिंग प्रणाली में संतुलन लाने में है। उनका कहना है कि वाहन लोन देने से पहले भी व्यक्ति की भुगतान क्षमता की ठीक से जांच होनी चाहिए, जैसे अन्य लोन में होती है। साथ ही, उपभोक्ताओं को भी समझना होगा कि हर आकर्षक स्कीम लाभकारी नहीं होती।÷ विशेषज्ञों का सुझाव है कि भारतीय रिज़र्व बैंक और सरकार को इस विषय में नीति-निर्माण स्तर पर हस्तक्षेप करना चाहिए।

## वन नेशन वन इलेक्शन संगोष्ठी पर नाराज हुए सोहराब

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष युवा व्यवसायी सोहराब खान ने जिला चैंबर के वन नेशन वन इलेक्शन संगोष्ठी पर नाराज़गी व्यक्त की और कहा कि धनबाद के व्यवसायियों के पास ढेरों समस्याएं हैं जो इस प्रकार हैं :-



1.ऑनलाइन बाज़ार से परंपरागत व्यापार चौपट हो रहा है। 2.जीएसटी की जटिलता से व्यापारी परेशान हैं। 3.ट्रेड लाइसेंस,होल्डिंग नंबर की बाध्यता से निर्गत नहीं हो पा रहा है। 4.कैशलैस,ऑनलाइन पेमेंट पर नया नियम परेशानी का सबब है। 5.बिजली की लचर व्यवस्था से व्यापार चौपट हो रहा है। 6.लचर विधि व्यवस्था की समस्या। 7.धनबाद को अच्छी स्वास्थ सेवा,अच्छी सड़क,फ्लाई ओवर,एयरपोर्ट की जरूरत है।

सोहराब खान ने कहा की जिला चैंबर को इन सब मुद्दों पर बात करनी चाहिए ना कि राजनीतिक एजेंडा पर अमल करना चाहिए। गैर राजनीतिक संगठन चैंबर ऑफ का निर्माण व्यापारहित और व्यापारियों के समस्या के समाधान के लिए किया गया था ना कि किसी राजनीतिक पार्टी विशेष के राजनीतिक एजेंडा को लागू कराने के लिए किया गया था।सोहराब खान ने बताया कि धनबाद में लाखों की संख्या व्यवसायियों की है,अलग अलग जात,धर्म,अलग अलग राजीतिक विचार धारा,अलग अलग राजीतिक पार्टियों के समर्थक और वोटर हैं लेकिन इस अनेकता में भी हम व्यवसायी है यही हमारी एकता है,कृपया इस एकता को खंडित ना करें। चैंबर ऑफ कॉमर्स गैर राजनीतिक संगठन है इसके मूल्य पहचान से छेड़छाड़ बिल्कुल सही नहीं है। सोहराब ने कहा कि जिन लोगों को राजनीति करनी है वो चैंबर का चादर उतार कर खुल कर राजनीति करें कौन रोक रहा है, पर गैर राजनीतिक संगठन का बेड़ा ग़र्क़ ना करें।

## इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने की वृद्धजनों की सेवा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब धनबाद, माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों के द्वारा रविवार को संबलपुर के सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रयस्थल ओल्ड एज होम का दौरा किया गया। संस्था ने सभी वृद्धजनों के लिए कपड़े, राशन, फल, सब्जी आदि भेंट किए गए। यह कार्यक्रम क्लब की सदस्य कविता गुप्ता, सरिता गुप्ता एवं ममता गुप्ता के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर वृद्ध जनो के लिए नाश्ते की भी व्यवस्था की गई। मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय, सचिव ऋतु श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रेणु कौशल मौजूद रहीं।

## मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को धनबाद क्लब में मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह धनबाद क्लब में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने समाज सेवा की शपथ ली।



मुख्य अतिथि सनत अनवर (डीडीसी, धनबाद) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और मंच की सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## आचार्य संतोष त्रिवेदी ने उदय प्रताप सिंह को रामायण देकर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर में अध्यात्म की अविरल धारा बहाने को संकल्पित संस्था मानस प्रचार समिति का 53 वां मानस महाधिवेशन का शनिवार को समापन के उपरांत रविवार को पूर्णाहुति हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभी भक्त जनों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या धाम से पधारे संत मानस के महान प्रवक्ता के आचार्य संतोष त्रिवेदी महाराज ने श्रीराम सेना के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी उदय प्रताप सिंह समेत उपस्थित भक्तों को अंग वस्त्र और रामायण देकर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद दिया। मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष निशांत नारायण, सचिव विनोद दुबे, मुकेश सिन्हा, शशि अग्रवाल, शमशेर सिंह राठौड़, गौरव सिंह, कन्हाई भट्टाचार्य, अरुण सिंह, साधुसरण पाठक, योगेंद्र मिश्रा, रामप्रवेश शर्मा, शशि श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, अजित गुप्ता सैकड़ो भक्तजन भंडारे में मौजूद रहें।

## झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति का 23 अप्रैल को राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति द्वारा पूर्व विधायक फूलचंद मंडल के बरवाअड्डा स्थित आवास में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक फूलचंद मंडल ने बताया कि बंगला झारखंड की मुख्य भाषा है और उन्होंने राज्य सरकार से इस भाषा की गरिमा को बरकरार रखने के लिए स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति और पढ़ाई शुरू करवाई जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में कई बच्चे बांग्ला भाषी है जो बंगला पढ़ना चाहते हैं।ज्ञात हो कुछ महीने पहले क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा सर्वे के दौरान वास्तविक नामांकन पर बांग्ला भाषा की पुस्तक छपाई के लिए सभी विद्यालयों से प्रतिवेदन भी भेजा गया है। श्री मंडल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 40त्न से अधिक बंगला भाषी विद्यार्थी हैं। जिनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने बताया बांग्ला भाषा संस्कृति को संजोए रखने के लिए आगामी 23 अप्रैल को बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति का कार्यक्रम किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें बच्चे, महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव सुप्रिय भट्टाचार्य होंगे और विशेष अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी। इस भव्य कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिले से गणमान्य लोग जुटेंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, तपन मंडल, वृंदावन मंडल, आशीष मंडल, सुमंतो मंडल, लगेन बाउरी, पार्थो सेनगुप्ता, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, मिथुन मंडल, बैद्यनाथ मंडल, सोनाली मंडल, नुना मंडल, मंजू मंडल, बिनोती मंडल, भादुरानी मंडल मौजूद रहे।

# डीएवी कोयला नगर में कम्युनिटी सप्ताह का समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डीएवी में कम्युनिटी सप्ताह का आयोजन कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के अटल टिन्केरिंग लैब में कम्युनिटी सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। यह आयोजन अटल तिन्केरिंग लैब के प्रभारी बाल किशोर सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसका उद्देश्य भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर सभी के लिए सम्मान अवसर के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है। इस आयोजन से बच्चे प्रोजेक्ट मॉडल, टेलीस्कोप, 3ष्ठ प्रिंटर, रोबोटिक कीट, सोल्डरिंग स्टेशन, ड्रिलिंग मशीन, ऑप्टिक्स जैसे आधुनिक उपकरणों से परिचित हुए। अटल टीन्केरिंग लैब के प्रभारी बालकिशोर सिंह ने बच्चों को विभिन्न तकनिकीकरण की जानकारी देते हुए कहा कि यह लैब केवल एक शैक्षिक संसाधन न रह कर समुदाय के लिए एक सक्रिय नवाचार केंद्र के रूप में कार्य कर रही है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थी की वैज्ञानिक जिज्ञासा को जागृत कर रहा है बल्कि उन्हें भविष्य के नव प्रवर्तकों के रूप में तैयार करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है। बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं उसके सामाजिक योगदान पर प्रेरणादायक जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय के कई पूर्व छात्र-छात्राएं भी नियमित रूप से इस लैब का उपयोग किये और प्रोजेक्ट एवं शोध कार्यो से जुड़े रहे हैं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने अटल तिन्केरिंग लैब में कम्युनिटी सप्ताह का आयोजन को लेकर कहा कि अटल टीन्केरिंग लैब प्रभारी बालकिशोर सिंह का प्रशंसनीय योगदान से ही यह आयोजन सफल हुआ है। वे लगातार बच्चों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ इन्नोवेटिव की आईडिया देते रहते हैं जिसके परिणाम स्वरूप हमारे विद्यालय के बच्चे तकनीकी के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार करते रहे हैं।

## लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी ने शुरू की बंगला सिखाने की मुहिम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लिन्डसे क्लब एवं पुस्तकालय ने एक अनोखा प्रयास और प्रयोग रविवार को अपने पुस्तकालय के प्रांगण में शुभारंभ किया है। जिसका शीर्षक है आवोल तावोल बांग्ला पढ़ो, बांग्ला लेखो। चुकि झारखंड के स्कूलो मे बंगला सिखाने का चलन बिल्कुल समाप्त हो चुका है, जिसके कारण बंगला साहित्य के अपार सम्भावनाओं से आज के युवा समुदाय वंचित रह गये।धनबाद मे एक बहुसंख्यक बंगाली समुदाय रहते है। उसी बंगाली समुदाय के छोटे छोटे बच्चो को बंगाला सिखाने के एक मुहिम चलाया जा रहा है। इसके इलावा बहुत सारे हिन्दी भाषी बच्चो ने भी बंगला सिखने का आग्रह जताया है। कार्यक्रम सम्पूर्ण रुप से निःशुल्क किया गया। बंगाली समुदाय के ऐसे जाने माने शिक्षक एवं शिक्षिका पढ़ा रहे है जो कि धनबाद के विभिन्न स्कुल एवं कॉलेज में कार्यरत रह चुके है। साथ ही स्कुल ऑफ आर्ट का उपयोगी आयोजन भी किया जा रहे हे जिसके तहत बहुत ही न्यूनतम शुल्क में हर बच्चो एवं युवाओं को अंकन सिखाने का आयोजन प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से लिन्डसे क्लब पुस्तकालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

## डीसीडीए का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी लाइसेंसिंग अथॉरिटी व औषधि निरीक्षक से मिला, रिटेलर की कठिनाइयों से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में धनबाद के डिप्टी लाइसेंसिंग अथॉरिटी अवधेश उरांव और विकास कुमार और धनबाद के औषधि निरीक्षक राजेश कुमार और वीरेंद्र कुमार से औषधि कार्यालय में मिला और माँग की गई की धनबाद जिला के कुछ विशेष क्षेत्रों में खुलेआम डिस्काउंट का बोर्ड लगा हुआ हैं। कुछ क्षेत्रों में खुलेआम ब्रांडेड कंपनी के दवाओं पर 20 परसेंट तक की छूट दी जा रही हैं जिससे हमारे बाकी के रिटेलर को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने धनबाद के फार्मेसी इंस्पेक्टर से मांग की कि फार्मेसी अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत बनाए गए फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 और 8 के तहत उचित कार्यवाही करे जिससे डिस्काउंट का बोर्ड और डिस्काउंट पर लगाम लग सके और जिले के जो भी होलसेलर रिटेलिंग कर ग्राहकों को दवा बेच रहे हैं तो उन पर भी कार्यवाही करे और प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पिछले दिनों बेकारबांध के एक प्रिंटिंग प्रेस से ब्रांडेड कंपनी के स्टीकर बरामद हुए थे उस पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही हुई जिसपर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि इस विषय पर विभाग द्वारा संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है जैसे ही जानकारी प्राप्त होती हैं संगठन को उससे अवगत करा दिया जायेगा।प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष ललित अग्रवाल, महासचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संगठन के ड्रग डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश सिंह उपस्थित थे।

# कांग्रेस के तीन सदस्यीय टीम ने धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों से की भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में पत्रकारों पर हुए हमले को लेकर रांची से आला कमान के निर्देश पर कांग्रेस के तीन सदस्यीय टीम ने गांधी सेवा सदन स्थित प्रेस क्लब में पदाधिकारियों और पत्रकारों से मुलाकात की। इस टीम का नेतृत्व राकेश सिन्हा ने किया। टीम ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। टीम के द्वारा कहा गया कि यह निंदनीय घटना है। राकेश सिन्हा ने कहा कि पत्रकारों पर हमला निंदनीय है और इसकी जांच की जा रही है। रांची से आई टीम के द्वारा दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का भरोसा दिया गया। धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, उनके भाई और बेटों ने पत्रकारों के साथ कवरेज के दौरान दुर्व्यवहार और मारपीट की। साथ ही हमलावरों ने पत्रकारों का कैमरा छीनने की कोशिश की, जो एक गंभीर घटना है। कांग्रेस पार्टी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। टीम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट आला कमान को सौंप दी जाएगी और उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## बैंक ऑफ इंडिया जामाडोबा शाखा की ओर से गरीब बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बैंक ऑफ इंडिया जामाडोबा शाखा की ओर से गरीब बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर शाखा के शाखा के वरीय प्रबंधक पंकज कुणाल ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर 120 बच्चों के बीच मे बैग वितरण किया। आंगनबाड़ी केंद बाबूबसा और डुमरी दो नम्बर केंद्र, चार नंबर संतोषी नगर में बच्चों के बीच वितरण किया गया है। यहाँ पर आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से अतिथियों में पंकज कुणाल वरीय शाखा प्रबंधक, मनीष कुमार प्रबंधक, रवि कुमार बैंक बीसी को स्वागत किया गया। श्री कुणाल ने बताया कि अपने जीवन में शुरुआत दौर से ही छोटे छोटे बच्चों से काफी लगाव रहा है। बच्चों के बीच में रह कर पढ़ाई पूरी किया और इस मुकाम हासिल किया हूं। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिलेगा तो गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद की बैठक संपन्न

# पत्रकार पर हमला यानी लोकतंत्र की आत्मा पर हमला : शमीम शाह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद का बैठक प्रदेश महासचिव शमीम शाह के आवासीय कार्यालय फुशबंग्ला में रखा गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव शमीम शाह ने किया तथा संचालन वरिष्ठ जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने किया। बैठक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के पदाधिकारी को अपने संस्था के उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया गया।प्रदेश महासचिव शमीम शाह ने कहा की पत्रकार पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं होता ङ्क ये लोकतंत्र की आत्मा पर हमला होता है। पत्रकार वो आईना है जो समाज को उसकी सच्चाई दिखाता है, चाहे वो कड़वी ही क्यों न हो। लगातार पत्रकार पर हो रहे हमले की



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद कड़ी निंदा करता है। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, सचिव संजीत सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव मो शाहिद, मो शहाबुद्दीन इदरीसी, अल्पसंख्यक जिला सचिव मो कलाम, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, भिखारी रामधारी, विनोद विश्वकर्मा, मो मनीष, मो इमरान आलम, शहजादी खातून, रेखा कुमारी, गिरिजा देवी इत्यादि लोग शामिल थे।

वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया ने आयोजित किया देही अंजुमन और उलमाएकराम का संयुक्त इजलास

# वक्फ कानून 2025 के जरिये मुसलमानों की जमीन छीनने और दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की संगठित और कुत्सित प्रयास : अब्दुल रउफ अंसारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में तथा सदर अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में रविवार को खाद गढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन सदर व सेक्रेटरी, जिले के सभी मस्जिद के इमामों और उलमाएकराम की संयुक्त इजलास हुई। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने मजलिस के सामने एजेंडा रखा जिसमें वक्फ कानून 2025 के विरोध में आंदोलन, समाज में फैल रहे जुआ, शराब और नशाखोरी से मुस्लिम नौजवानों को बचाना, मुस्लिम लड़कियों और औरतों को गैरों से बचाना आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वक्फ कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और मुस्लिमों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के बैठकों में लिए गए निर्णय के मुताबिक आगामी 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पावरगंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 30 अप्रैल की रात नौ से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू व नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी ने संयुक्त रूप से इजाल में आए मेहमानों का स्वागत किया, जबकि पूर्व सदर हाजी शउद आलम, नाइब सदर हाजी नईम खान, सहचिव अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, फारूक कुरैशी, इरशाद आलम, आदि ने मेहमानों के लिए ताम की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, धन्यवाद ज्ञापन सहसचिव अल्ताफ कुरैशी ने किया। इजलास को संबोधित करने वालों में मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मुफ्ती उमर फारूक (काजी ए शरीयत दारूल कजा लोहरदगा),जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मोती मस्जिद के इमाम मौलाना मिन्हाज कासमी, मौलाना जाकिर हुसैन,मस्जिद ए बलाल के इमाम मौलाना अब्दुल हमीद,बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रउफ, अंजुमन इस्लामिया रांची के सेक्रेटरी तारीक अनवर,झारखंड के संयोजक जुनैद अहमद,अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा के नाजिम हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सचिव हाजी सज्जाद खान,भंडरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर आफताब आलम, कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सचिव समीद अंसारी, सेन्हा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर इमरान आजाद, कुड़ू के मौलाना यासीन अहमद, किस्को प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के मोहिबुल्ला अंसारी आदि ने शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून का एक मौलिक हिस्सा है, जो कुरान और हदीस (पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं) से लिया गया है और यह अन्य दूसरी इबादत की तरह एक धार्मिक कार्य है। लेकिन वक्फ कानून 2025 में केन्द्रीय वक्फ बोर्ड और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों का बहुमत होना धार्मिक मामलों में खुला हस्तक्षेप है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 26 का खुला उल्लंघन है। इसमें दावा किया गया है, इस तरह का कानून दरअसल बहुसंख्यक वर्ग के वर्चस्व का प्रतीक है, जिसका हम पूरी तरह विरोध करते हैं। यह हमें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। क्योंकि इनमें भारत के संविधान की भावना और उसकी मूल अवधारणा का उल्लंघन कर रही है। इससे पूरे समुदाय को हाशिए पर डालने,उनकी धार्मिक पहचान को मिटाने और उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इजलास में उपस्थित लोगों ने एक स्वर केंद्र सरकार से वक्फ कानून 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देही अंजुमन इस्लामिया के लोग और जिले के उलमाएकराम मौजूद थे।

## हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अरु पंचायत ग्राम में शनिवार को शांति व सौहार्द से हर्षोल्लाष के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। वही सरहुल के अवसर पर गांव का पहान परवा उरांव और पुजार घना उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से गांव के सरना स्थल में साल वृक्ष के समीप विभिन्न देवी देवताओं का विधि विधान के साथ आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया गया। वही पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना करने के पश्चात गांव और क्षेत्र की खुशहाली और अमन चैन शांति के लिये प्रकृतिक देवी देवताओं से विनती प्रार्थना किया गया। वही पूजा अर्चना करने के उपरान्त आदिवासी महिला पुरुष और बच्चे बूढ़े तथा नवजवानों द्वारा ढोल मांदर और नगाड़ा के थाप पर नाचते झूमते और गाते हुए अरु, पतराटोली, बग़ीचाटोली, अरु चौक सहित विभिन्न गांव टोला में भ्रमण किया गया। जिसे अरु के ग्रामीणों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ प्रकृति का पर्व सरहुल मनाया गया। मौके पर सरहुल जुलूस में गौतम प्रसाद, मंगलेश्वर उरांव, बन्धन महतो, संतोष राम, सरस्वती उरांव, बबली उरांव, बिनोद यादव, तरुणा उरांव, करमा उरांव, राधारमण उरांव समेत आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष बच्चे और बुजुर्ग सैकडों लोग शामिल थे।

## स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान जारी : सचिन कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्वच्छता को लेकर साफ सफाई अभियान को लेकर रियाडा स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर प्रांगण की सफाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नीव रखना भी है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता नीरज कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि या हर नागरिक का एक कर्तव्य है।और यह सफाई अभियान विशेष रूप से जारी रहेगा। नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा नया संदेश देने का प्रयास किया है कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तभी सच्चे अर्थ में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। इस मौके पर उपस्थित खुशबू कुमारी, मानसी कुमारी, विद्या कुमारी, आरती कुमारी, राखी कुमारी, मनोज कुमार, कुणाल कुमार, सत्यदेव सिंह, संतोष साहू, कृष्णा साहू के साथ अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरहुल प्रकृति के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों को याद करने की देती है प्रेरणा : सांसद सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रकृति का पर्व सरहुल प्रखण्ड क्षेत्र के गितिलगढ़ में हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई।मौके पर पहान पुजार महतो के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई ततपश्चात ढोल मांदर, नगड़ा आदि पारंपरिक गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल होकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए गंतब्य स्थान तक पहुंची। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत परिछते हुए सभा स्थल तक ले गए जहां पर आयोजन समिति के द्वारा माला पहनाकर, पता का मुकुट पहनाकर व सरना गमछा ओढाकर किया।मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने खोड़हा में शामिल होकर मांदर बजाकर लोगो का उत्साह बढ़ाया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हम सभी सरना धर्मावलम्बी प्रकृति के पुजारी हैं। सरहुल पर्व का अपना एक अलग महत्व है यह त्योहार हमारी सभ्यता संस्कृति की पहचान है,हमसभी को अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। सरहुल प्रकृति के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों को याद करने की देती है प्रेरणा।समाज के लोगो को नशापान व अन्य कुरीतियों को छोड़ते हुए शिक्षा पर जोर देना होगा जब तक हमारा समाज शिक्षित नही होगा सर्वांगीण विकास संभव नही है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव, लछु उराँव, मंगदेव उराँव, सीताराम उराँव, फूलदेव उराँव, रामजीत भगत, प्रकाश उराँव, पहान सोमा उराँव, बालकिशुन मुंडा, बसन्त उराँव, कामेश्वर उराँव आदि उपस्थित थे।

# कुजरा देवी मंडप में भव्य अखंड हरि कीर्तन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के कुजरा देवी मंडप में आज भव्य रूप से पूजन का कार्य के उपरांत,भव्य अखंड हरी कीर्तन का आयोजन तथा भंडारा का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन समिति के लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव एवं सोहन साहू ने बताया कि कुजरा स्थित देवी मंडप में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 अप्रैल 2025 को दिन भर भव्य रूप से पूजन के उपरांत संध्या 7:00 बजे से 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। तथा भव्य रूप से भंडारा का आयोजन किया गया। सहदेव ने बताया कि आसपास के गांव के सभी क्षेत्रों से देवी मंडप पर आस्था रखने वाले हजारों ग्रामीणों ने पूजा करके प्रसाद ग्रहण कर इस क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। तथा इस क्षेत्र के सैकड़ो महिलाओं ने देवी मंडप पर आस्था रखते हुए पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन में दिन एवं रात में भाग लिया। तथा हजारों भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में आयोजन समिति के लाल रवि नाथ शाहदेव, लाल गोपाल नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव,सोहन साहू, मनोज साहू, द्वारका साहू, शिव शंकर साहू, प्रकाश साहू, कृष्णा साहू, उमेश साहू, कोल्हा रविदास, बैजनाथ उरांव,महरु उरांव, परमेश्वर उरांव, महिला समिति के शीला देवी, प्रियंका देवी, गीता देवी, सोनी देवी, ममता देवी, समेत सैकड़ो महिलाओं ने पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन में सम्मिलित हुई। इस अखंड हरी कीर्तन में ग्राम जीम्मा, होनदगा, कुजरा, कुरसे, के भजन मंडली रात दिन उपस्थित थे।

# अज्ञात महिला के मौत से लोगों में डर का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओपी क्षेत्र के हटिया बंडा मुंडा रेल खंड के परबा टोनिया से ओडगा रेलवे स्टेशन के बीच पॉल संख्या 548/27-29 कुटुंगिया लोमगा टोली के समीप एक लगभग 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला का रेल लाइन किनारे मृत अवस्था में पुलिस द्वारा शव बरामद किया गया है, स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृतक महिला को दिन में क्षेत्र में घुमते हुए देखा गया था, शव के समीप एक कम्बल भी पड़ा हुआ मिला है आशंका जताई जा रही है कि रात्रि में किसी ट्रेन की धक्के से मौत हो गई होगी। इधर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया, इधर ओडगा एवं रेलवे पुलिस द्वारा शव की पहचान में मदद की अपील ग्रामीणों से की है तथा कोई भी व्यक्ति मृतक महिला की पहचान रखते हैं, तो थाना को सुचित करने का आग्रह किया गया है।

लोहरदगा-चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे धीरज प्रसाद साहू

# बेहतर काम करने वालों को मिलेगा इनाम, पार्टी विरुद्ध काम करने वाले लोगों की करेंगे पार्टी आलाकमान से रिपोर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू अब पूरी तरह से राजनीति के मैदान में सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत करेंगे। जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को लेकर वह चतरा और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र का क्रमवार रूप से दौरा करेंगे। इस संबंध में पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाना है। इसके लिए वह लगातार सभी क्षेत्र में दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिलेंगे। वह इस बात का आकलन करेंगे कि कौन पार्टी के हित में काम कर रहा है, कौन सक्रिय है और कौन सिर्फ पार्टी को बदनाम करने और पार्टी का सिर्फ लाभ लेने के चक्कर में है। जो लोग बेहतर काम करते हुए पाए जाएंगे, उनको इनाम मिलेगा। जबकि गलत काम करने वालों और पार्टी को बदनाम करने वाले लोगों की रिपोर्ट वह आलाकमान से करेंगे। धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि संगठन को और भी प्रभावी बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच नियमित रूप से जाना चाहिए। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे लोगों से मिलें, उनकी समस्याओं को सुने और समस्या समाधान की दिशा में पहल करें। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि जनता और पार्टी के बीच एक कड़ी का काम करते हैं। कई बार उन्हें शिकायत मिली है कि कुछ लोग पार्टी के लिए संकल्पित होकर काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित करना है और उनके बारे में पार्टी को जानकारी देनी है। पार्टी के साथ भीतरघात करने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें पार्टी से बाहर भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा है कि वह जल्द ही लोहरदगा और चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र का दौर प्रारंभ करने जा रहे हैं। इसमें वह जनप्रतिनिधियों का भी साथ लेंगे।

## धूमधाम व भक्तिभाव से मना पास्का पर्व, संपन्न हुआ मिस्सा अनुष्ठान

### मिस्सा अनुष्ठान में विधायक भूषण बाड़ा भी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पास्का पर्व के मौके पर रविवार की सुबह जिले के सभी गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा के बाद लोगों को पास्का पर्व की शुभकामना दी गई। संत अन्ना महागिरजाघर में पास्का पर्व के मौके पर दो मिस्सा हुई। मिस्सा पूजा संपन्न कराते हुए विजी सह पल्ली पुरोहित फा इग्नासियुस टेटे ने कहा कि प्रभु येशु ने हमारे पापों के उद्धार के लिए क्रुस मृत्यु के कष्ट को सहा और मृत्यु पर विजय पाया। ताकि उनके बहाए लहू से हम चंगे हो जाएं। प्रभु येशु का जी उठना ही ख्रीस्तीय विश्वास का आधार है। प्रभु यीशु मनुष्य को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उन्होंने प्रभु येशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने की नसीहत दी। साथ ही लोगों को पास्का पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित हुए।

**नई आशा, विश्वास और प्रेम का संचार करता है : विधायक भूषण बाड़ा**

विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान का यह पर्व हम सभी के जीवन में नई आशा, विश्वास और प्रेम का संचार करता है। ईस्टर केवल ईसाई समुदाय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह पर्व हमें सिखाता है कि अंधकार चाहे जितना भी गहरा हो, अंत में प्रकाश की ही जीत होती है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे समय में ईस्टर का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। आइए हम सब मिलकर अपने बीच प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखें। यही प्रभु यीशु की सच्ची शिक्षाओं का पालन है। विधायक ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को आपसी मेलजोल, सेवा और करुणा के साथ मनाएं और समाज में एकजुटता की मिसाल पेश करें।

**पास्का जागरण में उमड़ी मसीही विश्वासियों की भीड़**

इससे पूर्व शनिवार की देर रात पास्का पर्व के मौके पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गिरजाघर में देर-रात तक चले पास्का जागरण अनुष्ठान में काफी संख्या में मतावलंबियों ने भाग लिया।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 149 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 39 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जीव सेवा करना ही ईश्वर की सेवा करने के बराबर है आप स्वस्थ रहेंगे तभी आप और आपका परिवार खुश रह पाएंगे, इसके लिए आपको समय-समय पर अपने शरीर का स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि होने वाले बीमारियों का पता चल सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम पर कड़े धूप से बचें एवं फ्रिज के पानी का सेवन ना करें,स्वस्थ शरीर के लिए सही खानपान बहुत महत्व रखता है सलाद का सेवन करें, सह सचिव संजय चौधरी व गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, दीपमाला अग्रवाल, अंजलि सर्राफ,दुर्गा प्रसाद सोनी, बृजेश कुमार भगत, संगीता वर्मा, जया कुमारी, कुणाल साहू, संजय अग्रवाल, वीरेंद्र शाहदेव, संगीता भगत,ममता शाहदेव, सुरेंद्र गुप्ता, निर्मला देवी, विकास अग्रवाल, कृष्ण प्रसाद, रामदास महतो, उदय प्रसाद, बबलू कुमार, सोनिया पोद्दार,तपेश्वर अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, शंभू शर्मा, रमेश शर्मा, ममता कुमारी, प्रभु दयाल साहू, राजुला अंसारी, पायल कुमारी आदि थे।

# छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन ऐतिहासिक होगा : निशीथ जायसवाल

### आगामी 30 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम स्थल का विधायक प्रतिनिधि व अन्य कार्यकर्ताओं ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अंतर्गत किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा जिला का वार्षिक अधिवेशन आयोजित होने वाली है। इसकी तैयारियों को लेकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डूंगडूंग, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कुड़ू प्रखंड उप प्रमुख सह कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी, कांग्रेसी नेता रौनक इकबाल, जोरी मुखिया राजू उरांव युवा नेता असलम अंसारी, एकरामुल अंसारी, रेयाज अंसारी, प्रकाश उरांव, जफर इमाम, नेजाम अंसारी,हदीस अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस बीच विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन ऐतिहासिक और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि हमारे मार्गदर्शक गरीबों और शोषित पीड़ित मजदूरों के मसीहा यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा वासियों के लिए आदर्श पुरुष हैं। निशीथ जायसवाल ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा जिला और जिलेवासियों के लिए हमेशा अपनी दरियादिली दिखाते आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े हस्तियां शामिल होंगे। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन लोगों के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर दिखाएंगी। निशीथ जायसवाल ने बताया कि प्रोग्राम की सफलता हेतु लोहरदगा जिला समेत पूरे झारखंड प्रदेश और देश स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मालूम हो कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा जिला द्वारा आयोजित अधिवेशन प्रोग्राम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेता शामिल होंगे। साथ ही अधिवेशन कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी कलाकारों के द्वारा झारखंड की संस्कृति और यूनियन की उन्नति से संबंधित एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देंगे। यहां पर कार्यक्रम में झारखंड के दिग्गज कलाकार नितेश कच्छप,पवन रॉय,चिंता देवी,सुमन गुप्ता और मांदर वादक हुलास महतो अपनी प्रस्तुति देंगे। इधर कार्यक्रम की सफलता को लेकर विशाल डूंगडूंग ने बताया कि छोटानागपुर बाक्साईट एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन का वार्षिक अधिवेशन जो किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली है एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में मजदूर, ट्रक आनर्स, सभी माइंस, तथा बाक्साईट साइडिंग के श्रमिकों सहित सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी ने बताया की कार्यक्रम को बेहतर और भव्य आयोजन कराए जाने हेतु पूरे क्षेत्र में प्रचार वाहन से व्यापक तरीके से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### कैथल के रोडवेज कर्मचारी करेंगें भूख हडताल : अमित कुंडू



**कैथल** : हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कैथल डिपो कार्यकारिणी की मीटिंग डिपू प्रधान अमित कूंडु की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन डिपू सचिव कृष्ण गुलियाना ने किया। मीटिंग में 21 व 22 अप्रैल को दो दिन की भूख हड़ताल की तैयारी की समीक्षा की गई।डिपू प्रधान अमित कुमार कूंडु ,सचिव कृष्ण गुलियाना सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान शिव चरण, जिला सचिव रामपाल शर्मा, पूर्व कैशियर जसबीर सिंह ने रोडवेज कर्मचारियों की मानी गई मांगों की अनदेखी पर चिंता व्यक्त करते करते हुए कहा कि 1993 में जब प्रदेश की जनसंख्या एक करोड़ थी उस समय हरियाणा रोडवेज विभाग में 23600 के लगभग कर्मचारी एवं लगभग 3884 सरकारी बसें होती थी। आज जब प्रदेश की जनसंख्या 3 करोड़ के लगभग है तो अब मात्र 2400 के लगभग सरकारी बसें शेष बची हैं और विभाग में कर्मचारियों की संख्या 14000 के लगभग रह गई है। कर्मशाला और एच आर ई सी में 1993 के बाद कोई भर्ती नही की गई है।पूरे हरियाणा प्रदेश के परिवहन विभाग में मात्र दो हजार नियमित कर्मशाला कर्मचारी बचे है। अगर सरकार विभाग में 10000 सरकारी बसें शामिल करती है तो एचआर ई सी के कर्मचारियों बॉडी बनाने का काम मिलता और 60000 बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

### उत्तराखण्ड में पलायन और बाघों की समस्या पर फिल्म बनाएंगे हेमंत पांण्डे

**हरिद्वार :** उत्तराखंड फिल्म विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन व जाने-माने फिल्म, टीवी कलाकार हेमंत पांडे उत्तराखंड में पलायन और बाघों की समस्या को लेकर एक फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। ए भोइ बाघ टाईटल की इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पिथौरागढ़ और पहाड़ों के पलायन से खाली हो रहे गांवों में होगी। हरिद्वार में फिल्म के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए हेमंत पांडे ने बताया कि सरकार के सहयोग से बनने वाली इस फिल्म की लागत करीब तीन करोड़ रुपए है, जिसे 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। फिल्म में स्थानीय कलाकारों को अभिनय का मौका दिया जाएगा।उत्तराखंड फिल्म विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हेमंत पांडे ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म विकास के लिए अभी बहुत काम करने की जरूरत है। हालांकि धामी सरकार ने इस ओर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग की अनेक लोकेशन हैं। उत्तराखंड के खाली पड़े गांवों को भी शूटिंग विलेज के रूप में विकसित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि टीवी पर आफिस आफिस और पांडे जी कहिन जैसे सीरियलों से चर्चित रहे हेमंत पांडे पहले भी स्थानीय विषयों को लेकर फिल्म बना चुके हैं।

### संत मरियम के सैकड़ों छात्रों ने मोहन सिनेमा में देखी फिल्म

# फिल्म देखने से छात्र अध्ययन को अनुभव के रूप में जोड़ पाएंगे : अविनाश देव

## संत मरियम विद्यालय पलामू का कोहिनूर : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के लगभग 400 बच्चों ने रविवार को मोहन सिनेमा हॉल में छावा फिल्म का आनंद लिया। यह सिनेमा हॉल कुछ समय पहले नवनिर्माण के लिए बंद था, किंतु हाल ही में इसका पुनः उद्घाटन हुआ है।

विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दीं। इसके अलावे, उन्होंने मोहन सिनेमा को पुनर्जीवित करने के लिए मोहन सिनेमा के प्रोपराइटर ज्ञान शंकर एवं आनंद शंकर को भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पुराने विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वे आभारी हैं।प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मोहन सिनेमा हॉल को अत्याधुनिक तरीके से नवनिर्मित किया गया है और बच्चों के उत्साह और उमंग को देखकर लगता है कि यह हॉल फिर से अपनी पुरानी पहचान बना



लेगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव बधाई के पात्र हैं, क्योंकि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और समय-समय पर बच्चों की पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों द्वारा बच्चों का मनोरंजन करवाते हैं। उसी कड़ी में आज उन्होंने अपने विद्यालय के बच्चों को ऐतिहासिक फिल्म दिखाकर उनके अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय को पलामू का कोहिनूर बताया। इस अवसर पर बच्चों ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और सिनेमा हॉल में उत्साह और उमंग का माहौल था। अविनाश देव और अरुणा शंकर ने बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया और उनके चेहरों पर खुशी देखी जा सकती थी। मोहन सिनेमा हॉल के पुनः उद्घाटन से मेदिनीनगर के लोगों को एक बार फिर से सिनेमा का आनंद लेने का अवसर मिला है। इस मौके पर हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एस. बी. साहा, रौशन सर, डब्लू सर, डॉ. स्वाधीन सर समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं व सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

## काशी काव्य संगम साहित्य सेवा से प्राप्त कर रहा नई ऊंचाइयां : डॉ. संजय सिंह

एजेंसी

**वाराणसी** : बनारस रेल इंजन कारखाना के स्थापना दिवस एवं काशी काव्य संगम के पंचम वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार को बरेका पुस्तकालय में किया गया। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बरेका स्थापना दिवस पर काशी काव्य संगम के सहयोग से जो साहित्यिक रसधारा प्रवाहित हुई है, वह न केवल बरेका के कर्मचारियों और उनके परिजनों, बल्कि आसपास के नागरिकों में भी साहित्यिक चेतना और रुचि को जागृत करेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बरेका नई-नई तकनीकों से लोकोमोटिव निर्माण में




निरंतर रिकॉर्ड बना रहा है, उसी प्रकार काशी काव्य संगम भी साहित्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

इस अवसर पर दो पुस्तकों ङ्क आलोक सिंह 'बेताब' की ÷दिल की किताब÷ तथा रामजतन पाल की ÷अंडे की मां÷ का लोकार्पण भी किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार हीरालाल मिश्र 'मधुकर' ने दोनों पुस्तकों की सराहना करते हुए लेखकों को बधाई दी। वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष कंचन सिंह परिहार ने पुस्तक की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में साहित्य, समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली कई विभूतियों का नागरिक अभिनंदन किया गया।

## आठ लाख सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए यूपीनेडा प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने मार्च 2027 तक प्रदेश में कुल आठ लाख सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है।




प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने रविवार को विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष में 2.65 लाख संयंत्रों का इंस्टॉलेशन किया जाना है, जिसमें हर माह 22 हजार और प्रत्येक जिले में औसतन 300 इंस्टॉलेशन किए जाएंगे। सरकार ने इसके लिए जनपदों, डिस्कॉमवार, नगर निगम और नगर पालिका स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किए हैं। योजना की निगरानी एवं समीक्षा की व्यवस्था मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जोड़कर की जा रही है, जिससे प्रगति की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सके।प्रवक्ता ने कहा कि हर माह 11 हजार सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित होंगे। इसके तहत, मार्च 2025 तक पोर्टल पर प्राप्त 10.73 लाख आवेदनों पर कॉलिंग कर वेंडर्स को सूचीबद्ध किया जा रहा है। स्थापना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक प्रदेश में एक लाख से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मौजूदा समय में हर माह करीब 11 हजार और प्रतिदिन पांच सौ से अधिक इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं। योजना के तहत अप्रैल 2025 तक ढाई हजार से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड किया जा चुका है, जबकि लगभग अट्ठारह सौ वेंडर्स को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

# हिमाचल में 700 होमगार्ड की भर्ती जल्द : मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह

एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को शिमला जिले के बलदेयां स्थित राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने अग्निशमन विभाग की क्षमता को बढ़ाने के लिए 13 नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई। साथ ही मुख्यमंत्री ने जल्द ही 700 नए होमगार्ड कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की।समारोह के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आपातकालीन स्थितियों में बचाव और अग्निशमन कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने विभाग के जवानों के साहस, समर्पण और सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्निशमन, होमगार्ड और पुलिस कर्मियों का कार्य जोखिम से भरा



होता है और ऐसे हालात में जान-माल की रक्षा करना न केवल कर्तव्य बल्कि एक पुनीत सेवा भी है।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वर्ष 2009 में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए दो अग्निशमन कर्मियों—शहीद जोगिंद्र पाल और शहीद घनश्याम के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है और वर्ष 2023 की आपदा के दौरान विभाग की भूमिका प्रशंसनीय रही है।सरकार की नीतियों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में अग्रसर है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था में सुधार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना पर विचार किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### निशिकांत दुबे के बयान पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने दी नसीहत, बोले

# संविधान सर्वोच्च, कानून से ऊपर कोई नहीं



एजेंसी

**नई दिल्ली :** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर देश में एक नई संवैधानिक बहस छिड़ गई है. सुप्रीम कोर्ट में इस कानून की वैधता को चुनौती दी गई है और इस पर सुनवाई के दौरान बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को लेकर विवादित बयान दे डाला. दुबे ने कहा कि देश में धार्मिक गृहयुद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है.इस पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अशोक कुमार गांगुली ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा,कोई भी कानून से ऊपर नहीं है. संविधान की मूल भावना की रक्षा करना सुप्रीम कोर्ट का दायित्व है.सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने कहा,हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है. संविधान की मूल भावना की रक्षा करना सुप्रीम कोर्ट का काम है, इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ एक्ट को लेकर सरकार के सामने कुछ सवाल रखे हैं. इसके बाद सरकार बैकफुट पर आ गई और उसने कहा कि वह एक्ट की कुछ धाराओं को लागू नहीं करेगी. संविधान के अनुच्छेद 53 के अनुसार राष्ट्रपति को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए, अगर ऐसा नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को निर्देश दे सकता है. इसमें कुछ भी गलत नहीं है. इससे लोकतंत्र मजबूत होता है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को यह समझने की जरूरत है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है.बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अगर अदालत ही कानून बनाएगी, तो संसद को बंद कर देना चाहिए.उन्होंने कहा,भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना इस देश में हो रहे सभी गृहयुद्धों के लिए जिम्मेदार हैं. उन्होंने आर्टिकल 141 और अनुच्छेद 368 का हवाला देते हुए तर्क दिया कि अनुच्छेद 368 संसद को कानून बनाने का अधिकार देता है.आर्टिकल 141 के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्णय सभी अदालतों पर बाध्यकारी होते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सुप्रीम कोर्ट कानून बना सकती है.वक्फ अधिनियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट और संसद के बीच चल रही कानूनी और नैतिक बहस ने भारत के लोकतंत्र और संस्थाओं की भूमिकाओं को एक बार फिर से बहस के केंद्र में ला दिया है. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने साफ कहा है कि संविधान सर्वोच्च है और कोई भी व्यक्ति, संस्था या पद, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं हो सकता.

### मुर्शिदाबाद हिंसा : भाजपा ने ममता बनर्जी के इस्तीफे की उठाई मांग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासी बवाल और तेज हो गया है। जहां अब भाजपा नेता अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी अपने प्रशासन की विफलताओं के लिए भाजपा और आरएसएस को दोष देकर जनता को गुमराह कर रही हैं।मालवीय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री बार-बार कह रही हैं कि हिंसा बाहरी लोगों ने करवाई, जबकि राज्य पुलिस की रिपोर्ट उनके दावे से मेल नहीं खाती। उन्होंने ममता पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाने और आरएसएस पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले भी खगरागढ़ विस्फोट मामले में मुख्यमंत्री ने बिना सबूत आरएसएस को दोषी ठहराया था।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जन शिकायतों का हो समाधान,
सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

TOLL FREE NO 1967 & 1800-212-5512

pgms.dfcajharkhand.in

SMS +91-896-958-3111

pgms@dfcajharkhand.in



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26